
सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
20.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 188



12 शर्लिन चोपड़ा मामले में गिरफ्तार हुईं राखी सावंत




## न्यूज डायरी

### टेरर फंडिंग : अग्रवाल की अपील पर सुनवाई अब एक को

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को टेरर फंडिंग मामले में आरोपित विनीत अग्रवाल की क्रिमिनल अपील की सुनवाई हुई। एनआइए की ओर से शपथ पत्र देने के लिए दो सप्ताह के समय की मांग की गयी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई एक फरवरी निर्धारित की है। चतरा के टंडवा में मगध आम्रपाली कोयला प्रोजेक्ट में लोडिंग एवं खनन के लिए कार्य कर रही कंपनियों पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचाने समेत कई आरोप लगे हैं।

### सिमडेगा में उग्रवादियों ने जेसीबी और पानी टैंकर फूंका

**सिमडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के ओड़गा रेलवे स्टेशन के पास बुधवार देर रात पीएलएफआइ उग्रवादियों ने निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन, पोकलेन और पानी टैंकर समेत अन्य मशीनों में आग लगा दी। पर्चा छोड़ कर घटना की जिम्मेदारी ली है। कहा कि संगठन को सूचित किये बिना निर्माण कार्य किया जा रहा है, इसलिए घटना को अंजाम दिया गया।

### नहीं मान रहे पहलवान 22 को होगी अहम बैठक

**नयी दिल्ली।** अध्यक्ष के खिलाफ धरना पर बैठे पहलवान अपनी मांगों पर अडिग हैं। वे अध्यक्ष को हटाने की मांग कर रहे हैं। इस मामले में अब भारतीय कुश्ती महासंघ की कार्यकारी समिति और वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 22 अयोध्या में होगी। गुरुवार को खेल मंत्रालय के अधिकारियों के साथ पहलवानों की बैठक भी हुई। पहलवानों की मांग है कि कुश्ती संघ को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाये और नये संघ का गठन किया जाये।

### झारखंड में 21 तक छाया रहेगा कोहरा

**रांची।** झारखंड में कई दिनों से ठंड का कहर जारी है। कोहरा और हल्के बादल 21 जनवरी तक छाए रहेंगे। इसका असर राज्य के दक्षिणी भाग में अधिक होगा। रांची में तापमान में गिरावट आयी है। रांची में 1.3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गयी। रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। अगले 24 घंटे तक राजधानी समेत राज्य भर में मौसम सर्द रहेगा।

### नक्सली गंझू से एनआइए की पूछताछ जारी

**रांची।** एनआईए एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा दस्ते के नक्सली कुलदीप गंझू से पूछताछ कर रही है। कुलदीप को तीन दिनों की रिमांड पर लिया है। कुलदीप गंझू ने पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारियों के सामने पिछले दिनों आत्मसमर्पण किया है।


### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### गोली और बम के धमाकों से थर्राया झरिया

# दो घरानों में खूनी झड़प एक की मौत, तीन गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झरिया/ तिसरा।** धनबाद के दो चर्तित घरानों सिंह मेंशन और रघुकुल समर्थकों में खूनी झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। झड़प में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गये। घायलों में तीन की हालत गंभीर है। यह खूनी भिड़ंत झरिया थाना क्षेत्र के सिंह नगर के समीप धनंजय यादव व रामबाबू धिक्कार समर्थकों के बीच हुई। दोनों ओर से चल बम, गोली और परंपरागत हथियारों का जम कर प्रयोग हुआ। खूनी टकराव में घायल निरंजन कुमार तांती की इलाज के क्रम में मौत हो गयी। पुलिस ने घटनास्थल से पांच जिंदा बम व कारतूस बरामद किया। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। धनंजय यादव सिंह मेंशन समर्थक व रामबाबू धिक्कार रघुकुल समर्थक बताये जा रहे हैं। पूरा इलाका घंटों बम और गोली की आवाज से गूंज उठा। दोनों घरानों के समर्थक एक दूसरे पर टूट पड़े। दोनों पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गये। चार घायलों को यहा अस्पतालों में दाखिल किया गया। मिशन अस्पताल जाने के दौरान निरंजन की मौत हो गयी। कोयले पर वर्चस्व को लेकर दोनों गुटों में टकराव होता रहता है। (शेष पेज 11 पर)

# 20 साल से कार्यरत दैनिक वेतनभोगियों को नियमित करें

## हाइकोर्ट ने कहा, आठ सप्ताह में प्रकिया पूरी कर सूचित करें

### कोर्ट ने मुख्य सचिव को भेजी आदेश की कॉपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 20 साल से दैनिक वेतन पर काम कर रहे कर्मचारियों की सेवा नियमित करने का निर्देश दिया है। गुरुवार को दैनिक वेतन पर काम कर रहे कर्मियों के मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव को यह निर्देश दिया। अदालत ने मुख्य सचिव को सभी कर्मचारियों की सेवा आठ सप्ताह में नियमित कर इसकी जानकारी अदालत को देने का भी निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने मुख्य सचिव को आदेश की कॉपी भेजने का भी निर्देश दिया है।

### नियमित नहीं करना अनुचित

हाईकोर्ट ने कहा कि 20 साल से कर्मचारी काम कर रहे हैं, अभी भी सेवा में हैं, तो इन्हें नियमित नहीं करना और नियमित वेतनमान नहीं देना उचित नहीं है। नियमितीकरण की मांग को ले कर अजीमुल हक अंसारी समेत छह लोगों ने याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि सभी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की सेवा झारखंड को स्थानांतरित की गयी थी। उस समय कहा गया था कि यदि कर्मचारी सभी मापदंडों को पूरा करेंगे, तो इनकी सेवा नियमित की जायेगी। प्रार्थियों का कहना है कि झारखंड में दैनिक वेतन भोगी के रूप में इनकी सेवा ली जा रही है। करीब 20 साल तक काम करने के बाद इन्होंने सेवा नियमित करने के लिए आवेदन दिया था। पर यह कहते हुए इनकी सेवा नियमित नहीं की गयी कि उन्होंने रिक्त और स्वीकृत पद के खिलाफ दस साल तक सेवा पूरी नहीं की है। इसके बाद प्रार्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। सुनवाई के बाद अदालत ने आठ सप्ताह में सेवा नियमित करने का निर्देश दिया है।

### हर घर जल-नल योजना पर केंद्रीय टीम संग बैठक

# 2024 तक योजना हर हाल में पूरी करेंगे : सीएम

- हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता: हेमंत
- योजना में झारखंड को धन संकट नहीं होने देगा केंद्र : शेखावत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट जल-नल योजना की धीमी रफ्तार से चिंतित केंद्र सरकार की उच्च स्तरीय टीम ने गुरुवार को राज्य सरकार के साथ एक अहम बैठक की। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के अलावे केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सचिव विनी महाजन, स्वच्छ भारत मिशन के ज्वाइंट डायरेक्टर, जल जीवन मिशन के निदेशक समेत कई अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री को आश्वस्त किया कि वर्ष 2024 तक हर हाल में जल जीवन मिशन के तहत (हर घर नल जल योजना) के कार्य को पूरा कर लिया जायेगा। राज्य के सभी लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना उनकी सरकार की जिम्मेदारी है।

सीएम ने राज्य में संचालित जल जीवन मिशन (हर घर नल-जल योजना) एवं स्वच्छ भारत मिशन के कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर परिवार तक शुद्ध पेयजल उपलब्धता तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत (ओडीएफ) की परिकल्पना को हर हाल में पूरा करना है। इन सभी कार्यों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी है तथा निर्धारित समय से कार्यों को पूरा करना है। श्री सोरेन ने सभी पदाधिकारी कार्यशैली में बदलाव लाते हुए जल जीवन मिशन के तहत (हर घर नल जल) योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत (ओडीएफ) के तेज कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर मिशन मोड में कार्यों को पूरा करें। (शेष पेज 11 पर)




### मोदी के नगाड़े पर झूमे लोग, कहा- आदिवासी कल्याण प्राथमिकता

**मलखेड (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मलखेड में गुरुवार को पीएम मोदी अलग ही रंग में नजर आये। उन्होंने सभा के दौरान पारंपरिक नगारा बजाया। इसे आदिवासियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यों के दौरान बजाया जाता है। पीएम एक सधे कलाकार की तरह नगाड़ा बजा रहे थे। नगाड़े पर उनके ताल से लोग उत्साहित हो कर झूमने लगे। पीएम ने कहा कि आदिवासी कल्याण के लिए उनकी सरकार संवेदनशील है। आदिवासियों के योगदान और उनके गौरव को राष्ट्रीय पहचान दे रही है। हमारी सरकार ने बंजारा समुदाय और घूमंतु-अर्ध घूमंतु समुदाय के लिए विशेष विकास और कल्याण बोर्ड का गठन किया है।

# पलामू : टीएसपीसी से भिड़ंत हथियार छोड़ भागे नक्सली

### राइफल और भारी मात्रा में नक्सल सामग्री जब्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के विश्राव एवं मिटार के जंगली क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) और पुलिस के बीच गुरुवार को तड़के मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ के बाद मौके पर से पुलिस और सीआरपीएफ 134 बटालियन ने टीएसपीसी का हथियार समेत भारी मात्रा में सामग्री बरामद की है। साथ ही जवानों ने टीएसपीसी के कैंप को ध्वस्त कर दिया। इस घटना में सुरक्षाबलों की कोई क्षति नहीं पहुंची है। पुलिस द्वारा 70 राउंड फायरिंग की गयी। पुलिस का अनुमान है कि कई नक्सलियों को गोली लगी है। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल एवं पहाड़ी व घने कोहरा का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि इलाके में सर्च अभियान जारी है। यह मुठभेड़ 10 लाख के इनामी नक्सली कमांडर शशिकांत के दस्ते के साथ हुई।

**बड़ी योजना की साजिश थी :** यह इलाका चतरा जिला के कुंदा गांव के जंगल से सटा हुआ है। यह इलाका टीएसपीसी के लिए काफी सुरक्षित क्षेत्र माना जाता था। टीएसपीसी के 10 लाख इनामी जोनल कमांडर शशिकांत के द्वारा पहाड़ पर कैंप लगाया गया था। नक्सलियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनायी जा रही थी। (शेष पेज 11 पर)

### गोड्डा के तालझारी में उग्र ग्रामीणों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

# पुलिस-ग्रामीण झड़प, एसडीपीओ घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले के महागामा अनुमंडल के ललमटिया क्षेत्र के तालझारी गांव में गुरुवार को पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हो गयी। पुलिस को ग्रामीणों को तितर-वितर करने के लिए लाठीचार्ज और हवाई फायरिंग करनी पड़ी। तीर-धनुष और परंपरागत हथियारों से पुलिस पर ग्रामीणों के हमले में एसडीपीओ समेत कई पुलिस जवान जख्मी हो गये हैं। ग्रामीण तालझारी मौजा में कोयला खनन का विरोध कर रहे थे। उत्तेजित ग्रामीणों को काबू में करने के लिए घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। बुधवार को पुलिस प्रशासन ने संयम से काम लिया लेकिन गुरुवार को प्रशासन ने कड़े तेवर दिखाये। डीसी जिशान कमर और एसपी नाथू सिंह मीना भी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। ग्रामीणों की ओर से तीर-धनुष से पुलिस टीम पर हमला किया गया है। एसडीपीओ शिव शंकर तिवारी के घायल होने की सूचना मिली है। तालझारी गांव में ईसीएल की ओर से करीब 100 एकड़ अधिग्रहित की गयी है लेकिन वहां के ग्रामीण ईसीएल को जमीन पर कोयला खनन करने नहीं दे रहे हैं। करीब पांच साल से मान-मनोव्वल का दौर चल रहा था। इस बार प्रशासन ने हस्तक्षेप किया और ग्रामीणों की हठधर्मिता पर कार्रवाई शुरू की। पूरे क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। घटनास्थल पर एसडीओ सौरभ कुमार भुवानिया सहित जिले भर के पदाधिकारियों को लगाया गया है। जिसके बाद कोयला खनन का काम शुरू किया गया। महागामा, ललमटिया, मेहरमा, बोआरीजोर, पथरगामा और हनवारा थाना की पुलिस को तालझारी गांव में तैनात किया गया है।

# गंगा की तर्ज पर स्वणरिखा-खरकई का होगा जीर्णोद्धार

## केंद्र ने दोनों को रिवर सिटी अलायेंस में शामिल कर लिया : बन्ना

**विशेष संवाददाता**



**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वर्णरेखा आरती मंडप के निर्माण के दिशा में बड़ी कामयाबी हासिल की है। अब गंगा की तर्ज पर झारखंड में स्वर्णरेखा और खरकई नदी का भी जीर्णोद्धार किया जायेगा। केंद्र ने नमामि गंगा परियोजना के रिवर सिटी अलायंस योजना के अंतर्गत स्वर्णरेखा और खरकई को भी शामिल कर लिया है। इसकी जानकारी मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता ने गुरुवार को यहां दी। स्वास्थ्य व आपदा प्रबंधन मंत्री ने बताया कि उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया था कि नमामि गंगा परियोजना के रिवर सिटी अलायंस योजना के अंतर्गत स्वर्णरेखा और खरकई नदी को भी शामिल किया जाये। उनके आग्रह को केंद्र सरकार ने स्वीकार करते हुए जमशेदपुर शहर को भी इस योजना में शामिल कर लिया है। इससे अब गंगा नदी की तर्ज पर पर स्वर्णरेखा और खरकई नदी का जीर्णोद्धार कार्य होगा। नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत मानगो नगर निगम का भी चयन किया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग रांची में इस संदर्भ में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जमशेदपुर, चास ,धनबाद, मेदनीनगर, जुगसलाई मानगो सहित कई नगर निकाय के पदाधिकारी उपस्थित रहे। झारखंड के कुल 10 शहरों का चयन किया गया है जहां नदियां प्रवाहित होते हैं। मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयासों से ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत स्वर्णरेखा का जीर्णोद्धार होगा।

**Office of District Magistrate-cum-Deputy Commissioner Lohardaga**
**(Nazarat Section)**
**Address: District Nazarat Office, First Floor, District Collectorate, Lohardaga. PIN: 835302**
Contact No.: 7717708976 Email: ndclohardaga2020@gmail.com

Reference No:- Date:-

**Tender: Very Short Request for Proposal**

| S.No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | TENDER FOR EMPANELMENT OF EVENT MANAGEMENT AGENCIES FOR ORGANIZING EVENTS AT NATIONAL AND INTERNATIONAL LEVEL |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | Date - 16.01.2023 |
| 4 | Tender Cost | No cost is applicable. |
| 5 | Earnest Money Deposit | Bank draft of INR 2,00,000 (Rupees Two Lakh Only) in the name of 'DEPUTY COMMISSIONER, LOHARDAGA' payable at any nationalised bank branch in Lohardaga district to be submitted along with the proposal. List of nationalised banks: https://www.rbi.org.in/scripts/HistoryDisplay.aspx?pg=Nationalised.html |
| 6 | Last date and time of receipt of Tender | 28.01.2023 until 11:00 AM. |
| 7 | Bid submission Place | District Nazarat Office, First Floor, District Collectorate, Lohardaga. PIN: 835302 |
| 8 | Date and Time of Bid Opening | Date-28.01.2023, 03:00 PM |
| 9 | Opening Validity of Bid | Validity of Bid: 90 days |
| 10 | Bid Opening Place | Conference Hall, First Floor, District Collectorate, Lohardaga. PIN: 835302 |
| 11 | Name & address of office inviting tender | District Nazarat Office, First Floor, District Collectorate, Lohardaga. PIN: 835302 |
| 12 | Helpline Number | 7717708976: Nazarat Deputy Collector, Lohardaga |

**NOTE:- For further information please visit website:** www.lohardaga.nic.in

**Nazarat Deputy Collector, Lohardaga.** **Additional Collector, Lohardaga.** **Deputy Commissioner, Lohardaga.**

PR 287903 Lohardaga (22-23)_D


# आम लोगों के प्रति अधिक संवेदनशील बनें राज्य के पुलिसकर्मी : हेमंत सोरेन

## सीएम ने विभिन्न जिलों के डीसी, एसएसपी-एसपी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की योजनाओं की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ आम आदमी तक हर हाल में पहुंचे। जिन योजनाओं का शिलान्यास हुआ है। उन योजनाओं के कार्यों में तेजी लाएं। ऐसी योजनाओं का ससमय उद्घाटन हो इसी लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न जिलों में पहुंचकर योजनाओं की समीक्षा कर रही है। आगे भी समीक्षाएं होती रहेंगी। बैठक में विभागीय सचिवों को निर्देश दिया कि वे भी अब शेड्यूल बनाकर जिलों में जाएं तथा संचालित योजनाओं की समीक्षा करें। जरूरत पड़ने पर विभागीय सचिव जिलों में जाकर औचक निरीक्षण भी करें। जन उपयोगी योजनाओं की समीक्षा मुख्य सचिव भी अपने स्तर पर निरंतर करते रहें। हम सभी को ग्राउंड रियलिटी पर कार्य करने की जरूरत है। रेवेन्यू जनरेट करने की जिम्मेदारी सरकार की है। रेवेन्यू जनरेट से संबंधित सभी कार्यों में तेजी लाएं। यह बातें उन्होंने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य के विभिन्न जिलों के डीसी, एसएसपी और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित विधि-व्यवस्था, जोहार पोर्टल, मुख्यमंत्री सूखा राहत फंड वितरण, आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के आवेदनों का निस्तारण, रेवेन्यू कलेक्शन, सुओ मोटो म्यूटेशन प्रणाली इत्यादि की समीक्षा बैठक में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन की जिम्मेदारी उपायुक्तों की है। मनरेगा, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, छात्रवृत्ति वितरण इत्यादि कार्यों में तेजी लाने की जरूरत है।

**मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के वंचित पात्र लाभुकों को 15 फरवरी तक करें भुगतानः** हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 15 फरवरी 2023 तक मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना अंतर्गत वंचित पात्र लाभुकों को राशि का भुगतान हर हाल में करें। मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के अंतर्गत अतिरिक्त राशि 250 करोड़ रुपए झारखंड आकस्मिकता निधि (जेसीएफ) से शीघ्र उपलब्ध करायी जाए। वंचित किसान परिवारों को भी जल्द से जल्द सूखा राहत राशि का भुगतान कर दी जाए यह सुनिश्चित करें।

**आम जनों के प्रति अधिक संवेदनशील बनें पुलिसकर्मी**

मुख्यमंत्री ने पुलिस पदाधिकारियों तथा पुलिसकर्मियों को आम जनों के प्रति अधिक संवेदनशील रहकर कार्य करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने एसटी/एससी अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत लंबित मामलों तथा साइबर फ्रॉड से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश भी दिया। कहा कि पुलिसकर्मी आम जनता के साथ समन्वय स्थापित कर उनके समस्याओं का निष्पादन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समस्या और शिकायत लेकर थानों में पहुंचे लोगों के साथ आत्मीयता से पेश आएं। बैठक में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कई और महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, राजस्व तथा भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव केके सोन, वाणिज्य कर विभाग की प्रधान सचिव आराधना पटनायक, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, योजना सचिव अमिताभ कौशल, कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी, आईटी सचिव विप्रा भाल, राजस्व तथा भूमि सुधार निदेशक उमाशंकर सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**समाज कल्याण शाखा, खूँटी**
**(जिला बाल संरक्षण इकाई)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा समेकित बाल संरक्षण योजना के अन्तर्गत खूँटी जिले में प्रायोजन (Sponsorship) एवं पालन पोषण देखरेख (Foster Care) योजना आरंभ किया गया है जिसमें देखरेख एवं संरक्षण वाले बच्चों को इस योजना से लाभान्वित करना है। इस योजना के तहत बच्चों को शिक्षा, पोषण, चिकित्सा एवं विकास हेतु आर्थिक साहायता एवं परिवार विहीन बच्चों को अल्पकाल हेतु परिवार उपलब्ध कराना है। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु परिवार अत्यन्त आवश्यक है। परिवार विहीन बच्चों के सम्पूर्ण विकास हेतु झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न बालगृहों में रहने वाले 18 वर्ष तक के बच्चों को अल्पकाल हेतु परिवार से जोड़ने के लिए पालन पोषण देखरेख (Foster Care) योजना से लाभान्वित करना है।

अतः खूँटी जिले के वैसे इच्छुक दम्पति/परिवार बच्चों को अल्प अवधि सहायता करने एवं जिले के बाल गृहों में रहने वाले 18 वर्ष तक के परिवार विहीन बच्चों को अल्प अवधि के लिए अपने परिवार में रखकर उनका पालन पोषण एवं देखरेख करना चाहते है वे इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं बाल कल्याण समिति, खूँटी के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

पता :–
कार्यालय जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं बाल कल्याण समिति, खूँटी
समाहरणालय भवन (विकास भवन), द्वितीय तल, कमरा संख्या 03 (क,ख)
खूँटी–चाईबासा रोड, खूँटी –835210
सम्पर्क नम्बर–8709365069, 8210470306, 8789833434, 8809199114

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, खूँटी

PR 287977 District(22-23)#D


# रामगढ़ उपचुनाव को लेकर एक्शन मोड में आयी कांग्रेस, बैठकों का दौर जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रामगढ़ उपचुनाव की तिथि की घोषणा होते ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस एक्शन मोड में आ गयी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रामगढ़ उपचुनाव के लिए बिना कोई देरी किये ऑनलाइन ही पार्टी पदाधिकारियों के साथ विचार विर्मश करने में जुट गये है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रामगढ़ उपचुनाव में जीत दर्ज करने के लिए कोई कसर छोड़ना नहीं चाह रहे है। वे अच्छी तरह से जान रहे है कि उनके अध्यक्ष काल का यह दूसरा उपचुनाव है। इसमें पार्टी को अगर शिकस्त मिलती है तो उनकी बहुत बड़ी बदनामी होगी। इस स्थिति में वे पार्टी के प्रदेश प्रभारी और वरिष्ठ नेताओं के सलाह पर रणनीति बनाकर काम करना शुरू कर दिये है। इसके तहत प्रखंड, मंडल एवं बूथ स्तर तक चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुके है, जिससे पार्टी की जीत सुनिश्चित हो जाय। इसके लिए उन्होंने नेताओं एवं कार्यकर्त्ताओं के बीच प्रखंड, मंडल एवं बूथ स्तर तक की जिम्मेवारी सौंपने में कोताही नहीं बरती है। प्रदेश अध्यक्ष तैयारी का जायजा लेने के लिए गुरुवार को प्रदेश पदाधिकारियों एवं वरीय नेताओं के साथ रामगढ़ पहुंचकर रामगढ के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, रामगढ़ जिला के प्रदेश पदाधिकारी सहित स्थानीय नेताओं से रूबरू होकर रामगढ़ उपचुनाव में जीत दर्ज करने के लिए मंथन करेंगे।

इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि रामगढ़ में हुए पूर्व विधानसभा के चुनाव में बूथवार आंकलन किया जा रहा है। इसके तहत यह तय किया जा रहा है कि पूर्व के चुनाव में जो वोट कांग्रेस प्रत्याशी को मिला था, जिससे जीत सुनिश्चित हुई थी। उससे भी ज्यादा मत उपचुनाव में पार्टी को मिले इसका प्रयास अभी से ही तेज कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि पार्टी का मानना है कि रामगढ़ उपचुनाव में पूर्व में हुए चुनाव के अपेक्षा ज्यादा मत मिले जिससे पार्टी की में किंतू-परंतु सवाल नहीं बचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस का मानना है कि पुर्व में हुए चुनाव के विपरीत इस बार के उपचुनाव में भाजपा और आजसू गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इस स्थिति में दोनों ही पर्टियों का वोट एक जगह शिफ्ट नहीं हो पाये इस पर प्रदेश कांग्रेस की पैनी नजर है। प्रदेश कांग्रेस का प्रयास है कि इस उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को पूर्व से अधिक मत प्राप्त हो। इस रणनीति पर भी कांग्रेस काफी गंभीरता से काम कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने तमाम पार्टी के मंत्रियों, विधायकों और पदाधिकारियों से यह आग्रह किया है कि अविलंब अपने-अपने स्तर से रामगढ पहुंचकर बूथ स्तर के कार्यकताओं को गति प्रदान करें।

## भाजपा नेता को दिल्ली में सम्मान



**रांची।** दिल्ली के रेडिसन ब्लू में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित नामाने की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंसल उपस्थित थे। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा रांची के अशोक कुमार साहू को सम्मानित किया गया। श्री साहू को उनके सामाजिक कार्यों को लेकर सम्मानित किया गया। देश के अलग-अलग राज्यों से उन्हें बधाई मिल रही है। झारखंड के कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी है सांसद संजय सेठ आदित्य साहू, विधायक समरी लाल,सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, अनिल टाइगर, किसलय तिवारी, शिवलाल महतो, पूजा सिंह, कमलेश राम ने उन्हें बधाई दी है।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, हजारीबाग**

भर्ती कैम्प, दिनांक – 21.01.2023

**सूचना**

अवर प्रादेशिक नियोजनालय –सह– मॉडल कैरियर सेन्टर हजारीबाग द्वारा दिनांक – 21.01.2023 को कार्यालय परिसर में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे अपराहन तक JOBS FOR YOU के अधिन रिक्ति पदों पर नियुक्ति हेतु एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न है :–

| S. No | Name of the Establishment | Name of Vacancies | Vacancies | Qualification | Experience | Age | Pay/Salary | Location | Duty Hr | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | JOBS FOR YOU | 108 Call Centre | 12 | 12th / Graduation | No | 18 to 35 | 12500 CTC | Ranchi | 8hr | Good Communication |
| | | 108 Driver | 09 | 9 & 8th Pass | Yes / Male | 18 to 35 | 14000 CTC + Lodging | All Jharkhand | 12hr | Must have Driving license |
| | | Security Guard | 35 | 10th Pass | No | 18 to 35 | 9000 CTC to 18000 CTC + Lodging | All Jharkhand | 8hr | Height min 5.5"/weight |
| | | Helper | 15 | Min 8th Pass | No | 18 to 35 | 11500 CTC + Lodging | Kharagpur | 8hr | - |
| | | Mobelizor | 05 | 10th Pass | Yes | 18 to 35 | 18000 CTC | Hazaribag | 8hr | Must have field Knowledge |
| | | Housekeeping | 05 | 10th Pass | No / M / F | 18 to 35 | 10000 CTC | All Jharkhand | 8hr | |
| | | Security Supervisor | 03 | Graduation | Yes | 25 to 35 | 18000 CTC + Lodging | Gharwa | 8hr | Must have Security guard |
| | | Engineering/ Parma | 500 | Min 10th Pass | Free Courses all Over | 15 to 30 | No Salary | All Over India | - | Only for Students |
| | | ITI Course With Job | 120 | Min 10th Pass | No | 18 to 35 | 14500/- Stipend | Faridabad | 12hr | ITI Certificate free |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक (उम्मीदवार) जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.Jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त उल्लेखित भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियों तथा बायोडाटा दो प्रतियों में, दो पासपोर्ट साईज का फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उन्हे पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अत एवं चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तेक्षप नहीं रहेगा। कोविड – 19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशो /SOP का दृढ़ता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। अतः समाजिक दूरी का पालन, फेसमास्क सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नही होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय,हजारीबाग

PR 287932 Labour Employment and Traning(22-23).D


# राज्य के 1696 परीक्षा केंद्रों पर होगी मैट्रिक-इंटर की परीक्षा

## पहली बार जैक लेगी ओएमआर शीट और कॉपी पर लिखित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से 14 मार्च से मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होनेवाली है। मैट्रिक की परीक्षा पहली पाली और इंटर की परीक्षा दूसरी पाली में होगी। इसमें प्रत्येक विषय की परीक्षा दो भागों में होगी। पहले भाग में ओएमआर शीट पर परीक्षा ली जाएगी, जिसके लिए डेढ़ घंटे का समय दिया जाएगा। शेष डेढ़ घंटे की परीक्षा लिखित होगी। कुल मिलाकर 3 घंटे की परीक्षा होगी। परीक्षा को लेकर राज्य भर में 1696 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मैट्रिक में लगभग 4.50 लाख और इंटर में लगभग 3.50 लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जैक की तरफ से इसकी तैयारी चल रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारियों को भी निर्देश जारी कर दिया गया है। इससे पहले कोविड-19 में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई थी। कई तरह की सावधानियां भी बरती गई थीं। इस बार भी परीक्षा में सावधानियां बरती जाएंगी।

**अनुभव के लिए ओएमआर शीट में परीक्षा**

झारखंड एकेडमिक काउंसिल के सचिव ने बताया कि ओएमआर शीट में परीक्षा लेने का कारण यह है कि इसके बाद विद्यार्थी कंपटीशन की परीक्षाओं में बैठते हैं। इसके लिए हम अभी से उन्हें तैयार कर रहे हैं। ओएमआर शीट में परीक्षा देने का अनुभव अभी से हो जाएगा, तो आगे चलकर विद्यार्थियों को कठिनाइयां नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# 6 बीमारियों से निपटने की योजना

## लक्ष्य पूरा नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड अंतर्गत वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए एंटोंमोलॉजी और वेक्टर कंट्रोल से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण डॉ अनिल कुमार राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी भीबीडी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रतिभागी के रूप में सभी जिला भीबीडी सलाहकार, जिला मलेरिया निरीक्षक तथा किट कलेक्टर ने भाग लिया। डॉ अनिल कुमार ने कहा कि मलेरिया, कालाजार, फाइलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस, डेंगू तथा चिकुनगुनिया आती है। इन 6 बीमारियों की कार्य योजना बनाकर ससमय कार्य करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करना है। लक्ष्य प्राप्त नहीं करने वाले जिलों पर प्रशासनिक व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**15 वर्ष से कम के बच्चों का टीकाकरण जरूरी**

उन्होंने कहा कि कार्यों की ऐसी गति बनानी है जिससे मलेरिया सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या न रहे। उन्होंने कालाजार मामलों के शीघ्र पहचान, उपचार करने तथा लोगों को इस संबंध में जागरूकता लाने का निर्देश दिया। जापानी इंसेफेलाइटिस के लिए मेडिकल नर्सिंग स्टाफ के प्रशिक्षण के माध्यम से त्वरित निदान तथा शीघ्र मामलों के प्रबंधन को मजबूत करने पर जोर दिया। वेक्टर नियंत्रण के लिए फागिंग, पशुओं के शेड में छिड़काव, एंटी लारवा ऑपरेशन करना सुनि>ित करेंगे। उच्च जोखिम वाले लोगों विशेषकर 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए टीकाकरण कराया जाना है।

**15 दिन खिलाएंगे फाइलेरिया की दवा**

डॉ अनिल ने कहा कि एमडीए के दौरान 10 फरवरी से 25 फरवरी 2023 तक फाइलेरिया रोधी दवा की एकल खुराक अपने जिलों में लक्षित जन समुदाय को अवश्य खिलाए. एंटोमोलॉजिकल पैरामीटर, जूनोटिक डिजीज, ऑपरेशनल गाइडलाइंस, मोस्क्यूटो मोरफोलॉजी, लारवा डेमोंसट्रेशन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।


**झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **232/2022-23/RWD/HAZARIBAGH** दिनांक :- **19.01.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ HAZARIBAGH/ 20/2022-23 | चटकरी से मझमो भाया पीपरा टोला मोड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.300 कि0मी0) | 2,77,25,700.00 | दो करोड़ सतहत्तर लाख पच्चीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 15 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 31.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 13.02.2023 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 14.02.2023 पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 15.02.2023 पूर्वाहन 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के पक्ष में एवं हजारीबाग में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 287931 Rural Work Department (22-23)_D


# रूपेश पांडे हत्याकांड के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग के बरही के रूपेश पांडे हत्याकांड के दो आरोपियों मोहम्मद इरफान और मोहम्मद असलम की जमानत याचिका गुरुवार को झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दी। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में इन दोनों की जमानत याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

सीबीआई की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। बता दें कि इस मामले की जांच झारखंड हाईकोर्ट ने 2 सितंबर 2022 को सीबीआई को सौंपी है। सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। मामले की जांच स्वतंत्र जांच एजेंसी से कराने को लेकर 18 वर्षीय रूपेश की मां ने झारखंड हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की थी।

**फरवरी 2022 में हुई थी घटना**

आपको बता दें कि 6 फरवरी 2022 को शाम 5:00 बजे रूपेश पांडे अपने चाचा के साथ बरही में सरस्वती पूजा देखने गया था उस दौरान असलम अंसारी उर्फ पप्पू मियां के नेतृत्व में 25 लोगों की भीड़ ने रुपेश की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस मामले को लेकर बरही थाना में 27 आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 59 /2022 दर्ज कराया गया था। 7 फरवरी को पुलिस ने मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## भाजपा नेता ब्रह्मानंद नेताम को मिली अंतरिम राहत 22 फरवरी तक बरकरार

**रांची।** छत्तीसगढ़ में कांकेर के भानुप्रतापपुर उप चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रहे ब्रह्मानंद नेताम को झारखंड हाई कोर्ट से मिली अंतरिम राहत 22 फरवरी तक जारी रहेगी। हाईकोर्ट ने पूर्व में उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले की सुनवाई 22 फरवरी 2023 निर्धारित की है। गुरुवार को मामले की आंशिक सुनवाई हाई कोर्ट में हुई। बता दें कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भाजपा उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम पर नाबालिग से गैंगरेप और देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाया है।

कांकेर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोहन मरकामन ने कहा था कि, भाजपा की ओर से उपचुनाव में प्रत्याशी बनाए गए ब्रशानंद नेताम पर झारखंड के जमशेदपुर में टेल्को थाने में केस दर्ज है। पास्को के तहत केस दर्ज कराई गई है। उस समय राज्य में भाजपा के रघुवर दास की सरकार थी। मरकाम ने कहा, पुलिस ने पहले पांच को नामजद किया था। जांच के बाद फिर 10 से 12 आरोपी सामने आए, इनमें भाजपा प्रत्याशी भी शामिल हैं। ब्रह्मानंद नेताम को 15 साल की बच्ची के साथ बलात्कार और देह व्यापार में धकेलने जाने के मामले में आरोपी बताया गया है। ब्रह्मानंद को गिरफ्तार करने पिछले दिनों झारखंड पुलिस छत्तीसगढ़ पहुंची थी।

# गरीबी और पलायन की समस्या से जूझ रहा झारखंड : रमेश बैस

## राजभवन में आइआइएम रांची के छात्रों को दिये टिप्स, कहा, गांवों में जाकर करें काम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कुलाधिपति व राज्यपाल रमेश बैस ने गुरुवार को कहा कि झारखंड गरीबी और पलायन की समस्या से जूझ रहा है। लोगों का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार से जोड़ते हुए गरीबी दूर की जा सकती है। कौशल विकास राष्ट्र निर्माण की धुरी है। अक्सर देखा जाता है कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रशिक्षित व्यक्ति रोजगार से नहीं जुड़ पाता है और उदासीन हो जाता है। आवश्यकता इस बात की है कि उन्हें रोजगार से जोड़ा जाए। उन्हें बैंक लोन के माध्यम से निजी व्यवसाय स्थापित करने में मदद की जाए। वे राजभवन आये आईआईएम रांची के छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रोजगार, मार्केटिंग, आत्मनिर्भर भारत जैसे कई मुद्दों पर आईआईएम में फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कहा कि ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दें तथा आत्मनिर्भर भारत व सशक्त भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें।

**ग्रामीण स्तर पर उत्पादित सामग्रियों की मार्केटिंग की बड़ी समस्या**

राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर उत्पादित सामग्रियों की मार्केटिंग की बड़ी समस्या है। उनके उत्पाद को मार्केटिंग करने वाली संस्था या ऑनलाइन एप से जोड़ने में सहयोग किया जाए, ताकि उनके उत्पाद की बिक्री हो सके और वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकें।

**शिक्षित युवा उद्यम स्थापित कर 4-5 लोगों को रोजगार दे सकता है**

उन्होंने कहा कि एक शिक्षित युवा द्वारा उद्यम स्थापित करने पर कम से कम 4-5 लोगों को रोजगार मिल सकता है। उन्होंने फेलोशिप कर रहे विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि गांवों में जाकर ग्रामीणों से संपर्क करें। उनकी परिस्थितियों से अवगत होते हुए उपयोगी सेक्टर का चयन कर उस पर कार्य करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी एवं आईआईएम रांची के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थें।

# झारखंड के सरकारी शिक्षकों को मिलेगी ऑनलाइन छुट्टी, ट्रायल शुरू

### ट्रायल के लिए पायलट डिस्ट्रिक्ट खूंटी को चुना गया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें छुट्टी लेने के लिए अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द शिक्षकों को ऑनलाइन अवकाश मिलेगा। इसका ट्रायल विभाग ने शुरू कर दिया है। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी होने पर सुधार किया जाएगा। सब कुछ ठीक रहने पर लागू कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि विभाग ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए ऑनलाइन लीव मैनेजमेंट यानी छुट्टी लेने संबंधित प्रणाली प्रयोग के तौर पर शुरू किया है।

इस प्रणाली के ट्रायल के लिए अग्रणी जिला पायलट डिस्ट्रिक्ट खूंटी को चुना गया है। शिक्षकों को अपने स्तर से अप्लाई लीव में जाकर प्रयोग के तौर पर सत्यापन करने को कहा गया है। यह व्यवस्था ट्रायल के लिए बनाई गई है। इसलिए प्रयोग सफल होने के बाद भी शिक्षकों के अवकाश की गणना नहीं की जाएगी। उसका कोई लेखा-जोखा भी नहीं किया जाएगा।

शिक्षकों से कहा गया है कि यदि इस प्रणाली में किसी तरह का कुछ तकनीकी व्यवधान होता है तो वे अपनी-अपनी आपत्ति भी दर्ज कर सकते हैं। आपत्ति होने पर आवश्यक पड़ने पर इसे संशोधित किया जा सकेगा। शिक्षकों को बताया गया है कि गूगल में ए विद्या वाहिनी में जाकर टीचर आईडी लॉगिन करनी है। इसके बाद साइड में तीन लाइन को टच करने के बाद छुट्टी का ऑप्शन आ जायेगा। उस आधार पर वह आगे बढ़ सकते हैं।

## खबर एक नजर में

### डॉ बीके सिंह को स्वास्थ्य निदेशक प्रमुख का अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** झारखंड सरकार ने डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह को निदेशक प्रमुख (स्वास्थ्य सेवाएं) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने 19 जनवरी को अधिसूचना जारी कर दी है। विभाग के अवर सचिव प्रभुनाथ शर्मा ने जारी अधिसूचना में कहा है कि डॉ बीरेंद्र प्रसाद सिंह को प्रभारी निदेशक प्रमुख (स्वास्थ्य सेवाएं) का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है। डॉ सिंह वर्तमान में दुमका के क्षेत्रीय उपनिदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) के पद पर पदस्थापित हैं।

### सीसीएल मुख्यालय में सैप के खिलाफ प्रदर्शन



**रांची।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल के कामगारों ने सीटू के बैनर तले सैप सिस्टम के खिलाफ दरभंगा हाउस मुख्यालय में गुरुवार को प्रदर्शन किया। कामगार जुलूस के रूप में यूनियन कार्यालय के मेन बिल्डिंग पहुंचे। वहां नारेबाजी की। सिस्टम में सुधार की मांग की। एनसीओइए के महासचिव आरपी सिंह ने बताया कि सैप सिस्टम लागू करने के बाद कामगारों के वेतन भुगतान में हर महीने समस्या आ रही है। पिछले करीब एक साल से यही स्थिति बनी हुई है। कभी 4 दिन तो कभी 5 दिन का वेतन अकारण कट जाता है। कभी रेस्ट डे में काम करने पर आधा वेतन हो जाता है। कभी पीएफ में कटौती कम हो जाती है तो कभी बिना कारण ज्यादा भुगतान हो जाता है। संगठन के सदस्यों ने बताया कि कई महीनों से प्रबंधन से बार-बार इसे सुधारने का अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में गुरुवार को सीसीएल मुख्यालय अपर महासचिव रोहित कुमार के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर इसकी शुरूआत की गई। अब पूरे सीसीएल में लगातार आंदोलन करके प्रबंधन को सैप में तत्काल सुधार लाने को बाध्य किया जाएगा। प्रदर्शन का नेतृत्व अपर महासचिव रोहित कुमार, सचिव विकास कुमार, कोषाध्यक्ष ऋतु नोनिया, मोहित मुकुल तिर्की, श्रेया मजूमदार, पाठक ने किया।

### वन विभाग ने जारी किया आदमखोर तेंदुए को मारने का आदेश

**रांची।** झारखंड वन विभाग ने आदमखोर तेंदुए को मारने का आदेश दिया है। अब तक तेंदुए को बेहोश करने या पिंजरे में बंद करने का काफी प्रयास किया गया है, लेकिन अपेक्षित सफलता अब तक नहीं मिली है। लिहाजा वन विभाग ने आदमखोर तेंदुए को मारने का आदेश जारी किया है। आपको बता दें कि तेंदुए ने चार बच्चों की जान ले ली है। लोग दहशत में हैं। आदमखोर तेंदुए से निपटने के लिए हैदराबाद के प्रसिद्ध शिकारी नवाब सफत अली खान को बुलाया गया है। वे भी तेंदुए को काबू करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई खास कामयाबी नहीं मिल सकी है। झारखंड में 10 दिसंबर के बाद से इस तेंदुए ने गढ़वा में तीन और लातेहार जिले में एक बच्चे सहित कुल चार बच्चों को मार डाला है। मारे गए सभी बच्चों की उम्र छह से 12 साल के बीच बतायी जा रही है। घटना के बाद से ही लोगों के बीच दहशत का माहौल है। ऐसे में लोगों के जीवन को देखते हुए आदमखोर तेंदुए को मारने का आदेश जारी किया गया है।

### रांची रेलवे स्टेशन से एक्सप्रेस कार्गो सर्विस की शुरूआत, डोर टू डोर पार्सल भेजने की सुविधा

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से एक्सप्रेस कार्गो सर्विस शुरू की गयी है। केंद्र सरकार की गति शक्ति योजना के तहत भारतीय रेलवे एवं भारतीय डाक विभाग ने मिलकर ज्वाइंट पार्सल प्रॉडक्ट (जेपीपी) योजना शुरू की है। एक्सप्रेस कार्गो सर्विस के तहत डाक विभाग द्वारा व्यवसायी एवं आमजन के घर, दुकान या बताए गए पते से पार्सल एकत्र कर स्टेशन तक पहुंचाया जाएगा। इसके पश्चात रेलवे द्वारा ट्रेन के माध्यम से इसे गंतव्य स्टेशन या शहर तक ले जाया जाएगा। जहां से फिर डाक विभाग द्वारा पार्सल को उसके बुक किए गए पते पर डिलीवर किया जाएगा। इससे व्यवसायी एवं आमजनों को डोर टू डोर पार्सल भेजने की सुविधा प्राप्त होगी।

**इन ट्रेनों में की गयी शुरूआत**

वर्तमान में रांची से पटना के लिए ट्रेन संख्या 12366 रांची-पटना जनशताब्दी एक्स्प्रेस तथा रांची से दिल्ली के लिए ट्रेन संख्या 12817 हटिया -आनंदविहार टर्मिनल एक्सप्रेस ट्रेन में एक्सप्रेस कार्गो सर्विस की सुविधा उपलब्ध है। एक्सप्रेस कार्गो सर्विस के तहत व्यवसायी एवं आमजन डाक विभाग से संपर्क कर विभिन्न गंतव्य के लिए पार्सल की बुकिंग कर सकते हैं अथवा पार्सल की बुकिंग संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं।

### पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड में दिखा, शीतलहर की वजह से फिर बढ़ी ठंड

**रांची।** झारखंड में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। गुरुवार को दिन भर आकाश में बादल बादल छाए रहे। वहीं धुंध की वजह से राजधानी रांची सहित कई इलाकों में धूप खिली हुई नहीं निकली। सूरज की रोशनी में वह तपिश नहीं महसूस की गई, जैसा आम दिनों में लोग महसूस करते थे। साथ ही लोगों को सर्द पछुआ हवा की वजह से ठंड का अहसास अधिक हुआ। मौसम केंद्र रांची ने अपने ताजा मौसम पूवार्नुमान में शुक्रवार को भी राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आंशिक बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। राज्य के शेष भागों में मौसम शुष्क और आसमान साफ रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग की मानें, तो 22 जनवरी तक स्थिति ऐसी ही रहेगी। 23 जनवरी से आकाश साफ होगा। 20 व 21 जनवरी को राज्य में कहीं-कहीं सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आंशिक बादल छा सकते हैं एवं मौसम शुष्क रहेगा। 22 जनवरी को राज्य के उत्तरी एवं निकटवर्ती मध्य भागों में सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आंशिक बादल छा सकते हैं। शेष भागों में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा। 23 एवं 24 जनवरी को सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा।

## केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस पहुंचे रांची



**रांची।** केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस गुरुवार को देर शाम रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। एयरपोर्ट पर उन्होंने अपने दौरे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

**नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में होंगे शामिल:** एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने कहा कि देश में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। खास करके झारखंड जैसे राज्यों में बेरोजगारी की वजह से लोग पलायन करने को मजबूर हैं। इसे लेकर केंद्र सरकार काफी गंभीर है। इसी समस्या को देखते हुए वो युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। झारखंड जैसे राज्यों में बेरोजगारी को कैसे कम किया जाए, जिससे कि पलायन न हो, इस पर भी चर्चा की जाएगी।

## मनरेगा में राज्य स्तर पर अपीलीय प्राधिकरण की होगी नियुक्ति

### राज्य के 5 जिलों के लिए लोकपाल का नाम तय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनरेगा संबंधी समस्याओं के निदान के लिए राज्य सरकार जल्द ही अपीलीय प्राधिकरण में एक पदाधिकारी की नियुक्ति करेगी। अपीलीय प्राधिकरण के जरिये अलग अलग जिलों से लोकपाल से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निष्पादन होगा। प्राधिकरण के लिए एक योग्य पदाधिकारी की नियुक्ति के लिए 23 दिसंबर को ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड के स्तर से इंटरव्यू लिया गया था। इसमें लातेहार निवासी डॉ मुरारी झा का नाम औपबंधिक मेधा सूची में शामिल है। इसके अलावा अपीलीय प्राधिकरण पद के लिए प्रतीक्षा सूची में हजारीबाग के डॉ सुदेश्वर प्रसाद सिंह का नाम रखा गया है। इन दोनों नामों में किसी पर भी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अगले एक माह के भीतर मनरेगा आयुक्त, रांची के पास अपनी शिकायत रख सकते हैं।

**इन जिलों में भी लोकपाल की तैयारी**

अपीलीय प्राधिकरण में एक पदाधिकारी रखे जाने के अलावा ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 5 जिलों (गुमला, लोहरदगा, चतरा, सरायकेला-खरसावां, जामताड़ा) में रिक्त पड़े लोकपाल पद के लिए नियुक्ति की जानी है। इसके लिए प्राप्त आवेदनों के आधार पर 23 दिसंबर 2022 को इंटरव्यू लिया गया। अब इन जिलों के लिए 5 कैंडिडेट (हर जिले के लिए एक-एक) तय किये गये हैं। गुमला के लिए शहवान शेख, लोहरदगा के लिए इन्दू तिवारी, चतरा के लिए संध्या प्रधान, सरायकेला-खरसावां के लिए संतोष कुमार राय और जामताड़ा के लिए संजय कुमार उपाध्याय का नाम तय किया है। इसके अलावा 14 कैंडिडेट को वेटिंग लिस्ट में रखा गया है। चयनित कैंडिडेट्स के नाम पर दावा, आपत्ति मनरेगा आयुक्त के पास अगले एक माह के भीतर की जा सकती है।

# रांची जिले में किसान क्रेडिट कार्ड के 40986 आवेदन मंजूर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की समीक्षा की गयी। किसान क्रेडिट कार्ड के प्राप्त कुल 62675 आवेदन में से 40986 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं। उपायुक्त द्वारा बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का त्रुटि निराकरण करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के नए आवेदन जेनरेट करने निर्देश भी दिया गया।

समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**अस्वीकृत आवेदनों की रिपोर्ट दें : उपायुक्त**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक में सभी बैंकों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के अस्वीकृत और बैंकों द्वारा प्रखंड कृषि पदाधिकारी लौटाये गये आवेदनों की पूरी रिपोर्ट दें। उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए निरस्त हो रहे आवेदनां से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। बैठक के दौरान विभिन्न पेंशन योजना की योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सामाजिक सुरक्षा के तहत सभी पेंशनधारियों को पेंशन सुनिश्चित करें। बैंक के अधिकारियों को उपायुक्त ने सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निदेश दिया।

उपायुक्त द्वारा सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने उपस्थित बैंकर्स को सभी मामलों में अपनी भूमिका अच्छे से निभाते हुए लंबित आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन करने को कहा।

## बिजली उपभोक्ताओं की समस्या के निराकरण को कल लगेगा ऊर्जा मेला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेबीवीएनएल बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए 21 जनवरी को विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा मेले का आयोजन करेगा। इसके लिए रांची जीएम पीके श्रीवास्तव ने रांची एरिया बोर्ड के अधीन पड़ने वाले जिलों एवं डिविजनों में स्थान तय कर दिया है। जीएम ने निर्देश दिया है कि इस मेले में उपभोक्ताओं की बिजली संबंधित कई समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

**इन स्थानों पर लगेगा ऊर्जा मेला**

डोरंडा डिवीजन : भवानीपुर मैदान, झंडा चौक डोरंडा, सतरंजी पेट्रोल पंप के निकट, कोकर डिवीजन : कोकर बिजली ऑफिस, हरिओम टॉवर, विद्युत सबस्टेशन, मोरहाबादी, न्यू कैपिटल डिवीजन : मारवाड़ी स्कूल, शहीद चौक, पिठोरिया हाईस्कूल, रांची सेंट्रल डिवीजन : गुरूनानाक स्कूल के निकट, विद्युत सबस्टेशन पुंदाग, विद्युत सबस्टेशन हरमू, रांची पूर्वी : विद्युत सबस्टेशन, सिकिदरी, अनगड़ा बाजार, तमाड़ चौक, रांची पश्चिमी : पंचायत सचिवालय सुंडिल, नगड़ी बाजार, मुड़मा बाजार मांडर, खूंटी सर्किल : खूंटी ब्लॉक कैंपस, तोरपा कैंपस, गुमला : पटेल चौक गुमला, विशुनपुर ब्लॉक चौक कैंपस, एनएचपीसी मैदान कोनबिर बसिया, लोहरदगा : कुडू बिजली ऑफिस, विद्युत सबस्टेशन लोहरदगा, सिमडेगा : सिमडेगा ब्लॉक कैंपस, लचरागढ़ कोलेबिरा।

**मेले में इन समस्याओं का होगा समाधानः** सरकार द्वारा 100 यूनिट फ्री बिजली के बारे में कंज्यूमरों को बताया जाएगा कि कैसे इसका लाभ उठाया जाये। लोड बढ़ाने से संबंधित मामला सुलझेगा। कृषि कार्य के लिए बिजली कनेक्शन से जुड़े मामले हल होंगे।

## एक्सआईएसएस में डॉ महुआ माजी ने निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित एक्सआईएसएस परिसर में गुरुवार को राज्य सभा सांसद डॉ महुआ माजी ने साइकल और मोटरसाईकल शेड के निर्माण की आधार शिला रखी साथ ही नए फर्श, नए गेट और सौदर्यीकरण कार्य का किया शिलान्यास। डॉ माजी ने एमपी (एलएडी) फंड के तहत इस सौंदर्यीकरण कार्य को प्रायोजित किया है और निर्माण कार्य की नींव रखी। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'एक्सआईएसएस के सौंदर्यीकरण के लिए पहल करने और योगदान के लिए संस्थान डॉ महुआ माजी का आभारी है। मौके पर उपस्थित लोगो में एक्सआईएसएस के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ प्रदीप केरकेप्ता एसजे, एक्सआईएसएस के सुपीरियर फादर जेवियर सोरेंग, एकेडमिक्स डीन डॉअमर एरॉन तिग्गा, सांसद के पीए सौमवित माजी, एक्सआईएसएस के कार्यक्रमों के प्रमुख, फैकल्टी, स्टाफ और स्टूडेंट्स मौजूद थे।

## एसबीआई बैंक कर्मचारी बनकर खाते से उड़ाये 3.49 लाख

**रांची।** एसबीआई बैंक कर्मचारी बनकर उन्हें एनी डेस्क एप्लिकेशन डाउनलोड करवा कर अकाउंट से 3.49 लाख रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपी को सीआईडी की साईबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में देवघर जिले के पालोजीरो थाना क्षेत्र स्थित पथरघटिया निवासी एनुल अंसारी और बहारूद्दीन अंसारी का नाम शामिल है। आरोपी के पास से तीन मोबाईल, तीन सिम, दो आधार कार्ड, पांच एटीएम कार्ड, दो पेनकार्ड, नौ हजार रुपये और एक आरसी बुक बरामद किया गया है।

## नियमित वेतन नहीं मिलने से रिनपास के नर्सिंग स्टॉफ का कार्य बहिष्कार



**रांची।** रिनपास के नर्सिंग स्टॉफ नियमित वेतन नहीं मिलने को लेकर विरोध पर उतर आए हैं। इन लोगों ने गुरुवार को और कार्य बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया। रिनपास में आउटसोर्सिंग के माध्यम से 54 नर्सिंग स्टॉफ कार्यरत हैं। इनकी नियुक्ति एवरग्रीन सर्विसेज एजेंसी द्वारा की गयी है। लेकिन इन्हें नियमित रूप से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

**जॉइनिंग लेटर भी नहीं मिला**

नर्सिंग स्टॉफ का कहना है कि पहले वेतन में पीएफ की कटौती नहीं की जाती थी, जबकि अब मनमाने तरीके से वेतन काट लिया जाता है। कई स्टॉफ का पूरा अटेंडेंस होने के बावजूद वेतन कम दिया जाता है। कंपनी द्वारा अब तक जॉयनिंग लेटर भी नहीं मिला है। रिनपास में कार्यरत नर्सिंग स्टॉफ ने रिनपास प्रशासन से अनुरोध किया है कि लगभग ढाई वर्षों से वे रिनपास में कार्यरत हैं। इसलिए उनका स्थायीकरण किया जाए। जितनी भी बकाया राशि है, एजेंसी की ओर से दिलायी जाये।

## दो साल बाद एग्जामिनेशन हॉल में होगी सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड की होने वाली परीक्षा को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सभी स्कूलों में प्रैक्टिकल एग्जाम, प्रैक्टिस पेपर सॉल्व करवाए जा रहे हैं। ऐसे में बच्चों के मन में ये सवाल बार- बार आ रहा कि एग्जाम की तैयारी कैसे की जाए। गुरुनानक स्कूल रांची के प्रिंसिपल मनोहर लाल ने बताया की कोविड के दौरान बच्चों में लिखने की क्षमता बहुत कम हो गयी है। महज तीन घंटे के पेपर लिखना है। गणित को छोड़ कर सभी विषयों में ज्यादा से ज्यादा लिखना होता है। ऐसे में बच्चों को अभी हर दिन लिखने की प्रैक्टिस की जरूरत है। उन्होंने बताया कि मैथ्स के लिए एनसीईआरटी के सैंपल सॉल्व करने की जरूरत है। बच्चे अक्सर तीन-चार किताब पढ़ने लगते हैं। पर असल में सिर्फ एक बुक पर फोकस करेंगे, तो अच्छा स्कोर कर पायेंगे।

**पांच सेक्शन में प्रश्न पत्र को बांटा गया है**


सेक्शन ए में बहुविकल्पीय 20 प्रश्न रहेंगे। हर प्रश्न एक-एक अंक का रहेगा। सेक्शन बी में पांच प्रश्न दो-दो अंकों के रहेंगे। इसमें दो प्रश्न में विकल्प मिलेगा। सेक्शन सी में छह प्रश्न तीन-तीन अंकों के रहेंगे। इसमें दो प्रश्न में विकल्प मिलेगा। सेक्शन डी में चार प्रश्न पांच-पांच अंक के रहेंगे। इसमें दो प्रश्न में विकल्प मिलेगा। सेक्शन ई में तीन प्रश्न रहेंगे।

## एमबीए के छात्र ने की आत्महत्या

### पिता का आरोप- धर्मांतरण के दबाव में बेटे ने दे दी जान

**पिता ने अपने बयान में कहा है युवती से चार साल से था प्रेम प्रसंग**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के में रहने वाले एक एमबीए के छात्र दीपक कुमार ने धर्मांतरण के दबाव में आकर आत्महत्या कर ली। छात्र के प्रेमिका को वापस दिलाने को लेकर उसके दोस्तों के द्वारा ही उस पर धर्मांतरण का दबाव बनाया जा रहा था। छात्र के पिता का आरोप है कि इसी वजह से उसके बेटे ने सुसाइड कर लिया हैं।

**पिता ने दर्ज करवाया है बयान**

रांची के एक निजी संस्थान से एमबीए कर रहे दीपक कुमार की मौत के मामले में उसके पिता अनिल सिंह का रिम्स में बयान दर्ज किया गया है। दीपक के पिता ने अपने बयान में बताया है कि दीपक का खलारी की एक युवती से चार साल से प्रेम प्रसंग था, युवती दूसरे धर्म से ताल्लुक रखती थी। कुछ समय बाद ही उस लड़की की बेंगलुरु में नौकरी लग गई और इसके बाद उसने दीपक से दूरी बना ली साथ ही बातचीत करना भी बंद कर दिया। इसी कारण से दीपक काफी तनाव में था, जिसका लाभ उसके कुछ साथियों ने उठाया। दीपक ने अपने दोस्त नसीम से जब पूरा मामला बताया तो उसने दीपक को बताया कि उसकी पहचान एक मौलाना से है जो तंत्र-मंत्र के जरिए उसकी प्रेमिका को वापस दिलवा देगा।

**जांच में जुटी पुलिस**

पूरे मामले को लेकर रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि दीपक के पिता के द्वारा क्या बयान दर्ज करवाया गया है उसकी जानकारी ली जा रही है। आत्महत्या की घटना मंगलवार की रात की है, लेकिन बुधवार की देर शाम तक पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। रिम्स में ही पुलिस को यह जानकारी दी गई कि एक युवक ने सुसाइड किया है। जिसके बाद यूडी केस दर्ज कर पिता का बयान लिया गया। दीपक के पिता के बयानों की जांच की जा रही है अगर उसमें कोई दोषी पाया गया तो उस पर कार्रवाई जरूर होगी।

## मानव श्रृंखला बनाकर स्थायीकरण के लिए एकजुटता का दिया परिचय

### राजभवन के सामने आज कर्मियों का हबन कार्यक्रम तय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एनआरएचएम एएनएम/जीएनएम एवं झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल का तीसरे दिन सभी ने 11 सुबह बजे मानव श्रृंखला बनाकर स्थायीकरण के लिए एकजुटता का परिचय दिया गया। इस दौरान उन्हें पूर्व सिविल सर्जन डॉक्टर आश्रिता कुजुर का समर्थन प्राप्त हुआ। वह मंच पर आयीं और अपना पूरा सपोर्ट देने की बात कही। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष गोपाल शरण सिंह और संरक्षक सुशीला तिग्गा ने भी उनका हौसला बढ़ाया। ऑल झारखंड पैरामेडिकल एसोसिएशन के सचिव उपेंद्र कुमार सिंह और और उनके साथ स्टेट के प्रतिनिधि भी हौसला बढ़ाने को आए। झारखंड राज एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ की प्रदेश महासचिव वीणा कुमारी ने कहा कि शुक्रवार की सुबह 11 बजे हवन का प्रोग्राम रखा है और 21 जनवरी को बीपी और शुगर का फ्री हेल्थ कैंप लगाया गया है। 22 तारीख की शाम 5 बजे कैंडल मार्च निकाला जायेगा। वहीं, सुबह 11 से 1 बजे के बीच मानव श्रृंखला बनाकर अपनी एकजुटता का परिचय देंगे। 23 फरवरी को सभी स्वैच्छिक रक्तदान करेंगे, ताकि समाज में लोगों को ब्लड की कोई कमी नहीं हो और यहां अनिश्ितकालीन हड़ताल में रहकर भी हम अपनी स्वास्थ्य/समाज सेवा करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि एनआरएचएम एएनएम/जीएनएम एवं झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल का तीसरे दिन भी देर शाम तक किसी भी उच्चाधिकारी के द्वारा कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गई है। यह स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति सरकार की उदासीनता को दशार्ता है।

## गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें: प्रवीण टोप्पो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त प्रवीण कुमार टोप्पो ने गणतंत्र दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की चल रही तैयारियों की गुरुवार को समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सारी तैयारियां समय पूरी कर ली जानी चाहिए। प्रमंडलीय आयुक्त ने समारोह स्थल पर सुरक्षा और विधि व्यवस्था के साथ पंडाल निर्माण, मैदान समतलीकरण, गैलरी निर्माण, बैरिकेडिंग, मंच निर्माण, पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई, सड़कों की मरम्मत, चिकित्सा व्यवस्था अग्निशमन व्यवस्था, झांकी निर्माण और परेड की चल रही तैयारियों आदि की, पूरी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

**परेड और झांकियों को लेकर विशेष निर्देश :** आयुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जिन झांकियों का चयन किया गया है, उनका पूर्वाभ्यास (ड्राई रन) कराया जाए ,ताकि समारोह में उसका सफल प्रदर्शन हो सके । उन्होंने समारोह स्थल पर 27 जनवरी तक झांकियों को रखे जाने पर भी सहमति जताई । बैठक में परेड में भारतीय सेना की टुकड़ी और आईआरबी की सहभागिता पर भी विचार विमर्श हुआ। प्रमंडलीय आयुक्त ने परेड के पूर्वाभ्यास को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली।

**साफ सफाई के साथ सड़कों की मरम्मत के भी निर्देशः** प्रमंडलीय आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि मोरहाबादी मैदान स्थित समारोह स्थल आने वाले सभी रास्तों की मरम्मत और साफ सफाई की व्यवस्था की जाए। इसके साथ समारोह स्थल में पेयजल सुविधा, चिकित्सा एवं अग्निशमन की व्यवस्था हो। वहीं, समारोह स्थल के आसपास से डॉग्स को पकड़ कर अन्यत्र ले जाने के भी निर्देश दिए।

## आज का राशिफल
**20-01-2023**

मेष : भाग्य का साथ मिलेगा। कोई डूबा धन मिलने का योग है। धन प्राप्ति सुगम होगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है। परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा।

वृष : किसी से विवाद होगा। कम बोलने का प्रयास करें। पर रुके कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है। विद्यार्थियों को शिक्षा में सफलता मिलेगा।

मिथुन : ब्यापार में तरक्की हो सकता है। बस प्रयास बढ़ा दें। साथ ही लाभ के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है। आर्थिक उन्नति होगी।

कर्क : भोजन सोच विचार कर करें। पेट मे कोई कष्ट हो सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। संतान की गतिविधियों पर नजर रखनी होगी। कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है।

सिंह : शिक्षा के लिए कोई यात्रा का योग है। यात्रा से मन मे प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा।

कन्या : माता से विवाद हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा। सामाजिक कार्यो में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे।

तुला : प्रतिस्पर्धी में बृद्धि होगा। मान-सम्मान मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

वृश्चिक : किसी परिचित को हानि हो सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें।

धनु : मानसिक और शारीरिक शुख में बृद्धि होगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं।

मकर : उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा। पारिवारिक स्थिति आनंददायक रहेगी। मन प्रफुल्लित रहेगा।

कुंभ :- कोई पुराण दोस्त के मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। संतान के संबंध में संतोष रहेगा। व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। ट

मीन :- किसी गलत कार्य के वजह से खर्च अधिक होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्च का बोझ बढ़ेगा। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें।

# ऑनलाइन सीखने की प्रक्रिया सुविधाजनक बनाने को गांवों में बच्चों के पास गैजेट्स की पहुंच नहीं : डॉ कुजूर

## 'बाल अधिकार - मानसिक स्वास्थ्य और सीखने की कठिनाइयों से निपटने के विशेष परिदृश्य' पर राउंडटेबल डिस्कशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआइएसएस) के ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम और बाल रक्षा भारत, जिसे विश्व स्तर पर सेव द चिल्ड्रेन के नाम से जाना जाता है, के तत्वावधान में गुरुवार को 'बाल अधिकार - मानसिक स्वास्थ्य और सीखने की कठिनाइयों से निपटने के विशेष परिदृश्य' पर राउंडटेबल डिस्कशन का आयोजन किया गया।

एक्सआइएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने इस अवसर पर अपने स्वागत संबोधन में कहा कि जब हम बाल अधिकारों के बारे सोचते हैं, तो हमारे दिमाग में जो विचार आते हैं, वे एक वयस्क और बच्चे दोनों के लिए समान होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पास ऑनलाइन सीखने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए गैजेट्स की पहुंच नहीं है, जो उन्हें शिक्षा के अधिकार से वंचित करता है। ऐसी परिस्थिति में हमें चाहिए कि इन बच्चों की मानसिक, भावनात्मक और नैतिक सहायता करें। साथ ही, हमें तर्कसंगत पॉलिसी के लिए अपने हितधारकों के साथ रिसर्च और प्रशिक्षण में संलग्न होने की भी आवश्यकता है। इसे हमें एक अभियान बनाना चाहिए। उस अभियान के तहत ही आंदोलन लायेंगे। महादेव हांसदा, स्टेट प्रोग्राम मैनेजर, सेव द चिल्ड्रेन, इंडिया ने इस आयोजन के महत्व के संदर्भ में कहा कि कोविड के बाद बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। समाज के कमजोर वर्ग तथा एक बच्चे की सुरक्षा करना विभिन्न हितधारकों की भूमिका और जिम्मेदारी है। कहा कि इस राउंड टेबल की परिचर्चा से नीति समर्थन के लिए एक रूपरेखा तैयार होगी, जो बच्चों के लिए मददगार होगी।

उज्ज्वल प्रकाश तिवारी, सदस्य, जेएससीपीसीआर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उचित देखभाल और सुरक्षा, बदलती दुनिया में एक बच्चे को फलने-फूलने में मदद कर सकती है, जब रोजगार के मामले में उनके परिवार को सहायता प्रदान की जाती है।

इस कार्यक्रम में एक पैनल चर्चा आयोजित की गयी। इसमें डॉ अनंत कुमार, कार्यक्रम प्रमुख, ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम, एक्सआइएसएस ने मानसिक स्वास्थ्य के पहलुओं और राज्य में एक बच्चे के लिए नीतियों की स्थिति पर प्रकाश डाला। यूनिसेफ, झारखंड की प्रमुख डॉ कनिका मित्रा ने मानसिक स्वास्थ्य और मनो-सामाजिक समर्थन और सीखने की कठिनाइयों से निपटने के तंत्र के बारे में बात की। इस चर्चा के संचालक वरिष्ठ पत्रकार मधुकर थे।

दर्शकों के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया था, जिसमें सभी कार्यक्रमों के प्रमुख, फैकल्टी और ग्रामीण प्रबंधन के छात्रों ने हिस्सा लिया। डॉ संजय वर्मा, सहायक कार्यक्रम समन्वयक, ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ सत्र का समापन हुआ।

## ख्रीस्तीय एकता को आठ दिवसीय प्रार्थना शुरू

**रांची।** ऑल चर्चेस कमेटी रांची (एसीसीआर) के निर्देशानुसार प्रभु येसु ख्रीस्त के विश्वास में बढ़ने वाले सभी मसीही हर साल की तरह इस साल 22 जनवरी रविवार को ख्रीस्तीय एकता प्रार्थना समारोह का भव्य कार्यक्रम मना रहे है। इसके तहत येसु ख्रीस्त के विश्वास में बढ़ने वाले सभी कलीसिया के मसीही 22 जनवरी को गोस्सनर मिडिल स्कूल ग्राउंड में दिन के 2:30 बजे एकत्रित होकर सामूहिक रुप से मसीही एकता के लिए प्रार्थना करेंगे। उसी मसीही एकता प्रार्थना की तैयारी को लेकर मसीही अपने अपने स्तर पर गुरुवार से आठ दिवसीय प्रार्थना अठवारा का कार्यक्रम आरंभ करते हुए आठ दिनों की प्रार्थना में शामिल होंगे। उक्त जानकारी एसीसीआर के चेयरमैन बिशप बीबी बास्के, सचिव रेव्ह जोलजस कुजूर, डिप्यूटी सेक्रेटरी जीवी रक्षित, ट्रेजरर अटल इराद खेस, वाईएमसीए रांची के जनरल सेक्रेटरी चोन्हस कुजूर,रेव्ह टीएससी हंस ने संयुक्त रुप से यह जानकारी दी।

## अल्पसंख्यक मुद्दों पर 11 मार्च को कन्वेंशन का होगा आयोजन

**रांची।** अल्पसंख्यक समुदाय के बुद्धिजीवियों के साथ वामदलों की एक बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में हाइकोर्ट के वकील, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकताओं समेत वामदलों के राज्य नेतृत्व ने हिस्सा लिया। बैठक में यह सहमति बनी कि झारखंड में अल्पसंख्यकों की ज्वलंत समस्याओं पर आगामी 11 मार्च को एक राज्य स्तरीय कंवेंशन आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा यह भी तय किया गया कि कंवेंशन के पूर्व अल्पसंख्यक समुदायों के मुद्दों को चिन्हित कर एक मांग-पत्र तैयार किया जाये और राज्य के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से एक शिष्टमंडल मिलकर उन्हें यह मांग पत्र सौंपेगा। बैठक की अध्यक्षता माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने की।

# निर्मला कॉन्वेंट के चार विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर के साइंस एग्जिबिशन इंस्पायर अवार्ड में हुआ चयन


**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** मोरहाबादी के एदलहातू स्थित निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के चार विद्यार्थियों (निखिल कुमार कक्षा दशम,आर्यन दुबे कक्षा नवम, गुलशन कुमार कक्षा अष्टम तथा प्रिंस राज कक्षा सप्तम) का चयन राष्ट्रीय स्तर के साइंस एग्जिबिशन इंस्पायर अवार्ड में हुआ है। निखिल कुमार ने ब्रेन से ऑटोमेटिक संचालित व्हीलचेयर, आर्यन दुबे ने ब्रिक लिफ्टर, गुलशन कुमार ने एलपीजी गैस लीक डिटेकटर तथा प्रिंस राज ने ट्रेन सेफ्टी प्रोजेक्ट का मॉडल बनाया था, जिसका चयन राष्ट्रीय स्तर के साइंस एग्जिबिशन इंस्पायर अवार्ड में हुआ है।

विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि सभी छात्र छात्रा के अंदर एक अद्वितीय प्रतिभा छिपी होती है, जिसको बस निखारने की जरूरत है। उन्होंने सभी चयनित छात्र-छात्राओं की सफलता पर उनको आशीर्वाद तथा शुभकामना दी।

वहीं, विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी चयनित छात्रों ने विद्यालय परिवार तथा अपने माता पिता को अपनी इस सफलता के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह अपने साइंस के मॉडल को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने की और उसमें सफल होने की पूरी मेहनत करेंगे। चयनित छात्र-छात्राओं को सरकार की तरफ से दस हजार रुपया प्रोजेक्ट बनाने के लिए दिए गए हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका गोपाल चंद्र दास, किरण कुमारी, विनोद कुमार निषाद, आशुतोष कुमार, शिवानी कुमारी, विशाल कुमार, अभिषेक कुमार इत्यादि ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं के हार्दिक बधाई दी है।



इंस्पायर अवार्ड राष्ट्रीय स्तर का एक साइंस एग्जिबिशन प्रोग्राम आयोजित करने वाली संस्था है। इसमें बच्चों का चयन होना छात्रों के मेहनत और उनकी कुशलता को दिखाता है।

– विजय कुमार शर्मा, प्राचार्य, निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल, एदलहातू, रांची।

## खबर एक नजर में

### ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख से मिला संवेदक संघ का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** रांची ग्रामीण कार्य विभाग संवेदक संघ का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को विभाग के अभियंता प्रमुख से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण कार्य विभाग में संवेदकों को काम करने में आ रही समस्याओं और कठिनाइयों के संबंध में उन्हें ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने अभियंता प्रमुख से इन कठिनाइयों के निदान करने का आग्रह किया। अभियंता प्रमुख से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में विजय साहू, विवेक कुमार, अजय राज, विजय झा, तुफैल अंसारी, अमित कुमार सिंह, कृष्णा कुमार, अफाक मंजर, मुमताज अंसारी, मिलन दास शामिल थे।

### संगीत संध्या का आयोजन कल

**रांची।** किशोर कुमार फैंस क्लब के तत्वाधान में शनिवार को भारतीय सिने एवं संगीत जगत के सदाबहार कलाकारों क्रमशः लता मंगेशकर, मो. रफी, किशोर कुमार, राहुल देव बर्मन, बप्पी लहरी, भूपिंदर सिंह और कृष्ण कुमार कुन्नथ (के.के) तथा अन्य कलाकारों को गीतो भरी श्रद्धांजलि देने के लिए रांची स्थित होटल सिटी पैलेश सभागार में संगीत संध्या–सुरों का हमसफर का आयोजन शनिवार को संध्या साढ़े छह बजे से आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए फैंस क्लब के संस्थापक सौमेन मुखर्जी ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथ के तौर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विजय रजगढ़िया, सोहनी रे, डॉ रितु कुमारी समेत अन्य गणमान्य लाग लोग उपस्थित होकर शोभ बढ़ाएंगे।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये महाराणा प्रताप

**रांची।** बाबू वीर कुंवर सिंह विचार मंच के तत्वाधान में गुरुवार को राष्ट्रीय गौरव सनातन धर्म रक्षक, क्षत्रिय कुलभूषण मेवाड़ अधिपति, क्रांतिसूर्य एकलिंग जी मेवाड़ के स्वाभिमानी योद्धा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान केराली स्कूल के पास महाराणा प्रताप चौक, एचईसी कॉलोनी, सेक्टर 2 धुर्वा में श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने कहा कि त्याग, बलिदान और पराक्रम के प्रतीक महाराणा प्रताप ने सनातन धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। उन्होंने अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए घास की रोटी तक खाना स्वीकार किया लेकिन हार नहीं मानी। आज के परिपेक्ष में राष्ट्रहित और धर्महित की रक्षा के हेतु उनके शौर्यपूर्ण गाथाएं और संघर्षपूर्ण जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। मौके पर मुख्य रूप से ललन सिंह, श्याम किशोर सिंह, सर्वेश कुमार, पुरुषोत्तम राठौर, रमेश सिंह, रामाकांत सिंह, शिवाजी सिंह, रणधीर सिंह, मिंटू सिंह, प्रमोद सिंह, मनीष सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### इंदिरा कुमारी का जालंधर में जोरदार स्वागत



**रांची।** श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ की राष्ट्रीय प्रवक्ता की माननीय सदस्य बहन इंदिरा कुमारी दास जी का जालंधर आने पर श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष मंजीत वाली एवं उनकी पूरी टीम ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कुमारी इंदिरा दास ने कहा कि मैं पंजाब आकर पीठ के अध्यक्ष मंजीत बाली मैबर डॉ अंबेडकर फाउंडेशन समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं उनकी टीम से मिलकर बहुत प्रसन्न हूं। उन्होंने पंजाब में पीठ के माध्यम से किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान उनके साथ पीठ के प्रदेश महामंत्री एडवोकेट मोहित भारद्वाज, राजेश ठाकुर, हुस्न लाल बाली, जगजीत कुल्थम, मंदीप सिंह, मोहिंदर पाल, जीवन संधू आदि भी मौजूद थे।

### श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट का भोजन सामग्री वितरण



**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली की रांची शाखा के संयुक्त तत्वावधान में ट्रस्ट के सदस्यों ने गुरुवार को कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए हेहल के पाहन टोली के कुल 150 जरूरतमंद, अभावग्रस्त एव निःशक्त बच्चों, महिला व पुरुषों के बीच अल्पहार व खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया। इसमें उन्हें मिक्सचर के पैकेट, तिलकुट, क्रीम बन व अन्य खाद्य सामग्री दिये गये। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

# सेंट्रल गवर्मेंट हेल्थ स्कीम से जुड़ा पारस एचइसी हॉस्पिटल




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड का पारस एचइसी हॉस्पिटल रांची अब सीजीएचएस से जुड़ गया है। अब सीजीएचएस (सेंट्रल गवर्मेंट हेल्थ स्किम) से जुड़े किसी भी मरीज का इलाज पारस एचईसी हॉस्पिटल में हो सकेगा। रिजनल डायरेक्टर डॉ सुहास अराध्ये ने कहा कि मुझे काफी गर्व हो रहा है कि पारस एचईसी हॉस्पिटल अब सेंट्रल गवर्मेंट हेल्थ स्किम के अंतर्गत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाएगी। साथ ही झारखंड राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए भी सीजीएचएस दरों पर सुविधा दी जा रही है। इस स्कीम के तहत अब केंद्र सरकार और झारखंड सरकार के कर्मचारी सीजीएचएस दरों पर इलाज की सेवा ले सकते हैं।

**एक जगह सारी सुविधाएं :** मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय कुमार ने बताया कि हमें इस बात की खुशी है कि सेंट्रल गवर्मेंट हेल्थ स्किम की सुविधायें हम पारस में उपलब्ध करा पाए हैं। ज्यादा से ज्यादा मरीजों को इससे फायदा मिले यही हमारी कोशिश रहेगी। झारखण्ड में बहुत कम अस्पताल हैं, जो सीजीएचएस से जुड़े हैं। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा अब तक पारस एचईसी में एक ही स्थान पर सभी विभाग के फुल टाइम चिकित्सक एवं अत्याधुनिक तकनीक की सुविधाएं हैं। आपातकालीन सुविधा, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ अत्याधुनिक आईसीयू हैं। एक ही काम्प्लेक्स में विश्वस्तरीय ऑपरेशन थियेटर होने से इन्फेक्शन कंट्रोल टीम वर्क केयर मिलना इस अस्पताल के बारे में लोगों में विश्वनीयता पैदा कर रही हैं।

## बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में ध्वजारोहण को लेकर बैठक

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में गुरुवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयन्त झा ने की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय प्रांगण में झंडोत्तोलन का कार्यक्रम संपन्न होगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन रांची नगर निगम के उप महापौर संजीव विजयवर्गीय सुबह 11 बजे करेंगे।

# बॉलीवुड में सक्रिय रांची के आकाश मित्तल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रांची। झारखंड के रहने वाले आकाश मित्तल पिछले 11 सालों से बॉलीवुड में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। अभिनेता/निर्देशक होने के साथ आकाश मित्तल ने प्रोडक्शन हाउस में रहते दो साल के कार्यकाल में तीन फिल्में बनायी है। हाल में ही आकाश ने संकल्प रेड्डी द्वारा निर्देशित एक्शन स्टार विद्युत जामवाल के साथ समानांतर कास्ट में फिल्म पूरी की है। वर्तमान समय में आकाश के प्रोडक्शन हाउस ने अभिनेता गुलशन ग्रोवर के साथ ऐस मेडिकेयर ऐप शूट कर चुका है। आकाश द्वारा निर्देशित यह विज्ञापन 19 जनवरी 2023 विभिन्न चैनलों पर प्रसारित किये जा रहे हैं। 28 साल के आकाश ने बताया कि मैंने अपने करियर की शुरूआत 2011 में सलमान खान की बॉडीगार्ड फिल्म से की थी। मैं एक जूनियर कलाकार था, लेकिन मैंने फिल्म उद्योग के बारे में बहुत कुछ सीखा कि वे कैसे काम करते हैं और अभिनेता कैसे सीख सकते हैं। स्वतंत्र अभिनेता के रूप में मैंने बिंदास चैनल के लिए रियल्टी शो किए हैं और कई प्रिंट शूट किए हैं। रांची में जन्मे आकाश ने बताया कि उनकी मां और पिताजी चतरा जिले से है।

# कोकर में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कोकर स्थित सिल्वर स्प्रिंग अपार्टमेंट, रांची में आयोजित चार दिवसीय मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ गुरुवार को हवन-पूजन एवं महाभंडारा के साथ संपन्न हुआ। यह महायज्ञ आचार्य अशोक कुमार पांडे एवं मृत्युंजय कुमार पांडे के सानिध्य में विभिन्न वैदिक अनुष्ठान के साथ कराया गया।

पहले पहले दिन कलश यात्रा, वेदी पूजन, अन्नाधिवास, फलाधिवास। दूसरे दिन 17 जनवरी को वेदी पूजन, जलाधिवास, पुष्पाधिवास, सज्जाधिवास। 18 को वेदी पूजन, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा एवं गुरुवार 19 जनवरी समापन के दिन हवन-पूजन एवं महाभंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें हजारो से अधिक श्रद्धालुओं ने महाभंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ आयोजन समिति सदस्यों ने चार दिवसीय मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ में शामिल होने एवं यज्ञ के सफल आयोजन के लिए कोकर सहित सिल्वर स्प्रिंग अपार्टमेंट प्रांगण तमाम श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया है। उक्त आशय की जानकारी सिल्वर स्प्रिंग अपार्टमेंट के सचिव प्रशांत एवं दामोदर प्रसाद ने दी है।

# यादव मिलन समारोह 22 को, उमड़ेगा जनसैलाब : कैलाश यादव

## मुख्य संरक्षक ने कहा- राज्य के 24 जिलों से गणयमान्य लोग समारोह में होंगे उपस्थित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज झारखंड के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक धुर्वा में परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से 22 जनवरी को श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखंड के तत्वावधान में स्थान धुर्वा डैम पर दिन के 10 बजे से आयोजित यादव मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए स्मीक्षात्मक चर्चा की गयी।

परिषद के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यादव समाज का मिलन समारोह भव्य होगा और उसमें जनसैलाब उमड़ेगा। इसमें प्रांत के 24 जिलों से लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कई सम्मानित लोग आमंत्रित है। जिसमें राज्यसभा सांसद महुआ माजी,विधायक उमाशंकर अकेला, अमित यादव और बाल सरंक्षण आयोग के अध्यक्ष काजल यादव, राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव सहित अनेकों प्रोफेसर डॉक्टर तथा समाजसेवी मौजूद रहेंगे। यह भी बताया कि कार्यक्रम को लेकर समारोह में शामिल होने वालों के लिए लजीज व्यंजन की व्यवस्था होगी साथ ही मेधावी बच्चों और प्रबोध बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए स्थानीय स्तर पर 51 प्रमुख सदस्यीय टीम बनायी गयी है।

कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष सुरेश राय सचिव रामकुमार यादव, बबन यादव सुरेश गोप जयसिंह यादव मैनेजर राय रंजन यादव महेंद्र यादव कृष्णा यादव देव बिहारी यादव सूरज गोप जगन्नाथ यादव विजय यादव चंदेश्वर प्रसाद दहाड़ी यादव तेतरी देवी चंद्रिका यादव सुनील यादव द्वारिका यादव शंकर यादव उमेश यादव महानंद यादव सचिता यादव गोपाल यादव मोतीलाल चौधरी लालबाबू यादव मनोज यादव पंकज यादव राजकिशोर यादव गौतम यादव सुधीर यादव महावीर गोप चंद्रमोहन गोप डा.सत्यनारायण सिंह पूनम यादव उषा यादव सरोज यादव बिनोद यादव अशर्फी राय बिरेंद यादव अमर यादव अनिल यादव आदि का योगदान है।

## मेटास एडवेंटिस्ट कॉलेज के वार्षिक खेलकूद का हुआ समापन

# ओलिम हेमरोम और राज बाबू बने चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मेटास एडवेंटिस्ट कॉलेज बरियातू में 18 जनवरी से शुरू हुआ दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स कंपीटिशन गुरुवार (19 जनवरी) को विभिन्न इवेंट के साथ संपन्न हुआ। हाउसवाइज संपन्न इस एनुअल स्पोर्ट्स कंपीटिशन में प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर अंक दिये गये। प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त कर ब्लू हाउस चैंपियन बना। दूसरे स्थान पर येलो हाउस रहा। अर्जित अंक के आधार पर रेड व ग्रीन हाउस ने क्रमशः तीसरा और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। ब्लू हाउस के राज बाबू लड़कों में व्यक्तिगत चैंपियन घोषित किये गये। येलो हाउस की ओलिम हेमरोम गर्ल्स में इंडिविजुअल चैंपियन बनीं।

### ब्लू हाउस ने प्राप्त किया पहला स्थान



कार्यक्रम के इस आयोजन में कॉलेज की तरफ से एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट कार्नेलियस मुर्मू, जेनरल वाइस प्रेसिडेंट एसडीडी नायडू, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रीता, वाइस प्रेसिडेंट एकेडमिक्स ए सुनील कुमार, वाइस प्रेसिडेंट फाइनेंस बॉबी जेम्स, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट एवं रजिस्ट्रार विजय राज, प्रिंसिपल मर्लिन मोहन, प्राचार्य एसडी स्कूल ऑफ नर्सिंग सुनीता सुरीन, स्पोर्ट्स डायरेक्टर रवि बाबू दारा, अल्फोंस, सुनीता दारा, हन्ना एलिजाबेथ, सुशील कुजूर, मरीन, रचेल, प्रेमशिला, मेलिसा, वर्षा तिर्की, सोनाली कुजूर, अंजुली सोरेन, ओलिव कुजूर, साधना, संध्या लेलिन, एंजलिन, डेविड डांग, ऐनी अधिकारी, नमिता गुड़िया व अन्य कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया।

# चीन से रिकार्ड व्यापार

ऐ भारत और चीन के बीच व्यापार 2022 में बढ़कर 135.98 अरब डॉलर के अबतक के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 100 अरब डॉलर के पार हो गया। चीन के सीमा शुल्क विभाग के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार भारत-चीन व्यापार 2022 में 8.4 प्रतिशत बढ़कर 135.98 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। इससे पिछले साल यह आंकड़ा 125 अरब डॉलर था। भारत में चीन का निर्यात सालाना आधार पर 21.7 प्रतिशत बढ़कर 118.9 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। दूसरी तरफ, भारत से 2022 में चीन को निर्यात सालाना आधार पर 37.9 प्रतिशत घटकर 17.48 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। इससे भारत के लिए व्यापार घाटा 101.02 अरब डॉलर रहा और यह 2021 के 69.38 अरब डॉलर के आंकड़ों को पार कर गया। व्यापार घाटा पहली बार 100 अरब डॉलर के पार गया है और भारत लगातार इस पर गंभीरता से चिंता जाहिर करता आया है।

2021 में चीन के साथ भारत का व्यापार 43.32 प्रतिशत बढ़कर 125.62 अरब डॉलर था इससे पहले 2021 में चीन के साथ भारत का व्यापार सालाना आधार पर 43.32 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 125.62 अरब डॉलर पर रहा था। उस साल दोनों देशों के बीच व्यापार पहली बार 100 अरब डॉलर के पार गया था। उस साल व्यापार घाटा 69.56 अरब डॉलर रहा था, जब चीन से भारत में आयात 46.14 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 97.59 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। भारत का चीन को निर्यात 2021 में सालाना आधार पर 34.28 प्रतिशत बढ़कर 28.03 अरब डॉलर रहा था। दोनों देशों के बीच सीमा पर तनाव के बावजूद द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है।

# कस्टम डियूटी बढ़ेगा?

कें द्र सरकार 2023-24 के आम बजट की तैयारी में लगी है। आने वाली 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मता सीतारमण अपने कार्यकाल का पांचवा आम बजट पेश करेंगी। केंद्रीय बजट में हर साल कई सामानों (वस्तुओं) और सेवाओं पर लगने वाले टैक्स को लेकर भी बदलाव की घोषणा की जाती है। यही कारण है कि बजट की घोषणा के बाद कई बार कुछ सामानों की कीमतों में गिरावट आती हैं तो वहीं अगर बजट में जिन सामान और सेवाओं पर लगने वाले टैक्स को बढ़ाया जाता है तो उनकी कीमतों में इजाफा होता है। इस साल बजट के बाद कई सामानों के महंगे होने आशंका है। इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस बार के आम बजट के बाद करीब 35 या उससे अधिक सामानों के भाव बढ़ने वाले हैं क्योंकि इन पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है। अगर इस पर फैसला होता है और केंद्र की ओर से इन सामानों पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाई जाती है तो ये सामान बजट के बाद महंगे हो सकते हैं। सरकार इन वस्तुओं का आयात घटाने और देश में ही इन सामानों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कस्टम ड्यूटी बढ़ाने का ऐलान कर सकती है। ऐसा माना जा रहा है कि इस फैसले से सरकार की मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट को भी बढ़ावा मिल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक जिन सामानों पर कस्टम्स ड्यूटी बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है, उनमें प्राइवेट जेट, हेलीकॉप्टर, कई महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, प्लास्टिक के सामान, ज्वैलरी, हाई-ग्लॉस पेपर और विटामिन आदि शामिल हैं। वहीं, कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री ने बीते महीने ही विभिन्न मंत्रालयों से उन गैर-जरूरी वस्तुओं की लिस्ट बनाने को कहा था, जिनपर कस्टम ड्यूटी बढ़ाई जा सकती है।


# दुनिया में बढ़ती अमीरी और गरीबी की खाई



**दुनियाभर** में अमीरी और गरीबी के बीच खाई निरन्तर बढ़ती जा रही है। कोरोना काल में इसमें ज्यादा इजाफा देखा गया। इसी बढ़ती खाई को लेकर पूरी दुनिया में नई बहस छिड़ी है। गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत संस्था ऑक्सफैम इंटरनेशनल की वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक से ठीक पहले आई रिपोर्ट ह्यसर्वाइवल ऑफ द रिचेस्टः द इंडिया स्टोरीह्न में इसे लेकर कई चौंका देने वाले खुलासे किए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 21 सबसे अमीर अरबपतियों के पास इस समय देश के 70 करोड़ लोगों से भी ज्यादा दौलत है और वर्ष 2021 में भारत की कुल संपत्ति में से 62 फीसदी हिस्से पर देश के केवल 5 प्रतिशत लोगों का ही कब्जा था जबकि भारत की निचले तबके की बहुत बड़ी आबादी का देश की केवल तीन फीसदी सम्पत्ति पर ही कब्जा रहा।

इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, जो 2022 में 166 पर पहुंच गई पिछले साल नवम्बर तक भारतीय अरबपतियों की सम्पत्ति में 121 फीसदी तक बढ़ोतरी देखी गई। कोरोना महामारी के दौर में भारत के अरबपतियों की दौलत में प्रतिदिन 3608 करोड़ रुपये बढ़े। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सम्पत्ति 54.12 लाख करोड़ रुपये के पार जा चुकी है, जिससे 18 महीनों तक देश का पूरा बजट चलाया जा सकता है। संस्था ने सरकार को सलाह दी है कि यदि भारतीय अरबपतियों की कुल सम्पत्ति पर महज दो फीसदी टैक्स लगा दिया जाए तो उसी से आगामी तीन वर्षों तक कुपोषण के शिकार बच्चों की सभी जरूरतों को बहुत आसानी से पूरा किया जा सकता है।

ऑक्सफैम की एक रिपोर्ट में पहले भी कहा जा चुका है कि अमीर लोग महामारी के समय में आरामदायक जिंदगी का आनंद ले रहे थे जबकि स्वास्थ्य कर्मचारी, दुकानों में काम करने वाले और विक्रेता जरूरी भुगतान करने में असमर्थ थे।ऑक्सफैम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ बेहर के मुताबिक रिपोर्ट से स्पष्ट है कि अन्यायपूर्ण आर्थिक व्यवस्था से किस तरह सबसे बड़े आर्थिक संकट के दौरान सबसे धनी लोगों ने बहुत अधिक सम्पत्ति अर्जित की जबकि करोड़ों लोग बेहद मुश्किल से गुजर-बसर कर रहे हैं। ऑक्सफैम की पिछले साल की रिपोर्ट में भी कहा गया था कि यदि कोरोना के कुबेरों से वसूली होती तो देश में आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति इतनी खराब नहीं होती।



- योगेश गोयल

> इससे पूर्व रिफ्यूजी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में भी खुलासा हुआ था कि कोरोना महामारी ने दुनियाभर में 16 करोड़ से भी ज्यादा ऐसे लोगों के रहने का ठिकाना छीन लिया, जो भुखमरी, बेरोजगारी तथा आतंकवाद के कारण अपने घर या देश छोड़कर दूसरी जगहों पर बस गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी सामाजिक असमानताओं को और उभार रही है।

इससे पूर्व रिफ्यूजी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में भी खुलासा हुआ था कि कोरोना महामारी ने दुनियाभर में 16 करोड़ से भी ज्यादा ऐसे लोगों के रहने का ठिकाना छीन लिया, जो भुखमरी, बेरोजगारी तथा आतंकवाद के कारण अपने घर या देश छोड़कर दूसरी जगहों पर बस गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी सामाजिक असमानताओं को और उभार रही है। संयुक्त राष्ट्र और डेनवर विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में भी कहा जा चुका है कि महामारी के दीर्घकालिक परिणामों के चलते वर्ष 2030 तक 20.7 करोड़ और लोग बेहद गरीबी की ओर जा सकते हैं और यदि ऐसा हुआ तो दुनियाभर में बेहद गरीब लोगों की संख्या एक अरब को पार कर जाएगी।

विश्व खाद्य कार्यक्रम के एक आकलन के अनुसार दुनियाभर में 82 करोड़ से भी ज्यादा लोग हर रात भूखे सोते हैं और बहुत जल्द 13 करोड़ और लोग भुखमरी तक पहुंच सकते हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की ह्यस्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट इन फिगर्स 2020ह्न रिपोर्ट में कहा गया था कि कोरोना से वैश्विक गरीबी दर में 22 वर्षों में पहली बार बढ़ोतरी होगी और भारत की गरीब आबादी में 1.2 करोड़ लोग और जुड़ जाएंगे। विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता बेहद चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई तरह की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं।

करीब दो वर्ष पहले भी यह तथ्य सामने आया था कि भारत के केवल एक फीसदी सर्वाधिक अमीर लोगों के पास ही देश की कम आय वाली 70 फीसदी आबादी की तुलना में चार गुना से ज्यादा और देश के अरबपतियों के पास देश के कुल बजट से भी ज्यादा सम्पत्ति है। विश्व आर्थिक पत्रिका ह्यफोर्ब्सह्न की अरबपतियों की सूची में सौ से भी ज्यादा भारतीय हैं जबकि तीन दशक पहले तक इस सूची में एक भी भारतीय नाम नहीं होता था। हालांकि देश में अरबपतियों की संख्या बढ़ना हर भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए लेकिन गर्व भी तभी हो सकता है, जब इसी अनुपात में गरीबों की आर्थिक सेहत में भी सुधार हो।

ऑक्सफैम की हालिया रिपोर्ट में मांग की गई है कि धनी लोगों पर उच्च सम्पत्ति कर लगाते हुए श्रमिकों के लिए मजबूत संरक्षण का प्रबंध किया जाए। दरअसल बड़े औद्योगिक घरानों पर टैक्स लगाकर सार्वजनिक सेवाओं के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए जा सकते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मत है कि देश के शीर्ष धनकुबेरों पर महज डेढ़ फीसदी सम्पत्ति कर लगाकर ही देश के कई करोड़ लोगों की गरीबी दूर की जा सकती है लेकिन किसी भी सरकार के लिए यह कार्य इतना सहज नहीं है। दरअसल यह जगजाहिर है कि बहुत से राजनीतिक फैसलों पर भी इन धन कुबेरों का ही नियंत्रण होता है। आर्थिक विषमता आर्थिक विकास दर की राह में बहुत बड़ी बाधा बनती है। दरअसल जब आम आदमी की जेब में पैसा होगा, उसकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, आर्थिक विकास दर भी तभी बढ़ेगी। यदि ग्रामीण आबादी के अलावा निम्न वर्ग की आय नहीं बढ़ती तो मांग में तो कमी आएगी ही, इससे विकास दर भी प्रभावित होगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात
# आर्थिक असमानता

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**अमीर** होने वालों की संख्या सिर्फ सैकड़ों में होती है लेकिन गरीब होनेवालों की संख्या करोड़ों में होती है। ऑक्सफॉम के ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो साल में सिर्फ 64 अरबपति बढ़े हैं। सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रुपेय है यानी उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है।

सारे अरबपतियों की संपत्ति पर मुश्किल से दो प्रतिशत टैक्स लगता है। इस पैसे से देश के सारे भूखे लोगों को अगले तीन साल तक भोजन करवाया जा सकता है। यदि इन मालदारों पर थोड़ा ज्यादा टैक्स लगाया जाए और उपभोक्ता वस्तुओं का टैक्स घटा दिया जाए तो सबसे ज्यादा फायदा देश के गरीब लोगों को ही होगा। अभी तो देश में जितनी भी संपदा पैदा होती है, उसका 40 प्रतिशत सिर्फ एक प्रतिशत लोग हजम कर जाते हैं जबकि 50 प्रतिशत लोगों को उसका तीन प्रतिशत हिस्सा ही हाथ लगता है। अमीर लोग अपने घरों में चार-चार कारें रखते हैं और गरीबों को खाने के लिए चार रोटी भी ठीक से नसीब नहीं होती।

ये जो 50 प्रतिशत लोग हैं, इनसे सरकार जीएसटी का कुल 64 प्रतिशत पैसा वसूलती है जबकि देश के 10 प्रतिशत सबसे मालदार लोग सिर्फ तीन प्रतिशत टैक्स देते हैं। इन 10 प्रतिशत लोगों के मुकाबले निचले 50 प्रतिशत लोग छह गुना टैक्स भरते हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है। इसी का नतीजा है कि देश के 70 करोड़ लोगों की कुल संपत्ति देश के सिर्फ 21 अरबपतियों से भी कम है।

साल भर में उनकी संपत्तियों में 121 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। अब जो नया बजट आने वाला है, शायद सरकार इन ताजा आंकड़ों पर ध्यान देगी और भारत की टैक्स-व्यवस्था में जरूर कुछ सुधार करेगी। देश कितना ही मालदार हो जाए लेकिन यदि उसमें गरीबी और अमीरी की खाई बढ़ती गई तो वह संपन्नता किसी भी दिन हमारे लोकतंत्र को परलोकतंत्र में बदल सकती है।

# अहिंसा : जिओ और जीने दो

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

अपरिग्रहः दूसरों की जरूरतों का सम्मान

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।

सऊदी अरब में आर्थिक संपन्नता में जीवन स्तर तो यूरोप के बराबर पर, नागरिक खुश नहीं। अब आधी आबादी को छूट। इस्लामिक देश होने का अर्थ कट्टरपंथी या रूढ़िवादी होना जरूरी नहीं, यह उन्होंने स्वीकार कर लिया। भरोसा है सब लोग समझेंगे, पर पहले गरीबी, अशिक्षा से निकले तब।

– महेश पोद्दार, सांसद

## आपके ट्वीट

**गरीब,** आदिवासी, दलित, पिछड़ों के दुश्मन सदियों से पूंजीपति रहे हैं। यही वजह है भाजपा ने झाररखण्ड में 20 वर्ष शासन किया। गुजरात, महाराष्ट्र में शासन किया। झारखण्ड सबसे पिछड़े राज्य में शामिल हो गया?

– हेमंत सोरेन, सीएम






**अग्निवीर** के पहले बैच को संबोधित किया। हमारे रक्षा के लिये प्रतिबद्ध भारतीय स्थल, नौ और वायु सेना में उनके योगदान से मजबूती आयेगी। सबसे प्रसन्नता की बात है कि इसमें हमारी बेटियों ने भी हिस्सा लिया है।

– नरेन्द्र मोदी

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### जानलेवा मांझा

**पतंगबाजी** में चाइनीज मांझा के प्रयोग के कारण कई युवाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध लगाने के बावजूद चाइनीज मांझा बाजार में आसानी से उपलब्ध है। ऐसे दुकानदारों पर शिकंजा कसना पड़ेगा जो चाइनीज मांझा की दुकान लगाकर बैठे हैं। विज्ञापन और स्कूलों के माध्यम से जागरूकता अभियान की बेहद आवश्यकता है।

– **वीरेंद्र कुमार,जमशेदपुर**

### कमजोर हेल्थ सर्विस

**स्वास्थ्य** सेवाओं की कमी की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने वाला था। बेशक ग्रामीण क्षेत्रों में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र हैं लेकिन इनमें न केवल स्वास्थ्य विशेषज्ञों की कमी है बल्कि बहुत सारे पद खाली भी पड़े हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों को शहर के सरकारी अस्पतालों में पहले तो दाखिला नहीं मिलता और अगर दाखिला मिल भी जाए तो सुविधाएं नहीं मिलतीं। – **श्यामलाल सिंह, रांची**

# जी- 20 के ध्येय वाक्य का महत्व और हमारी संस्कृति

## सामयिक

**डॉ.दिलीप अग्निहोत्री**

**किसी** वैश्विक संगठन ने पहली बार भारतीय सूक्ति को अपना ध्येय वाक्य बनाया है। वस्तुतः यह भारतीय चिंतन के बढ़ते प्रभाव और लोकधर्म की प्रतिध्वनि है। लोगों को धीरे-धीरे यह समझ में आ रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान भारतीय चिंतन के माध्यम से किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि परिवार भाव से ही सबका भला होगा। भारत ने विश्व को एक परिवार माना है। जी-20 का ध्येय वाक्य भी 'वसुधैव कुटुम्बकम है। विश्व के लिए परिवार की बहुत आवश्यकता है। कई देशों में वहां के राजनीतिक दलों को अपने चुनाव घोषणा पत्र में लिखना पड़ रहा है कि हम पारिवारिक मूल्यों को लागू करेंगे। आज परिवार में एकता की बात होती है, लेकिन यह बात विरोधाभासी है। परिवार का मतलब ही एकता है, लेकिन आज परिस्थिति ऐसी हो गई है कि परिवार में एकता की बात की रही है।

दत्तात्रेय होसबाले कहते हैं कि मनुष्य को संस्कार परिवार से ही मिलता है। परिवार ठीक नहीं होने पर बच्चों का जीवन बर्बाद हो जाता है। परिवार में आत्मीयता व परस्पर सामंजस्य का भाव कम हो गया तो बच्चे समाज के अच्छे नागरिक नहीं बन पाएंगे। परिवार ठीक रहेगा तो सब ठीक रहेगा। इसलिए परिवार में जीवन मूल्य सिखाएं, तभी मानवता सुखी रहेगी। सद्भावना और सत्कर्म से जो संस्कार होता है उससे राष्ट्र व समाज का कल्याण होता है। आदर्श परिवार बनाने के लिए सबके प्रति स्नेह का भाव व सबको जोड़कर एक समाज के नाते मिलकर रहने से समाज की शक्ति बढ़ेगी। एक-दूसरे के प्रति प्रेम आत्मीयता सहयोग व समन्वय की भावना होनी चाहिए। दूसरे के विकास में मन को प्रसन्नता होती है। इसी को परिवार कहते हैं। परिवार के संदेश को हमने संगठन में भी लिया है। इसलिए हम जहां भी कार्य करें वहां टीम भावना से कार्य करें। प्रेम, समन्वय व सहयोग की भावना जो परिवार में होती है, उसी भाव व भावना को लेकर संघ कार्य कर रहा है।

जी-20 का लोगो जारी करते समय प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि यह केवल एक प्रतीक चिह्न नहीं है। यह एक संदेश है। एक भावना है, जो हमारी रगों में है। यह एक संकल्प है, जो हमारी सोच में शामिल है। 'वसुधैव कुटुंबकम' के मंत्र के जरिए विश्व बंधुत्व की भावना को हम जीते आए हैं। यह लोगो और थीम में प्रतिबिंबित हो रहा है। लोगो में कमल का फूल, भारत की पौराणिक धरोहर, आस्था,बौद्धिकता को चित्रित कर रहा है। भारत में अद्वैत का चिंतन जीव मात्र के एकत्व का दर्शन रहा है। ये दर्शन, आज के वैश्विक द्वंद्व और दुविधाओं के समाधान का माध्यम बनेगा। आज विश्व इलाज की जगह आरोग्य की तलाश कर रहा है। आयुर्वेद, योग को लेकर लेकर दुनिया में एक नया विश्वास और उत्साह है। हम उसके विस्तार के लिए एक वैश्विक व्यवस्था बना सकते हैं।दुनिया में अब मोटे अनाज का महत्व बढ़ रहा है। यह भारत की दुनिया को देन है। भारत की भूमिका बहुत अहम है। भारत एक ओर विकसित देशों से घनिष्ठ रिश्ते रखता है तो दूसरी ओर विकासशील देशों के दृष्टिकोण को भी अच्छी तरह से समझता है। उसकी अभिव्यक्ति करता है। इसी आधार पर हम अपनी जी-20 अध्यक्षता की रूपरेखा 'ग्लोबल साउथ' के उन सभी मित्रों के साथ मिल कर बनाएंगे जो विकास के पथ पर दशकों से भारत के सहयात्री रहे हैं। एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य यह भारतीय विचार है। यही संस्कार, विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। विश्व गुरु भारत ने सम्पूर्ण मानवता के लिए वसुधैव कुटुम्बकम का विचार दिया था। किसी अन्य सभ्यता संस्कृति के लिए यह दुर्लभ चिंतन था।

# दावोस में महाराष्ट्र में भारी निवेश के प्रस्ताव

## आर्थिक

**मुरलीधर**

**महाराष्ट्र** देश के सबसे धनी राज्यों में एक है। अतंरराष्ट्रीय फोरम पर जिस प्रकार महाराष्ट्र में विदेशी निवेशकों ने दिलचस्पी दिखाई है उससे राज्य के आधारभूत संरचना, राजनीतिक स्थिरता, व्यापारिक माहौल, कम लालफीताशाही सहित विधि व्यवस्था को बेहतर होना प्रमुख है।

महाराष्ट्र की तरफ निवेशकों को आकर्षित करने के मकसद से दावोस में चल रहे विश्व आर्थिक परिषद में हिस्सा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहले ही दिन 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौते किये। जिससे राज्य में 10 हजार लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार निर्माण होने की उम्मीद जताई जा रही है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उद्योग मंत्री उदय सामंत की उपस्थिति में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। शिंदे ने कहा कि दावोस में पहले ही दिन 45 हजार करोड़ से अधिक निवेश के समझौता करार किए गए। इससे महाराष्ट्र पर उद्योग और निवेशकों का विश्वास साबित हुआ है। उद्योग मंत्री सामंत ने ट्वीट कर जानकारी दी कि इस निवेश से राज्य में कम से कम 10,000 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री की दावोस यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि सत्ता में आने के बाद से ही शिंदे-फडणवीस सरकार राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए वैश्विक और घरेलू निवेशकों को आकर्षित करने का प्रयास कर रही है। वो भी तब जब महाराष्ट्र से हजारों करोड़ों के प्रोजेक्ट्स के पड़ोसी राज्यों में जाने का आरोप लगाकर विपक्ष लगातार हमला बोल रहा है।

अधिकारियों की तरफ से प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिंदे की दो दिन की यात्रा के दौरान प्रमुख विदेशी निवेशकों और वैश्विक कंपनियों के साथ लगभग 21 प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए जाने हैं। इन निवेश से अगले कुछ साल में 66,500 रोजगार पैदा होंगे और राज्य 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य पर आगे बढ़ सकेगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से दावोस में हुए समझौता करार के बारे में दी गई जानकारी में कहा गया कि पहले दिन पांच कंपनियों के साथ करार किया गया। इस समझौता करार के अवसर पर उद्योग मंत्री उदय सामंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव भूषण गगराणी, उद्योग प्रधान सचिव डॉ. हर्षदीप कांबले, एमआईडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. विपीन शर्मा आदि उपस्थित थे।

राज्य में निवेश की आवश्यकता को लेकर कई राज्य बेहतर कर रहें हैं। विशेषकर दक्षिण भारत के राज्य ,गुजरात, ओड़िसा और मध्य प्रदेश आगे चल रहें हैं। विदेशी-देशी निजी निवेश से जहां रोजगार में वृद्धि होती है वहीं राज्य सरकार का कर भी बढ़ता है। राज्य के कर से आय बढ़ने से राज्य अधिक से अधिक कल्याणकारी योजनाओं को पूरा करने का अवसर मिलता है केन्द्र पर निर्भरता कम होती है। बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में उन विकसित राज्यों में जाते हैं जिससे डेमोग्राफी बदलता है। पिछड़ें राज्य और अधिक पिछड़ते हैं। बिहार और झारखंड राज्य में विधि व्यवस्था और भ्रष्टाचार के साथ नक्सल और हिंसा की समस्या भी निवेशकों को निवेश करने से रोकती है। राज्यों में सस्ती बिजली, आधारभूत संरचना, सहयोगी सरकार, उद्योग के हित में राज्य का कर और बेहतर बाजार से ही निवेशक आते हैं। निवेशकों का आने से तकनीक और समृद्धि दोनों आती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह


द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## पूर्व चीफ जस्टिस यूयू ललित पहुंचे जमशेदपुर



सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के पूर्व चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति यूयू ललित गुरुवार को जमशेदपुर पहुंचे। वे यहां टाटा स्टील के लीगल डिपार्टमेंट के एक आंतरिक सेमिनार को संबोधित करेंगे। उन्होंने जमशेदपुर में सेंटर फॉर एक्सीलेंस का भ्रमण भी किया।

## विधायक सविता महतो ने सीएम हेमंत को भेंट किया गुड़ पीठा



**चांडिल।** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने गुरुवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर मकर पर्व की शुभकामना दिया। विधायक ने मुख्यमंत्री को उपहार स्वरूप अपने हाथों से बनाए हुए गुड पीठा भेंट किया। इस दौरान विधायक ने अपने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस दौरान साथ में झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो भी थे।

स्पीड न्यूज

## हरिवंश की तीन किताबों पर संवाद कल

**जमशेदपुर।** 21 जनवरी को 12 बजे से चेंबर भवन, बिष्टुपुर में राज्यसभा के उपसभापति, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक श्री हरिवंश की तीन किताबों पर लेखकीय संवाद होगा.प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के इस आयोजन में लेखक श्री हरिवंश की तीन नयी पुस्तकों के बारे में जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज के कुलसचिव डा अविनाश कुमार सिंह व एलवीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डा एके झा व घाटशिला कॉलेज के प्रोफेसर मित्रेश्वर अग्निमित्र परिचर्चा करेंगे। साहित्यकार सह प्रोफेसर त्रिपुरा झा, लेखक श्री हरिवंश की तीनों पुस्तकों पर प्रश्नोत्तरी संवाद करेंगी। इस आयोजन में उपस्थित पाठकों से भी लेखक का संवाद होगा। वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित इन तीनों पुस्तकों के नाम क्रमश: 'पथ के प्रकाश पुंज', 'कलश' और 'सृष्टि का मुकुट: कैलास मानसरोवर' है। इन तीनों पुस्तकों का संपादन हैदराबाद में रहनेवाले प्रसिद्ध पत्रकार अतुल कुमार ने किया है।

## तनाव रहित परीक्षा के लिए आज टिप्स देंगे एसएसपी प्रभात कुमार



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा शुक्रवार दिनांक 20 जनवरी, 2023 को चैम्बर भवन, बिष्टुपुर में संध्या 430 बजे से मोटिवेशनल टॉक शो के आयोजन हेतु पूरी तैयारी कर ली गई है। दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड के विद्यार्थियों को इसमें शामिल होने के लिये गूगल लिंक भेज दिया गया जिसे कई विद्यार्थियों ने भरा है। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। बताया कि चैंबर ने व्यवसायिक एवं अन्य जन समस्याओं के निराकरण के इतर विद्यार्थियों हेतु यह कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया जिसमें पूर्वी सिंहभूम के वरीय आरक्षी अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, भापुसे.ने वक्ता के रूप में उपस्थित रहने की अपनी सहमति प्रदान की।

## चांडिल-चौका में चोरी

**चांडिल।** चांडिल बाजार के बनिया पाड़ा में रविंद्र नाथ प्रमाणिक के घर की ताला तोड़कर चोरों ने अपना हाथ साफ किया। रविंद्र नाथ प्रमाणिक कारीगर का काम कर अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं। वे मकर पर्व मनाने अपने पैतृक गांव नीमडीह थाना क्षेत्र के बामनी चालियामा के चिरुगोड़ा गांव गए हुए थे। पूरे परिवार के साथ 14 जनवरी को अपने गांव गए थे और गुरुवार 19 जनवरी को पर्व मनाकर चांडिल लौटा। उन्होंने कहा घर का ताला तोड़कर नगद राशि एवं जेवरात मिलाकर लगभग 60 हजार रुपए तक उनके घर से चोरी कि गई है। इस संबंध में उन्होंने चांडिल थाना में मामला दर्ज कराया है। चांडिल थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# कल गोपाल मैदान में विशाल टुसू मेला, दो लाख से अधिक लोग लेंगे आनंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड वासी एकता मंच के संयोजक सह सांसद विद्युत वरण महतो तथा मुख्य संयोजक आस्तिक महतो ने जानकारी दी कि शनिवार, 21 जनवरी को दो वर्षो के अंतराल के बाद बिष्टुपुर गोपाल मैदान में पुनः ढोल, मांदर, धमसा की आवाज गूंजेगी। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है और उम्मीद से अधिक लोगों के जुटान होने की उम्मीद है। वे आज सोनारी स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि आयोजन की तैयारी लगभग अंतिम चरण में है। आयोजन स्थल में पंडाल का निर्माण जारी है। उक्त मेला में राजनीति व समाज के कई गण्यमान्य लोग शिरकत करेंगे। इसकी शुरुआत वर्ष 2006 में पूर्व सांसद स्व.सुनील महतो, राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व.सुधीर महतो के साथ मिलकर की गई थी, जिसे आज भी कायम रखा गया है। टुसु मेला में आकर्षक प्रतिमा, चौड़ल लेकर आनेवालों के लिये आकर्षक ईनाम राशि तय किये गये हैं। साथ ही बुढ़ी गाड़ी नाच तथा व्यक्तिगत साज-सज्जा करने में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले पुरस्कृत किये जायेंगे।

संवाददाता सम्मेलन में उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावा चुनका मार्डी, सुकांत बारी, सुखदेव महतो, बबलू महतो, उमानाथ झा, जुगल किशोर मुखी, अशोक सिंह, गोपाल महतो आदि मौजूद थे।



टुसु मेला का पोस्टर लांच करते सांसद विद्युवरण महतो, आयोजक आस्तिक महतो व सहयोगी।

**मेला में मिनी भारत का दिखेगा नजारा : आस्तिक-** आस्तिक महतो ने बताया कि 21 को होनेवाले विशाल टुसु मेला में मिनी भारत का नजारा दिखेगा। यहां झारखंड के कई जिलों के अलावा पश्चिम बंगाल तथा ओडिष्या के भी टुसुप्रेमी जुटते हैं। पूर्व में एक से डेढ़ लाख लोगों का जुटान होता था। कोरोना पर आंशिक राहत के बाद उम्मीद है कि दो से ढाई लाख लोगों का जुटान होगा। यह मेला अपनी संस्कृति, परंपरा को बचाये रखने का एक माध्यम है, जिसमें सभी जाति व धर्म के लोग शामिल होते हैं।

**स्व. साधु की धर्मपत्नी सारथी महतो बनीं सह संयोजक :** ईचागढ़ के पूर्व विधायक सह मंच के संयोजक रहे स्व. साधुचरण महतो के पद पर उनकी धर्मपत्नी सारथी महतो (पूर्व जिला पार्षद, सरायकेला) को स्थान दिया गया है। इसके अलावा सह संयोजक के रुप में फणीन्द्र महतो, सुखदेव महतो तथा बबलू महतो को भी जोड़ा गया है।

**आयोजन की तैयारी में लगी है युवाओं की टीम :** आयोजन को लेकर मंच की युवा टीम दिनरात मेहनत कर रही है। पंडाल निर्माण की देखरेख सहित अन्य आवश्यक कार्य युवा टीम संभाले हुए है। मैदान में प्रतिमा, चौड़ल लेकर आनेवालों के अलावा वाहन पार्किंग आदि के लिये जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। इस कार्य को संपन्न करने में कमल महतो, अशोक महतो, राजू बाबा, रामनाथ महतो, मनोज महतो, नकुल महतो, मनोज सिंह, ओपा सिंह, प्राण राय, श्रीनिवास राव, रोहित दास, जगदीश राव, बाला राव, राजेन गोप, रजनीश, शेखर राव, राजीव राजू, विशाल महतो, रोहित महतो, नरेन्द्र महतो, विजय महतो, अनिल सिंह, अजय रजक, चिंटू, सपन महतो सहित अन्य शामिल है।

**विजेताओं को आकर्षक ईनाम**

आयोजकों ने बताया कि टुसु, चौड़ल और बुढ़ी गाड़ी नाच में अव्वल आनेवालों को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। टुसु के प्रथम विजेता को 31 हजार, द्वितीय-25 हजार, तृतीय-20 हजार, चतुर्थ-15 हजार, पंचम-11 हजार, षष्टम-7 हजार व सप्तम विजेता को 5 हजार नगद राशि दी जाएगी. इसी तरह चौड़ल में प्रथम- 25 हजार, द्वितीय-20 हजार, तृतीय-15 हजार व चतुर्थ विजेता को 11 हजार की राशि मिलेगी.बुढ़ी गाड़ी नाच में प्रथम-15 हजार, द्वितीय-11 हजार, तृतीय-7 हजार व चतुर्थ विजेता को 5 हजार नगद राशि मिलेगी। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रुप में निश्चित राशि दी जायेगी।

# स्वर्णरेखा आरती घाट निर्माण कार्य शुरू

- दोमुहानी पर शुरु हुआ समतलीकरण कार्य
- मंत्री बन्ना गुप्ता स्वयं कर रहे निगरानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार आज दोपहर करीब 3. 30 बजे स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक बन्ना गुप्ता और जुस्को के कैप्टेन धनंजय मिश्रा दुमुहानी स्वर्णरिखा घाट पहुंचे। उनके साथ 2 पोकलेन, 2 जेसीबी, 2 हाइवा और 1 ग्रेडर मशीन के साथ 50 से ज्यादा लेबर भी पहुंचे थे।

इसके साथ ही स्वर्णरिखा आरती मंडप के तटीय क्षेत्र के समतलीकरण का कार्य शुरू किया गया है, उसके पहले साफ सफाई का कार्य भी किया गया। मंत्री बन्ना गुप्ता के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वर्णरिखा आरती मंडप की निगरानी स्वयं मंत्री कर रहे हैं।

बताया कि जमशेदपुरवासियों के सुविधा के लिए इस तट पर विभिन्न जन योजनाओं की भी शुरुआत की जाएगी। इसके तहत आरती मंडप घाट, छठ घाट, बैठने के लिए बेंच, टहलने के लिए वॉक पथ, पौधरोपण, स्नानघर, मुंडन मंडप, शौचालय, विधुत व्यवस्था, शौचालय का भी निर्माण किया जायेगा। इसके साथ ही हवन कुंड, कचड़ा निष्पादन एरिया, एडमिनिस्ट्रेशन बिल्डिंग, पुजारियों और पुरोहितों के लिए कक्ष समेत विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत योजनाओं पर कार्य किया जायेगा। दौरे में मंत्री बन्ना गुप्ता, जुस्को के कैप्टेन धनंजय मिश्रा, स्वर्णरिखा योजना के रविकांत चौधरी, सुजीत पाण्डेय, जेएनएसी के पदाधिकारी, ओम प्रकाश सिंह, गुड्डू गुप्ता,संजय ठाकुर, बिलाल गुफरानी, सुनील गुप्ता, अशोक चौधरी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।





दोमुहानी पर बनने वाले आरती घाट के लिए समतलीकरण करती जेसीबी मशीन और जायजा लेते मंत्री।

## लुपुंगडीह के विशाल टुसू मेला में विधायक मंगल कालिंदी शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के हुरलुंग पंचायत स्थित लुपुंगडीह फुटबल मैदान में विशाल टुसु मेला का आयोजन किया गया। गुरुवार को टुसु मेला में विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। मौके पर आयोजक समिति के द्वारा ढोल नगाड़ा के साथ विधायक का स्वागत किया गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने ढोल नगाड़ा के साथ टुसु के गीत गाकर झारखंड के सांसतिक उत्सव में क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ जमकर थिरके। साथ ही विधायक ने झारखंडी टुडू पर्व को बढ़ावा देते हुए ग्रामीणों के साथ नाचे व गाए। विशाल टुसू मेला में हजारों हजारों की संख्या में दूर-दराज के ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा टुसू मेला झारखंडी की संस्कृति और सभ्यता की पहचान है। झारखंड में आदिवासी व मूलवासी टुसु पर्व प्रत्येक वर्ष हर्ष उल्लास के साथ मनाते है। जुगसलाई विधानसभा के खासकर ग्रामीण क्षेत्र में टुसू व मकर संक्रांति पर्व का अलग महत्व है। ग्रामीण दूरदराज से मेला में उपस्थित होकर दिनभर पर्व का आनंद उठाते हैं। विधायक ने कहा इस तरह के आयोजन से ग्रामीण एक जुट होते है। उन्होंने कहा टुसू एक ऐसा पर्व है जो गांवों में एक महीना तक चलता है। लगभग एक माह तक अलग अलग क्षेत्र में आयोजित टुसु मेला में ग्रामीण शामिल होते हैं।

## मरीन ड्राइव कचरा डंपिंग को लेकर लोगों की आंख में धूल न झोकें जेएनएसी-जुस्को

- विधायक सरयू राय ने सोनारी मैरीन ड्राइव कचरा डंपिंग स्थल का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने आज मैरीन ड्राइव किनारे कचरा डंपिंग स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ सोनारी के कई नागरिक थे जिनमें जनसुविधा ट्रस्ट के मुकुल मिश्रा, सुदीप चौधरी, संजीत सिंह, लालु रजक, उत्तम कुमार दास आदि वहाँ कचरा डंपिंग हुई है। समाचार पत्रों में आज छपा है कि जमशेदपुर अक्षेस द्वारा वहां आग बुझाने की व्यवस्था की गयी है, पानी का टैंकर रखा हुआ है और गार्ड की व्यवस्था की गयी है ताकि कोई आग न लगा सके। इनमें से कोई भी उपाय कचरा डंपिंग स्थल पर नहीं दिखा और दर्जनों स्थानों से आग का धुआं निकलता हुआ दिखा।



डंपिंग स्थल का निरीक्षण करते सरयू राय।

जमशेदपुर अक्षेस की तरफ से अधिकारिक ब्यान अखबार में छपा है कि इस स्थल की घेराबंदी की जाएगी और यहां टीएसयूआईएसएल के सहयोग से पार्क बनाया जाएगा। इस स्थल के किनारे पर मैरीन ड्राईव सड़क के समानांतर काफी दूर तक लोहे का ढांचा कुछ कुछ दूरी पर दिखाई पड़ा, मानो पहले घेराबंदी करने के लिए पिलर खड़ा करने की योजना पर काम हो रहा था जिसे रोक दिया गया। वस्तुतः जमशेदपुर अक्षेस ने ढेड़ साल पहले इस स्थल की घेराबंदी के लिए निविदा निकाला था और किसी संवेदक की निविदा चयनित हुई थी, उसे कार्यादेश मिला था, उसने कार्य आरंभ किया परंतु तत्कालीन जुस्को के विरोध के कारण यह काम रूक गया। अब फिर से जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी इस स्थल की घेराबंदी की बात कर रहे हैं। सवाल उठता है कि क्या इसके लिए टीएसयूआईएसएल ने सहमति दे दी है।

## खड़ियासाई में आधुनिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हुआ शिलान्यास

- सांसद विद्युतवरण महतो और विधायक संजीव सरदार रहे मौजूद

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो एवं पोटका के विधायक संजीव सरदार ने खड़िया साई ( पोटका ) में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास संयुक्त रूप से किया। यह केंद्र स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत 9 करोड़ 21लाख 09हजार 935 रु की लागत से बनेगा। मौके पर नेता द्वय ने कहा की पोटका प्रखंड को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का अभाव था। इसके बिना लोगो का इलाज पर्याप्त रूप से नहीं हो पा रहा था। आज यह पूरा हो रहा है। यहां अस्पताल भवन के साथ साथ कर्मचारियों का भवन भी बनेगा। इसके लिए सरकार की ओर से पांच एकड़ जमीन मुहैया कराया गया है। संवेदक आर एस अग्रवाल के द्वारा यह निर्माण कराया जायेगा।11 माह में यह बनकर तैयार होगा। 30 बेड का यह अस्पताल होगा। इस अवसर पर जिला परिषद सोनामुनी सरदार, बीस सूत्री के जिला सदस्य सह पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, प्रखंड प्रमुख सुकुरमुनि टुडू, मुखिया सावित्री हंसदा, वार्ड सदस्य सोमेन सरदार, पंसस ऋषि सरदार, ग्राम प्रधान इंद्रावती सरदार, उप मुखिया सुरजीत सरदार, सुनील महतो, किसन गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र नाथ सरदार आदि मौजूद थे।



## परीक्षा पे चर्चा: राजेंद्र विद्यालय सभागार में लाइव शो 27 को

- पीएम नरेंद्र मोदी से रुबरु हो सकेंगे नगर के परीक्षार्थी
- सांसद ने राजेंद्र विद्यालय प्रबंधन संग की तैयारी बैठक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आर्ट एंड पेंटिंग प्रतियोगिता एवं परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम की तैयारी हेतु पूर्वी सिंहभूम के सांसद विद्युत वरण महतो, परीक्षा पर चर्चा एवं आर्ट एंड पेंटिंग प्रतियोगिता के जिला संयोजक बिमल जालान, अमिताभ सेनापति एवं शिव प्रकाश शर्मा तथा सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार के संग राजेंद्र विद्यालय पहुंचकर वहां के विद्यालय समिति के अध्यक्ष, महासचिव, प्राचार्य के साथ इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विशेष बैठक की। इस क्रम में इस वर्ष 27 जनवरी 2023 को सुबह 11:00 बजे से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन देशभर के विद्यालयों में एक साथ किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री वीडियो कन्फ्रेंस से विद्यार्थियों से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम के पूर्व एक आर्ट एंड पेंटिंग प्रतियोगिता 22 जनवरी को सुबह पूर्वाह्न 11से 1 बजे तक राजेंद्र विद्यालय, साकची के सभागार में की जायेगी।


# मोहरदा-मुड़ाकाटी क्षेत्र में टाटा की बिजली शीघ्र

- छायानगर, निर्मलनगर में जुस्को बिजली के लिए सब स्टेशन बनेगा
- बस्ती क्षेत्रों में सब स्टेशन एवं आधारभूत संरचना बनाने में जुटी कंपनी
- जमशेदपुर के हाईमास्ट लाइट को जुस्को से विद्युत कनेक्शन किया जा रहा है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा लीज क्षेत्र एवं इससे सटे अन्य बस्तियों के निवासियों को जुस्को का विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने को लेकर कमिटी की बैठक आज बिष्टुपुर स्थित विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय में हुई। इस बैठक मे जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय शामिल हुए।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मोहरदा, मुराकाटी क्षेत्र में टाटा स्टील यूआइएसएल (पूर्व नाम जुस्को) बिजली हेतु शीघ्र कार्य प्रारंभ होगा। बिजली हेतु केबुल बिछाने के लिए पथ निर्माण विभाग एवं मोहरदा ओड़िया स्कूल मैदान में सब स्टेशन के लिए जमीन का सत्यापन हेतु अंचलाधिकारी से जुस्को द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र मांगा गया है। विधायक सरयू राय ने समिति की बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर अनापत्ति प्रमाण पत्र शीघ्र देने का निर्देश दिया। जुस्को के अधिकारियों ने बैठक में श्री राय को बताया कि छायानगर-चंडीनगर, निर्मलनगर के लिए सब स्टेशन निर्माण का कार्य प्रगति पर है। सब स्टेशन निर्माण के लिए आवश्यक निर्माण सामग्री की खरीददारी कर ली गयी है। स्थल चिन्हित कर लिया गया तथा उक्त स्थल पर सब स्टेशन निर्माण के लिए जिला प्रशासन से सहयोग मांगा गया है। श्री राय की की पहल पर बागुननगर और नामदा बस्ती में विधायक विद्युत क्षमता को बढ़ाकर 2 केवीए से 10 केवीए किया गया है जिसके लिए आवश्यक निर्माण कार्य प्रगति पर है। बर्मामाइंस स्थित विनोबा आश्रम क्षेत्र के उपभोक्ताओं को जुस्को बिजली हेतू फार्म वितरण कर दिया गया है। इच्छुक कई उपभोक्ताओं ने फार्म जमा कर दिया गया है। शेष रह गये उपभोक्ताओं को भी फार्म जमा करने एवं जुस्को बिजली लेने के लिए जुस्को की प्रक्रिया चल रही है। जुस्को के अधिकारियों ने विधायक को बताया कि मार्च, 2023 तक विनोबा आश्रम के उपभोक्ताओं को बिजली दे दी जाएगी। विधायक ने गोलमुरी के केबुल टाऊन और केबुल बस्ती के प्रत्येक घरों को अलग-अलग बिजली प्रदान करने की बात कही। वर्तमान में यहाँ सिंगल प्वाइंट पर बिजली आपूर्ति की जाती है जिससे कई समस्यायें उपभोक्ताओं को उठानी पड़ती है। इसके निदान के लिए श्री राय ने पहली बैठक से ही अधिकारियों को निर्देश दिया था।



बैठक की अध्यक्षता करते विधायक सरयू राय।

## एक नजर में

### जुस्को यूनियन ने सेवानिवृत सदस्यों को दी विदाई



**जमशेदपुर।** गुरुवार को जुस्को श्रमिक यूनियन के परिसर में रिटायर्ड एम्पलाई के फेयरवेल हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रघुनाथ पांडेय ने की। कार्यक्रम में टाटा स्टील यूआइएसएल से रिटायर कर्मचारी उपस्थित थे। अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय ने उन्हें फूल की माला एवं गिफ्ट कूपन देकर उनका अभिवादन किया और भावभीनी बिदाई दी। कार्यक्रम में यूनियन महासचिव सीडीएस कृष्णन ,वर्किंग प्रेसिडेंट अमरनाथ तिवारी, डिप्टी प्रेसिडेंट मनीष कुमार दुबे, ट्रेजर मिस्टर गोपाल प्रसाद जायसवाल, वाइस प्रेसिडेंट मिस्टर मनोज कुमार पांडे एवं पिंटू शर्मा असिस्टेंट सेक्रेटरी अखिलेश कुमार राय एवं बुलबुल कुमार सिंह एवं अन्य कमेटी मेंबर उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने परिजनों को दी सांत्वना



**गम्हरिया।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गुरुवार को दिवंगत भाजपा नेता गणेश महतो के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करने उनके गम्हरिया स्थित आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बढ़ाया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि स्व0 गणेश महतो पार्टी के सच्चे और कर्मठ सिपाही के रूप में हमेशा सक्रिय रहते थे। पार्टी के क्रियाकलापों को आगे बढ़ाने में उनका योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि के कार्यों को भी उन्होंने बखूबी निभाया। इनके असामयिक निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में कर पाना संभव नहीं है। मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, भाजपा नेता विमल सोनार, जनी केडिया, भगवान सिंह, अजीत सिंह, श्याम महतो, मनोरंजन सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ब्रह्मा बाबा ने लोगों को अध्यात्म से जोड़ा : रूबी बहन



**जमशेदपुर।** गुरुवार को मानगो स्थित ब्रह्मकुमारी केंद्र में ब्रह्मा बाबा का 54वां पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। मौके मानगो केंद्र की संचालिका रूबी बहन ने बताया कि ब्रह्मा बाबा (दादा लेखराज) ने सन् 1936 ई में ओम मंडली ट्रस्ट का गठन किया जिसे प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईष्वरीय विष्वविद्यालय के नाम से जाना जाता है। आज यह संस्था विश्व के 145 देशों में 8500 सेवाकेन्द्र द्वारा अपनी सेवा दे रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा बामा महायोगी, महातपस्वी एवं स्वर्णिम युग के सूत्रधार थे। उन्होंने युवा पीढ़ी एवं कन्याओं-माताओं के जीवन को अध्यात्म से जोड़कर एक सषक्त संगठन तैयार किये। निराकारी, निर्विकारी, निरहंकारी, धारणाओं द्वारा कर्मातीत फरिश्ता बन गये। कार्यक्रम के प्रारंभ में एवं उनकी जीवन का वीडियो दिखाया गया तथा अन्त में उनहें पुशपमाला द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके रीता बहन, पदमा, अंजना, विनीता, षिव प्रिया, गौतम भाई, मदनमोह, किषोर, बलदेव, षंभू, संजय अग्रवाल, संदीप ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### नंदकिशोर और सरोज अग्रवाल ने अपने वैवाहिक वर्षगांठ पर किया भोग वितरण



**जमशेदपुर।** कदमा स्थित नंद किशोर अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सरोज अग्रवाल ने विवाह की 40वीं वर्षगांठ पर मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात् गरीबों के लिए भोग वितरण कराया। साथ ही मंदिर में दान कर वर्षगांठ मनाया। उन्होंने कहा कि हम प्रत्येक वर्षगांठ के अवसर पर गरीबों एवं असहाय लोगों को किसी न किसी रूप में मदद करते हैं। उक्त अवसर पर नंद किशोर अग्रवाल एवं धर्मपत्नी सरोज अग्रवाल उनके पुत्र एवं पुत्रवधु अभिनव एवं जगमा अग्रवाल, अभिषेक एवं सोनल अग्रवाल उपस्थित थे।

### तैलिक महासभा ने मनायी भामाशाह की पुण्यतिथि



**जमशेदपुर।** गुरुवार को साकची (एमजीएम) भामाशाह गोलचक्कर में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में महादानवीर भामाशाह जी की 423वीं पुण्यतिथि को गौरव दिवस के रूप में मनाया। मौके पर भामाशाह जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको नमन किया गया। साथ ही साहू समाज ने जरूरतमंद 51 लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर जिलाध्यक्ष राकेश साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार चंदिका प्रसाद, रंजीत कुमार साव, शिव लोचन साव राहुल पप्पू साहू, युवा अध्यक्ष आदित्य धनराज साह, महिला अध्यक्ष पूजा साहू, जय नाथ साहू इंद्र नारायण साहू सत्यदेव प्रसाद शैलेंद्र कुमार भोला प्रसाद वंदना गुप्ता मनोज कुमार गौतम साहू, सूरज प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### कांड्रा में पूर्व की भांति ट्रेनों का नहीं हुआ ठहराव तो होगा रेल चक्का जाम : मधु कोड़ा



**गम्हरिया।** रांची जाने के क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा गुरुवार को कांड्रा स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंच कर कार्यकर्ताओं के साथ कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने रेल समस्या का जिक्र करते हुए कई ट्रेनों का ठहराव कांड्रा स्टेशन पर नहीं होने से लोगों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। बताया गया कि कोरोना काल से कई ट्रेनों का ठहराव कांड्रा स्टेशन पर बंद कर दिए जाने से आसपास के लोगों को टाटानगर स्टेशन जाकर ट्रेन पकड़ना पड़ रहा है। पूर्व सीएम ने इस मुद्दे पर कहा कि रेल अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र पूर्व की तरह कांड्रा स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव करने की मांग की जायेगी।

## स्पीड न्यूज

### सतबरवा : भाजपा विधायकों का स्वागत



**सतबरवा।** गढ़वा जाने के क्रम में खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, हटिया विधायक नवीन जयसवाल तथा चंदनकियारी के विधायक व पूर्व मंत्री अमर बाउरी का स्वागत ट्रेनिंग कॉलेज के समीप भाजपा कार्यकर्ता व समर्थकों ने किया। मौके पर पांकी विधायक प्रतिनिधि लाला प्रसाद यादव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विजय मांझी, नवीन उपाध्याय, महाराणा प्रताप कुशवाहा, तरूण मिश्रा, गोविंदा कुमार, राकेश कुमार भुइयां समेत कई लोग मौजूद थे। उपस्थित लोगों ने सभी विधायकों को शाल देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायकों ने कहा कि झारखंड सरकार गरीब विरोधी सरकार है। गरीबों का कोई भी काम नहीं हो पा रहा है। चारों तरफ लूट मची हुई है। हत्या व बलात्कार जैसी घटनाएं आम हो गई है। विधायक मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त है उन्हें राज की जनता से कोई लेना देना नहीं है 2024 के विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

### शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर बैठक



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** लेस्लीगंज थाना परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर में श्री शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन 21 जनवरी से होगा। इसे लेकर लेस्लीगंज थाना परिसर में गुरुवार को बैठक की गई। बैठक में यज्ञ आचार्य पंडित रमाकांत पाठक ने यज्ञ को लेकर विस्तार से चर्चा की। बताया कि 21 जनवरी को मंदिर प्रांगण में पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, जलाधिवास एवं हवन प्रारंभ होगा। 22 को अन्नाधिवास तथा पुष्पाधिवास तथा शिवलिंग का नगर भ्रमण होगा। जबकि 23 को शिव प्राण प्रतिष्ठा तथा शिव विवाह होगा। बैठक में शुक्रवार को अखंड संकीर्तन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत कराने का निर्णय लिया गया। वहीं समापन के दिन संध्या में भक्ति जागरण तथा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय हुआ है। बैठक में थाना प्रभारी गौतम कुमार राय, एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी, राजू कुमार, संतोष मिश्रा, राजीव श्रीवास्तव योगेंद्र प्रसाद सोनी, अजीत तिवारी, राम प्रकाश बिरेंद्र कुमार तिवारी, अरविंद डिसिल्वा, सुमित गुप्ता, चंदन सोनी समेत कई लोग मौजूद थे।

### स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल जारी



**नीलांबर पीतांबरपुर।** 16 जनवरी से झारखंड राज्य में एनआरएचएम से जुड़े एएनएम एवं जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ अपने सीएचसी में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इसी के तहत लेस्लीगंज सीएचसी से जुड़े एएनएम जीएनएम पूनम कुमारी वर्मा, रीना शर्मा, सुलेखा सिन्हा, अमृता टोपनो, प्रतिमा कुमारी, कुमारी पूनम, दीपू कुमार, इंद्रावती कुमारी, पुष्पा कुमारी, पिंकी कुमारी के द्वारा सीएचसी लेसलीगंज के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया गया, इनका एक मात्र मांग है कि सभी अनुबंधकर्मी का सीधे समायोजन किया जाए, इसे छोड़कर किसी भी तरह की वार्ता या आश्वासन स्वीकार नहीं की जायेगी। जैसा कि ज्ञात हो एएनएम के हड़ताल पर चले जाने के कारण स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, सप्ताह में दो दिन होने वाले टीकाकरण एवं सभी सेंटर पर आने वाले रोगियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। आशा है कि राज्य सरकार व स्वास्थ्य मंत्रालय जल्द इस समस्या का निदान करने का प्रयास करेगी।

# जनता संवाद : पलामू सांसद ने सुनी समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को पलामू सांसद विष्णु दयाल राम पलामू संसदीय क्षेत्र के हुसैनाबाद प्रखंड में सांसद आपके पंचायत में कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत झरगड़ा, पतराखुर्द एवं उर्दवार मंजूराहा में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त पंचायतों में जनता संवाद कार्यक्रम में जनता की जन समस्याओं से अवगत हुए और उसका निदान का भरोसा दिया।

विदित है कि हुसैनाबाद प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मरम्मतीकरण कार्य के तहत 5 सड़कों क्रमशः जपला पथरा से पोलडीह तक 4 किलोमीटर, बलदिहरी पीच रोड से गाजीबिहरा तक 10.80 किमी, पीडब्ल्यूडी रोड़ जपला से तेतरिया पूर्णदरबिगहा रोड़ होते हुए बुधुआ तक 2.80 किलोमीटर, बरेवा से बुधुआ तक 2.80 किलोमीटर, पीडब्ल्यूडी रोड़ से उर्दवार मंझौली तक 5.00 किलोमीटर का मरम्मतीकरण कराने की स्वीकृति प्रदान करायी गई है।



जनता संवाद के दौरान पलामू लोकसभा क्षेत्र की जनता को संबोधित करते सांसद बीडी राम व अन्य।

साथ ही माननीय सांसद ने ग्राम पंचायत झारगड़ा में विगत दिनों सड़क दुघर्टना में स्व मंगल पासवान एवं स्व मिस्त्री पासवान के परिवारजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा पीड़ित परिवार को मदद कराने का आश्वासन दिया।

उक्त कार्यक्रम समाप्ति के बाद श्री राम ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री भानु प्रताप शाही जी के पिताजी के ब्रह्मभोज के आयोजित कार्यक्रम में केतार प्रखंड स्थित उनके आवास पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रफुल्ल कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, राम प्रवेश सिंह, जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, प्रशांत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, अखिलेश मेहता, शेखर गुप्ता, विनय कुमार सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, उदय विश्वकर्मा, राजेश कर्ण, ईश्वरी पांडेय, ग्राम पंचायत झारगड़ा मुखिया अशोक चौधरी, पतरा खुर्द मुखिया अंचल देवी, उर्दवार मंजुरहा मुखिया पूनम कुमारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे। उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## गणतंत्र दिवस के दिन बंद रहेगी मांस मदिरा की दुकानें



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में गणतंत्र दिवस के दिन नगर निगम क्षेत्र में सभी प्रकार के मांस, मदिरा (शराब) की दुकानें बंद रहेगी। डीडीसी सह नगर आयुक्त रवि आनंद ने सूचित किया है कि गणतंत्र दिवस के दिन मांस मदिरा की दुकाने बंद रहेगी। उक्त तिथि को दुकान बंद नहीं होने पर निगम द्वारा कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### मासूम आर्ट ग्रुप की शॉर्ट फिल्म छतरी की शूटिंग प्रारंभ

# अच्छी फिल्म बनाने वालों को मिलेगी भरपूर मदद : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अच्छी फिल्म बनाने वालो को हर संभव मदद की जायेगी। पलामू के कलाकारों में काफी संभावनाएं है, उन्हे प्लेटफार्म की जरूरत है। मासूम आर्ट ग्रुप जिस मानवीय संवेदना को सहेज कर फिल्म बना रही है वो सराहनीय है। उक्त बातें पलामू के आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कही। वे गुरुवार को शहर थाना में फिल्म छतरी के मुहूरत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने मुहूरत शॉट का केल्पिंग देते हुए गणपति पूजा में भी भाग लिया। मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा बनाया जा रहा शॉर्ट फिल्म छतरी के लेखक पिंकू दुबे व निर्देशक बंटी दुबे है। मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने कहा की पिंकू व बंटी दुबे पलामू के रहने वाले है जो मुंबई के फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पैठ बना चुके है, इस बार वे अपने घर में मासूम के साथ मिलकर फिल्म बना रहे है। मुहुर्त के मौके पर पिंकू दुबे व बंटी दुबे को सम्मानित किया गया। श्री पांडेय ने कहा की यह फिल्म मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी है, जिसे फिल्म फेस्टिवल को ध्यान में रख बनाया जा रहा है।



**खास बातें :** इस फिल्म के सभी कलाकार पलामू के है, जबकि डीओपी झारखंड के जाने माने कैमरामैन सुमित सचदेवा है, प्रोडक्शन कंट्रोलर बेलाल अंसारी है। फिल्म छतरी के मुख्य कलाकार सैकत चटर्जी, मुनमुन चक्रवर्ती, कामरूप सिन्हा, अमर भांजा, उज्वल सिन्हा, कनक लता तिर्की आदि है। फिल्म में एसपी के महत्वपूर्ण भूमिका में शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल अग्रवाल नजर आयेंगे। फिल्म के आर्ट डायरेक्टर संजीत प्रजापति व असिस्टेंट डायरेक्टर अभिषेक कुमार है।

# पांच साल से जमीन ऑनलाइन कराने को चक्कर लगा रहे हैं सेवानिवृत्तकर्मी

- सीओ से लेकर उपायुक्त के जनता दरबार में लगा चुके गुहार
- उपायुक्त के आदेश को नहीं मानते प्रखंड के राजस्व कर्मचारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नावा बाजार पलामू।** डिजिटल को बढ़ावा मिले, यह सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। पर इसमें आने वाली परेशानी ऐसी की इससे जुझनें वाला व्यक्ति यह कहने को विवश है। नावा बाजार प्रखंड के बसना निवासी विजय पांडेय का जमीन का ब्यौरा आनलाइन नही हो पा रहा है। विजय पांडेय की माने तो वर्ष 2017 में उन्होंने जमीन का आनलाइन कराने के लिए अंचल में आवेदन दिया था। इसके बाद से वह लगातार सीओ और कर्मचारी से अनुनय विनय कर रहे। लेकिन पांच साल में कभी सर्वर या नेट नहीं रहने का बहाना बनाकर विजय पांडेय को कर्मचारी श्रीकांत दास और अंचल के आपरेटर दौड़ा रहे हैं। विजय पांडेय की कहानी तो एक बानगी मात्र है नावा बाजार में ऐसे कई मामले है,जब आनलाइन के चक्कर में लोग परेशान है। ऐसे में लोगों का झुकाव आखिर डिजिटल के प्रति कैसै बढ़ेगा। कर्मचारियों के लापरवाही से आमजन तो परेशान हो ही रहे हैं इसके साथ ही सरकार के राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

### क्या है मामला

नावा बाजार अंचल के बसना के विजय पांडेय अपने जमीन का आनलाइन कराने के लिए 30/11/2017 को अंचल कार्यालय में आवेदन दिए थे। उसके बाद 27अगस्त 2019, 27 अगस्त 2021, नवम्बर 2021 को आवेदन दिए। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुआ। पुनः अगस्त 2022 में सीओ कार्यालय और उपायुक्त कार्यालय के जनता दरबार में भी अपने समस्या को लेकर उपायुक्त से गुहार लगाया लेकिन अभी तक विजय पांडेय के जमीन आनलाइन नहीं हुआ। विजय पांडेय ने बताया कि वे आफलाइन अपने जमीन का रसीद कटवा लिए है। 2015--16 के बाद जमीन का लगान कटवाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। सबसे बड़ी बात है कि सब जगह सिनियर सीटीजन को प्राथमिकता दी जाती है लेकिन नावाबाजार के अंचल कर्मियों को इससे कोई मतलब नही है।

### उंटारी रोड : शेखडीहा का है मृतक, हुई पहचान

**उंटारी रोड।** दुर्घटना में मृत व्यक्ति उंटारी रोड था क्षेत्र का शेखडीहा निवासी मोतीलाल विश्वकर्मा है। खबर सोशल मीडिया ग्रुप में चलने पर परिजन घटना स्थल पहुंचे। शव को पुलिस ने अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद भेज दिया है। फोटो : नावा बाजार नरेंद्र सिंह

# चैनपुर : स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव का धूमधाम से आगाज

- निकाली गयी भव्य कलश यात्रा
- जय श्री राम के नारों से गूंजा संपूर्ण वातावरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर सत्संगी चौक स्थित सिद्धपीठ मनोकामना हनुमान मंदिर का वार्षिक उत्सव सह स्थापना दिवस समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ आगाज किया गया। बीती रात्रि बसरिया से आए हुए राम भक्तों के द्वारा अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। गुरुवार की सुबह भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह शामिल हुए।





कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से श्रद्धालु अपने अपने माथा पर कलश रखकर कृष्णदाहा मंदिर प्रांगण स्थित नदी से जल उठाकर पुनः मंदिर में पहुंचे। श्रद्धालुओं की जोश व उनमें भक्ति का आनंद देखते बन रहा था। बनारस से पधारे विद्वान मारुति नंदन जी के नेतृत्व में 5 दिनों तक पूजन कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा, जिसमें भगवान को रुद्राभिषेक समेत सुंदरकांड पाठ, शांति पाठ एवं अन्य पूजन कार्यक्रम किया जायेगा। 23 जनवरी को हवन और विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

5 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में श्रद्धालु बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं ।वहीं कुछ जजमान भी बनाए गए हैं जो पूजा पाठ में शामिल होकर पूजा-पाठ को संपन्न कराएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्की पांडे, अजय पाण्डेय, अविनाश कुमार, चंदन कुमार, सत्यम कुमार, लल्लू प्रसाद चंद्रवंशी, अजय कुमार चंद्रवंशी, अमन कश्यप, शैलेंद्र कुमार, सत्यम कुमार, गौरव कश्यप, अमन मालाकार, अमित सोनी, सरवन सोनी, संतोष कुमार, दिनेश कुमार, महेंद्र अग्रवाल, शंभु प्रसाद, बाबू सिंह, रामअवतार कश्यप, प्रमोद कश्यप, रविंद्र प्रसाद, रविंद्र अग्रवाल, विनय कुमार, सहित मंदिर के पुजारी श्याम बिहारी मिश्रा, अमित पाठक समेत कई श्रद्धालु शामिल थे।

### भक्ति से मिलती है शक्ति : मनोज सिंह

नगर निगम मेदिनीनगर के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कहा कि भक्ति से शक्ति मिलती है। इसलिए समाज के सभी सक्षम लोगों को ऐसे आयोजन में जरूर भाग लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से इस वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की।

### कंबल वितरण से मिलेगी लोगों को राहत : नरेंद्र सिंह



**नावा बाजार। पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत कंडा के डीहवाल स्थान के पास में कण्डा पंचायत के मुखिया सह नावा बाजार मुखिया संघ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह और कण्डा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुनील मेहता ने गरीब, असहाय, जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल बांटे। मौके पर नरेंद्र सिंह ने कहा कि कुछ ऐसे लोग है जिनका कोई सहारा नहीं है, या आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्हें ठंड में भी बिना कंबल रात गुजरानी पड़ती है। उनके बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके। मौके पर प्रवेश सिंह, नीतीश चंद्रवंशी, गणेश गुप्ता, अमरेश सिंह के साथ कई लोग मौजूद थे।

### यदुवंश दुबे का व्यवहार अनुकरणीय : अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** वन विभाग के सेवानिवृत्त प्रधान लिपिक यदुवंश दुबे (70) के निधन पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ने गहरा दुख जताया है। विदित हो कि स्व दुबे प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अनुशासन समिति के संयोजक वीरेंद्र दुबे के पिता थे, जबकि उनके छोटे पुत्र नंदलाल दुबे अविनाश वर्मा के साथ क्षेत्रीय पार्टी की राजनीति में सक्रिय सदस्य हैं। अविनाश ने उनकी मृत्यु को परिवार जनों के साथ संपूर्ण क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। कहा कि यदुवंश काफी मृदुभाषी और मिलनसार व्यक्ति थे।

### बिजली चोरी के आरोप में तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**बिश्रामपुर (पलामू)।** विद्युत ऊर्जा चोरी व बकाया बिजली बिल वसूलने का अभियान विभाग द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। अभियान का नेतृत्व बिजली विभाग के कनीय अभियंता शिवम पांडेय ने खुद किया। गुरुवार के अभियान में तीन लोग विद्युत ऊर्जा चोरी करते पकड़े गए। जिनपर बिश्रामपुर थाना में ऊर्जा चोरी का प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जिन पर प्राथमिकी दर्ज हुई है उनमें कोशियर गांव के महमूद अंसारी,मायापुर के अकलू विश्वकर्मा और तोलरा के अभिमन्यु तिवारी का नाम शामिल है। शिवम पांडेय ने बताया कि विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### कोर्ट नोटिस

श्रीमान सब जज -IX
गया।
बटवारा वाद संख्या .......177/2019
यशवंत कुमार सिंह .......वादी
बनाम
विनोद कुमार एवं वगैरह......प्रतिवादी
नोटिश
प्रतिवादी संख्या 3 से 7
वजरिए नोटिश आपलोगों,
1. पूनम कुमारी, पुत्री-स्व. यदुनन्दन प्रसाद पत्नी - स्व उमेश कुमार निवासी-ग्राम लॉव, थाना - टेकारी जिला -गया।
2. रानी कुमारी पिता-स्व यदुनन्दन प्रसाद पत्नी-श्री लालमणी प्रसाद निवासी-ग्राम-तिलो, पो.- तिलो, थाना-मनातू जिला-पलामू राज्य-झारखंड।
3. मालती देवी पिता-स्व. यदुनन्दन प्रसाद पत्नी- श्री नरेश प्रसाद निवासी-ग्राम- खरसान थाना- गोविन्दपुर, जिला- नवादा (बिहार)।
4. अरूणा कुमारी पुत्री- स्व यदुनन्दन प्रसाद पत्नी-सतेंद्र प्रसाद निवासी - सगडीहा, पो.-सगडीहा थाना-रौशनगज, जिला- गया।
5. सावित्री देवी पुत्री-स्व यदुनन्दन प्रसाद पत्नी-स्व नरेंद्र देव विमल, निवासी-धनेश भवन कम्पाउंड, शाहमीर तक्या थाना-विष्णुपद, जिला-गया। को इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आग्रह किया जाता है कि उपर्युक्त बंटवारा वाद में आपलोगों के विरूद्ध वादी ने बंटवारा वाद दाखिल किया है। आपलोगों पर सम्मन की कार्यवाही नजारत ए. डाक के द्वारा की गयी है, परन्तु इसके बावजूद भी उक्त बंटवारा वाद में अभी तक उपस्थित नहीं हुए हैं। लिहाजा इस गजट प्रकाशन के द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक- 17.02.2023 को 10:30 बजे सुबह मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष लिखित एवं मौखिक मेरे न्यायालय में दाखिल करें अन्यथा बाध्य होकर आपलोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। आज दिनांक 24.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।
सब जज -IX
24.12.2022

## धान कुटवाने के दौरान पट्टे में फंसी शिवा बीघा की महिला, गयी जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड थाना क्षेत्र ग्राम शिवाबीघा में एक 45 वर्षीय महिला धान कुटवाने के दौरान मशीन की चपेट में आ गयी। जिससे उसकी मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिवाबीघा निवासी स्व लालमोहन पासवान की 47 वर्षीय पत्नी मालती देवी अपने घर ट्रैक्टर से धान कुटवा रही थी। इसी दौरान उसकि साड़ी मशीन की चपेट में आ गई। जिससे उसका एक हाथ कट कर शरीर से अलग हो गया और गभीर रूप से घायल हो गई। स्वजनों व ग्रामीणों ने तत्काल उसे हुसैनाबाद के अनुमंडलीय अस्पताल में लाया लेकिन खून का अधिक रिसाव एवं शरीर पूरी तरह से मशीन के चपेट से स्थिति गम्भीर थी।अस्पताल में आने के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मालती का अंत्यपरीक्षण कराकर शव उसके स्वजनों को सौंप दिया। इस इस घटना से शिवाबीघा गांव में मातम छा गया। घरवालों के रो रो कर बुरा हाल है। मृतक महिला विधवा थी उसके पति एक वर्ष पूर्व देहांत हो गये थे।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से एक की मौत

**मोहम्मदगंज, पलामू।** कोसियारा रेलवे स्टेशन के बीच कादलकुर्मी के पास रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान अप रेलवे ट्रैक में खंभा संख्या 342/27 के पास गुरुवार की शाम मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अज्ञात अधेड़ उम्र करीब 60 वर्षीय की मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर हुसैनाबाद अस्पताल भेज दिया है।इस सम्बंध में थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि मृत व्यक्ति की उम्र करीब 60 वर्षीय है। कहां का है, पता नही चल सका है।

## उपायुक्त को दिया पाटन प्रखंड में पथ मरम्मत कराने का निर्देश

- पाटन प्रमुख के ज्ञापन पर सांसद ने की पहल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन प्रमुख शोभा देवी पूर्व में सांसद बीडी राम को पाटन प्रखंड के पथ मरम्मति के लिए ज्ञापन सौंपा था। इस पर सांसद ने पहल करते हुए पलामू उपायुक्त को पाटन प्रखंड की जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने को कहा है। ज्ञापन में पीडब्लूडी रोड पाल्हे से वैदा कला चौक तक तीन किलोमीटर पथ मरम्मति, कुंदरी से वैदाकला चौक तक साढ़े तीन किमी पथ की मरम्मति, पाटन चौक से चिल्हो विषयपुर तक छह किमी पथ की मरम्मति, पीडब्लूडी पाटन से पंडवा तक पथ मरम्मति जिसकी लंबाई 14 किमी है। ग्राम बगैया से तीसीबार होते हुए चेतमा पीकेट तक 12 किमी पथ मरम्मति, दीपौवा हाई स्कूल से हरैया पुल तक चार किमी पथ निर्माण, पीएमजीएसवाई ब्रहमोरिया से पीडब्लूडी लोइंगा तक पथ निर्माण 12 किमी व पीडब्लूडी रोड नावा से अलखडीहा होते हुए महुलिया तक पथ का निर्माण शामिल है।

# विश्रामपुर में नवनिर्मित शिव पार्वती मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनुष्ठान महायज्ञ शुरू

- गाजे बाजे के साथ निकाली भव्य कलश शोभायात्रा, शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु
- हर हर महादेव से गूंजा विश्रामपुर, भक्तिमय हुआ क्षेत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर थाना परिसर में स्थित नव निर्मित शिव पार्वती मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित अनुष्ठान महायज्ञ गुरुवार से शुरू हो गया। प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ को लेकर आज भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ। जो छह किमी दूर रेहला कोयल नदी तट तक गया। जहां वैदिक मंत्रोचारणो के बीच कलश में जल भरा गया।



कलश यात्रा में शामिल भाजपा नेता ईश्वर सागर व अन्य।

कलश में जल लेकर श्रद्धालु वापस बिश्रामपुर आये। नगर भ्रमण के बाद श्रद्धालु यज्ञशाला पंहूचे जहां धार्मिक अनुष्ठान के साथ कलश को स्थापित किया गया। इस बीच हर हर महादेव से बिश्रामपुर गुंज्यामन रहा। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि यज्ञ लोगों में भक्ति की भावना की ओर मजबूत करता है। यज्ञ से वातावरण भी शुद्ध हो जाता है। वरीय समाजसेवी सह राजनीतिज्ञअभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि धर्म की रक्षा और अधर्मियों के नाश हेतु यज्ञ का आयोजन बेहद जरूरी है। सनातन धर्म में यज्ञ से बड़ा कोई अनुष्ठान नहीं है।

**ये भी थे मौजूद :** कलश शोभा यात्रा में बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, एएसआई अनिल सिंह, संजय सिंह, एस एन सिंह, यज्ञ समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, संरक्षक प्रेम शंकर दुबे, यज्ञ आयोजक अनंत कुमार सिंह, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, विजय कुमार रवि, विजय चौधरी, विजय पांडेय, अवधेश सोनी, राजद नेता नईमुद्दीन अंसारी, मनीष गुप्ता, गोपाल सोनी, राजेंद्र केशरी, सोनू दुबे, राजू बाजपेयी, राजेश मार्शल, उमा शंकर गुप्ता, चंदन गुप्ता, विनोद विश्वकर्मा, प्रवीन सिंह, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, राहुल दुबे, एस एम एसले, उमेश सोनी, राज कुमार मेहता, सत्यम सोनी, अमितेश्वर दयाल,पंडित अचियुतानंद पांडेय, अशोक दुबे, टुन्नू बक्सराय, हरिशंकर सिंह,संजय ठाकुर, आगम दास, अनिल ठाकुर, धर्मराज गुप्ता,चंदेश्वर चौधरी, कृष्णा मिश्रा, उमाकांत पांडेय, सलमुदीन अंसारी सहित हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

# पलामू में शोरूम का खुलना हर्ष का विषय : राजन सिन्हा

- एसएफ बैटरी के शोरूम का हुआ उद्घाटन, त्वरित सर्विसिंग भी उपलब्ध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय शाहपुर में स्वामी विवेकानंद चौक के निकट एसएफ बैटरी के एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन हुआ। शोरूम का उद्घाटन सेवानिवृत शिक्षिका किरण सिन्हा ने किया। मौके पर रूपेश कुमार ने बताया कि एसएस बैटरी एक्साइड कंपनी से निर्मित बैटरी है। आरके इंटरप्राइजेज का इस क्षेत्र में यह दूसरा प्रतिष्ठान है जहां अत्यंत कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता की बैटरी एवं इनवर्टर एक्सक्लूसिव शोरूम में उपलब्ध है। उद्घाटन के मौके पर प्रत्येक खरीद पर आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। रूपेश ने बताया कि यहां केवल बैटरी और इनवर्टर ही उपलब्ध नहीं है बल्कि शोरूम में कंपनी त्वरित सर्विसिंग की भी सुविधा दे रही है। मौके पर युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि इस प्रकार के शोरूम का मेदिनीनगर में खुलना हर्ष का विषय है तथा इससे नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर मनीषा श्रीवास्तव, शालिनी सिन्हा अनुपमा बक्सी, मुकेश



विश्वकर्मा, अमित रंजन, राजेश कुमार, कमलेश कुमार सिंह, कुमार कुणाल, अमरजीत, अनमोल, मनीष दीपक समेत अन्य कई शुभचिंतक उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## अवैध कब्जा वाले आवास कराये गए खाली

**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय बोकारो द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न सेक्टरों में अवैध कब्जा वाले आवास खाली कराए गए।सेक्टर वन बी में आवास नंबर 1421, 1426, 1675, 1755 टू बी के 2446, 3187 टू सी के 4111 एवं 12 एके 1209, 1305, 1308 12 सी के 3140, 3146, 3237ए, 2084 12 डी के 2153 व 12 ई के 3094 को खाली करने के साथ मजिस्ट्रेट दीपक कुजूर के नेतृत्व में अवैध कब्जाधारियों का सामान भी सम्पदा न्यायालय द्वारा जब्त कर लिया गया है।

## बोकारो डीसी को मिला एक्सीलेंस इन गवर्नेंस अवॉर्ड

**बोकारो।** इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप की ओर से आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह में गृह मंत्री अमित शाह ने बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी को सौर ऊर्जा आधारित लिफ्ट इरिगेशन इकाई स्थापित कर किसानों को स्वावलंबी बनाने हेतु पुनर्चक्रण ऊर्जा के बेहतरीन इस्तेमाल के लिए एक्सीलेंस इन गवर्नेंस अवार्ड देकर सम्मानित किया। देशभर के 19 अलग.अलग कैटेगरी में 29 राज्यों के 183 जिलों से 400 से अधिक प्राप्त आवेदनों में ऊर्जा कैटेगरी में श्री चौधरी को यह अवार्ड मिला।

## वेदांता स्टील युवा प्रतिभाओं को प्रदान कर रहा मंच

**बोकारो।** वेदांता. ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की युवा तीरंदाज यावना यादव ने विजयवाड़ा में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी टूनार्मेंट शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। अंडर.9 श्रेणी में भाग लेते हुए विभिन्न राज्यों की 141 महिला तीरंदाजों के बीच शीर्ष रैंक धारकों में शामिल यावना जिलाए अंतर.राज्यीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कांस्य से लेकर स्वर्ण तक जीता है।वेदांता.ईएसएल युवा प्रतिभाओं को उत्कृष्टता के अपने संबंधित क्षेत्रों में सीखनेए बढ़ने और जीतने के लिए एक जरूरी मंच प्रदान करता है और झारखंड राज्य का गौरव बढ़ाता है।

## स्क्रैप गोदाम में आग लगाने का आरोप

**बोकारो।** चास चंदनकियारी रोड स्थित हीरा लाल बिंद के स्क्रैप गोदाम में कुछ दिनों पूर्व लगी आग हेतु उन्होंने एसपी को पत्र लिखकर इसके लिए आपसी रंजिश के तहत चास निवासी आजाद बिंदए महेंद्र बिंदएमिट्ठू बिंदु और राजेश बिंद को जिम्मेवार बताया है। उन्होंने आरोपियों पर अस्वस्थ प्रतिद्वंदिता की मंशा से सुनियोजित तरीके से आग लगाने का आरोप लगाते हुए एसपी से उक्त आरोपियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए नुकसान का भुगतान कराने का निवेदन किया है।

## गंशाडीह में आठ हाइवा अवैध कोयला जब्त

**धनबाद।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गनशाडीह चार नंबर में सीआईएसएफ एवं केंदुआ थाना की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध कोयले भंडारण स्थल पर छापेमारी की गई। इसी दौरान भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद किया गया। बताते चले 8 हाईवा कोयले को जेसीबी लगाकर लोड कर सीआईएसएफ की टीम बीसीसीएल को सौंपा। धनबाद में कोयले का काला खेल लगातार धड़ले से चल रहा है। कोयला माफियाओं का मनोबल बढ़ता जा रहा।

## जेलगोरा में बनेगा सीएचसी

**झरिया/ जोडापोखर।** झारखंड सरकार के आदेश पर प्रबंध सह कार्यपालक अभियंता धनबाद की टीम द्वारा जेलगोड़ा स्टेडियम के पीछे ढाई एकड़ जमीन चिनिहत कर की मापी का कार्य शुरू किया गया उक्त स्थल पर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 10 करोड़ रुपये की लागत से 100 बेड का अस्पताल बनाया जाना तय है ।उक्त कार्य को एक वर्ष की अवधि में पूरा करने के लिए गौतम कंस्ट्रक्शन को जिम्मेवारी दी गई है। जमीन चिनिहत कर लिया गया जल्द ही अस्पताल का काम शुरू किया जाएगा एसडीओ रामपद हंसदा, विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, आफताब अंसारी आदि उपस्थित थे।

# दो दबंग घरानों के बीच जमकर चले बम, गोली, तलवार और पत्थरबाजी

**एक माह में दबंग घरानों के बीच यह दूसरा टकराव**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** पिछले एक माह के बीच दोनों दबंग घरानों के बीच खूनी संघर्ष की यह दूसरी बड़ी घटना है। दोनों घरानों का राजनीतिक व प्रभाव क्षेत्र झरिया ही है। बताया जा रहा है कि आज सुबह दोनों घरानों के समर्थक झरिया के भुईयांपट्टी में भीड़े। जमकर बम, गोली और तलवार व पत्थर चले। पुलिस ने घटनास्थल से पांच जिंदा बम, तलवार व खोखा बरामद किया है। गत विधान सभा चुनाव के दौरान धनंजय यादव भी अपने समर्थको साथ विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के साथ शामिल हो गये। वही चर्चा होता रहा कि धनंजय रघुकुल छोडकर सिंह मेंशन का दामन थाम लिया था। लेकिन मामले की पुष्टि नहीं हो सका।



**खूनी खेल की आशंका**

घटना के बाद से दोनों पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है। किसी भी समय बडा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार दोनों पक्ष एक दुसरे को मात देने के लिए अपना जाल बिछाने में जुटे हुए है। नाम नहीं छापने के शर्त पर स्थानीय एक व्यक्ति बताया कि घटना के बाद से अनजान व्यक्ति क्षेत्र में घुमते रहा है। केन्दुआ थाना क्षेत्र के क ई अपराधिक किस्म के लोग कतरासमोड क्षेत्र में घुमते देखा गया।

### हार के सदमा से दंगा- फसाद करा रहा विपक्षः डी पांडेय

झरिया कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रतिनिधि केडी पांडे ने कहा कि रागिनी सिंह विधानसभा चुनाव हारने से बौखलाई हुई है। और पूर्णिमा नीरज सिंह के ऊपर अनाप-शनाप आरोप लगा रही है के डी पांडे ने कहा कि यह घटना आपसी रंजिश का अदावत हो सकती है ।वही के डी पांडेय ने रामबाबू कांग्रेस के कार्यकर्ता होने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि विधायक पूर्णिमा द्वारा झरिया में किये जा रहे विकास कार्य व जनस समस्या समाधान से विपक्ष बौखलाकर दंगा कराने की जुगत में है। पुलिस अपने वरीय अधिकारी के इशारों पर काम करती है ना कि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की थाना प्रभारी का उच्च अधिकारी एसपी होता ना कि विधायक। रागिनी सिंह साबित करे की कांग्रेस के कौन लोग भाजपा में शामिल हुए है। अफवाह फ ?लाकर हंगामा खडा करने वाले लोगों को जनता हले ही जबाब दे चुकी है।

**भाजपा समर्थकों पर हमला : रागिनी सिंह**

भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के इशारे पर भाजपा समर्थकों पर हमला करवाया जा रहा हाल ही में श्रीनगर के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता रघुकुल का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थामा था . जिससे आक्रोशित रामबाबू सिंह इन लोगों को आए दिन धमकी देते रहते थे. भाजपा का झंडा जलाने का दवाब भी बनाता था नहीं मानने पर निरंजन तांती का हत्या करवा दिया . रागिनी पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया है उन्होंने कहा कि पुलिस विधायक के इशारे पर नाचती है इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी पुलिस के तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो समय रहते पुलिस अपराधी को गिरफ्तार नहीं करती है तो जरूरत पड़े तो झरिया थाना का घेराव भी करेगी।

**पांच बम, एक कारतूस जब्त**

झरिया थाना प्रभारी पंकज झा ने कहा कि 5 बम, एक बुलेट का छर्रा, घास काटने का सामान बरामद किया गया है। कहा की 5 लोगों के घायल होने की सूचना है। बाकी घायल हैं तो जानकारी ली जा रही है व पूछताछ की जा रही है। सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार ने कहा कि तत्काल घायलों का इलाज कराया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# सिजुआ के अस्तित्व को बचाने के लिए महापंचायत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिजुआ।** कोल बैरिंग एरिया में रह रहे रैयत एवं ग्रामीणों के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सिजुआ नागरिक समिति के बैनर तले एक महापंचायत का आयोजन से जुड़े स्टेडियम में किया गया। बताते चलें कि सिजुआ स्टेडियम में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सिजुआ क्षेत्र के अंतर्गत मोदीडीह कोलियरी के लीज होल्ड एरिया में निवास करने वाले आम नागरिकों का पानी बिजली प्रदूषण भू-धंसान तथा सिजुआ के अस्तित्व के सवाल पर आयोजित महापंचायत में हजारों की संख्या संख्या में ग्रामीण जूटे। वही महापंचायत को संबोधित करते हुए सिजुआ ग्रामीण समिति के संयोजक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि सिजुआ नगरी सैकड़ों वर्ष पूर्व से बसा हुआ है पुराने खान मालिकों ने इस नगरी को कोयले का उत्पादन के लिए बसाया था 1971 में कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण होने के बाद जब तक भूमिगत खदान चलती रही तब तक सारी परिस्थितियां सामान्य थी लेकिन जैसे ही उत्तखनन के लिए ओपन कास्ट प्रोजेक्ट शुरू हुई तब से बीसीसीएल यहां के नागरिकों को दूध से मक्खी की तरह निकाल कर बाहर कर देना चाहती है।




**महापंचायत में थे मौजूद**

महापंचायत में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 5 के महाप्रबंधक अनूप कुमार राय पुटकी अंचलाधिकारी शुभ्रा रानी, समाजसेवी विजय झा जोगता थाना प्रभारी दीपक कुमार झा, कांग्रेस नेता अशोक प्रकाश लाल झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा शंकर चौहान बीके सहाय सुरेश महतो मनोज महतो शकील अहमद भोलाराम सुखदेव विद्रोही सुरेंद्र सिंह मोहम्मद आजाद आदिनाथ झा विकास सिंह मुमताज कुरैशी के अलावा सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया।

## बच्चों को मिला बुनियादी चिकित्सा का प्रशिक्षण

**जोड़ापोखर।** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में बुनियादी चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण टाटा स्टील फाउंडेशन के तत्वाधान में टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में बुनियादी चिकित्सा सहायता पर गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। सबसे पहले विद्यालय के शिक्षक श्री डी.के.गुप्ता के द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। टाटा केंद्रीय अस्पताल जामाडोबा के चिकित्सक डॉ.राहुल ने भी एक -एक कर विस्तार पूर्वक बच्चों को लाइव सपोर्ट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।

## चैंबर के अध्यक्ष राजेश गुप्ता और सचिव राजीव झा, कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता बने

खबर मन्त्र संवाददाता

**केंदुआ।** छाताटांड केंदुआ बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव आज गुरुवार को कुल मतदाता 297 में से 292 वोट पड़े। जिला चैम्बर से चेतन गोयल, अजय नारायण लाल, जितेंद्र अग्रवाल केंदुआपुल चैम्बर से रंजीत मधेसिया, उपेन्द्र श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता के मौजूदगी में चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। इस चुनाव मे अध्यक्ष पद राजेश गुप्ता ,सचिव पद राजीव झा, कोषाध्यक्ष पद के लिए सौरभ गुप्ता निर्विरोध चुने गए।वही जिला चैम्बर के चेतन गोयल के द्वारा जीते प्रत्याशियों को फूलों का माला पहनाकर व जीत का प्रमाण पत्र देते हुय कहा कि केंदुआ बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स, स्वर्ण आभूषण व्यवसाई संघ एवं छाताटांड चेंबर ऑफ कॉमर्स इन संगठनों को एक साथ मिलाकर छाताटांड केंदुआ बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स का गठन किया गया।ओर सभी मिल जुल कर इस संगठन को बना कर अपनी एकता का परिचय दे और ब्यवसाई को एक साथ मिल कर काम करे ।चुनाव में मुख्य रूप से विजय अग्रवाल, अरुण कुमार पासवान, सुरेंद्र खंडेलवाल, बीरेंद्र कुमार चौरसिया उर्फ राजा एवं आशीष सिंघल ने दी।

## अलग-अलग कांड में 7 अपराधी गिरफ्तार, 4 जिंदा बम बरामद, पिकअप वैन व कार जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** गुरुवार को कतरास थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि कतरास थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग कांडों में 7 अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। जिनमें कांड संख्या33/23 दिनांक 19 जनवरी 2023 बम कांड में 3 अपराधियों दिलीप यादव उम्र 25 वर्ष पिता द्वारिका प्रसाद यादव,पता अकाश किनारी बस्ती जितेंद्र कुमार यादव उम्र19 पिता जीतु कुमार यादव पता अकाश किनारी बस्ती और शुभम यादव उम्र24 वर्ष पिता मंटु यादव पता सोनारडीह ओपी



को 4 जिंदा बम एवं फटे हुए बम का अवशेष के साथ गिरफ्तार किया है । बताते चलें कि दिलीप नीरज हत्याकांड में जेल की हवा भी खा चुका है। मार्बल व्यापारी से रंगदारी के लिए गोली चलाने संबंधित मामलों में आरोपी है।

वहीं दूसरे मामले में कतरास थाना कांड संख्या 34/ 23 दिनांक 19 जनवरी 2023 को खान खनिज अधिनियम एवं खनिज विक्रेता अधिनियम के तहत अपराधी विनोद यादव उम्र 45 वर्ष पिता राजदेव यादव जिला अरवल बिहार शिव कुमार यादव उम्र 20 वर्ष सीताराम कृति यादव जिला अरवल बिहार कल्लू यादव उम्र 24 वर्ष पिता स्वर्गीय गया यादव कैलुडीह छाताबाद थाना कतरास जिला धनबाद टुनटुन कुमार उम्र 26 वर्ष पिता स्वर्गीय प्रमोद यादव साकिब कैलुडीह थाना कतरास जिला धनबाद अवैध कोयला चोरी के मामले में टीम बनाकर गिरफ्तार किया गया ।

## गोमो: पीड़ित परिवार से मिले दीप नारायण सिंह, दिया आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमो।** जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पानापुर निवासी पशुपति सिंह के घर पहुंच कर आगजनी से हुई क्षति को देखा और संबंधित अधिकारियों से टेलीफोनिक संपर्क कर आगजनी से हुई क्षति को आकलन कर मुआवजा देने की बात कही। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि आगजनी की घटना दुखद घटना है। मैं जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द आगजनी से हुई क्षति का आकलन कर मुआवजा भुगतान की जाए। इस अवसर पर जदयू तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, विनय सिंह, संजय प्रसाद, बैजनाथ ठाकुर, दीपक कुमार महतो, अकरम अंसारी, शिव लाल हेम्ब्रम आदि उपस्थित रहे।

## घर का छज्जा गिरा ग्रामीण उग्र

**निचितपुर।** बौआ कला दक्षिण पंचायत के अंतर्गत धोबिकुल्ही में जग्गू रजक का घर का छज्जा गिर गया। पहले भी कई घरों में दरार पड़ चुका है ।जग्गू रजक के घर का छज्जा गिरने के बाद स्थानीय लोग उग्र हो गए और बौआ कला दक्षिण की मुखिया आरती देवी के साथ दर्जनों महिलाओं ने गोन्दुडीह खास कुसुण्डा कोलियरी पहुंचे और बीसीसीएल प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी की गई ग्रामीणों का माँग था कि मुआवजा के साथ सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किया जाए।

## डॉ अजय कुमार पर पत्थरबाजी के विरोध में किया पैदल मार्च

**धनबाद।** गुरुवार को धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव के नेतृत्व में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सेक्रेटरी त्रिपुरा इंचार्ज डॉ. अजय कुमार के ऊपर पत्थरबाजी के विरोध में पुराना कांग्रेस कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए रणधीर वर्मा चौक स्थित त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा का पुतला दहन किया गया।प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा की त्रिपुरा के एक मंत्री खुद खड़ा होकर जिस तरह से युवा कांग्रेस के साथियों एवं त्रिपुरा के प्रभारी डॉ. अजय कुमार के ऊपर कैराना रड और पत्थरबाजी कर मारा गया है हम सभी युवा कांग्रेस के साथी डॉ. अजय कुमार के साथ खड़े हैं जरूरत पड़ी तो हम सभी झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस वा धनबाद जिला युवा के साथी त्रिपुरा जाकर डॉक्टर अजय और कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे ।जिला युवा अध्यक्ष ने कहा की हमारे प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा जो आवाहन किया गया है।

# देवीपुर मेला में अंतिम दिन उमड़ा जन सैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया।** बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के गोमिया प्रखण्ड के अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायतके देवीपुर स्थित आस्था का केंद्र श्रीश्री माँ खेलाचंडी मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय मेला सह महोत्सव समापन हो गया। मेला समापन के अंतिम दिन गुरुवार को मेला में घूमने वाले लोगों का जनसैलाब उमड़ा।अनुमण्डल क्षेत्र के साथ.साथ आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोग मेला का भरपूर आनन्द लिया। इसके साथ ही यहां



विराजमान माँ खेलायचंडी के दर्शन के लिए भी भक्त पहुंचे। दोपहर से ही श्रद्धालुओं का यहां पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था। यहां माँ खेलायचंडी मन्दिर में पूजा अर्चना कर अपने सपरिवार एवं क्षेत्र की सुख.शांति समृद्धिएउन्नति की मंगलकामना की और मेले का आनंद उठाया। मेले में कई प्रकार की दुकानों को संचालित किया गया था। साथ ही कई प्रकार के झूलाए मौत का कुंआ एवं बच्चों के लिए खेल-तमाशा लगाया गया था। मुखिया पार्वती देवी एवं पंसस महेश रविदास ने मकरसंक्रांति पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह देवीपुर का ऐतिहासिक व सुप्रसिद्ध मेला है। मेला शांतिपूर्ण तरीके से समापन कराने पर उन्होंने मेला कमिटि पदाधिकारियो व सदस्यों तथा पुलिस प्रशासन को भी धन्यवाद दिया।

**मौके पर थे मौजूद**

मौके पर वार्ड सदस्य राजेश्वर सावएयोगेश्वर रविदासएसंतोषी देवीए बसन्ती देवीए रिना देवीए ठोकरी देवीएवार्ड पति छोटी यादवए राज कुमार रविदास, दीपक सावए विकास प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## कसमार पंचायत भवन में ऊर्जा मेला कल

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा कसमार प्रखंड में दिनाक 21 जनवरी 2023 को कसमार पंचायत भवन में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है इस ऊर्जा मेला का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन लोगो का बिजली बिल बकाया है वे वंहा जमा कर सकते है वंही विधुत संबधित नया कनेक्शन लेना हो उसका भी कार्य होगा। यह जानकारी बिजली विभाग तेनुघाट के कार्यपालक अभियंता समीर सोरेन ने दी।

एक नजर में

## 11 सूत्री मांगों को लेकर वार्ता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा राजद युवा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व मे 11सुत्री मांगो को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय मे कार्यपालक पदाधिकारी बिनोद कुमार से वार्ता की, वार्ता के बाद 11सुत्री मांगपत्र उन्हे दिया। मिश्रा ने कहा कि इन सभी मांगो पर विचार करते हुए 10दिनो के अंदर ट्रायल प्रारंभ की जाए अन्यथा बाध्य होकर नगर परिषद का घेराव करने को बाध्य होगी।मौके पर सुनिता सिह,उपेन्द्र यादव ,विक्रांत मिश्रा ,सुबोध साव ,सोनू खान ,मोहन यादव ,मो अब्दुल्ला ,सोया अख्तर ,औपेरा सिह ,सुनिल रजक आदि शामिल थे।

## हर्ल सिंदरी के मजदूर के पैर में लग रहा प्लेट्स

**सिन्दरी ।** हर्ल सिन्दरी खाद कारखाने में बुधवार की शाम हुई दुर्घटना में पश्चिम बंगाल निवासी ठेकाकर्मी 50 वर्षीय पारितोष बनर्जी के पैर में चिकित्सकों ने मल्टिपल फ्रैक्चर बताया है। उसके पैर में प्लेट्स लगाने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धनबाद स्थित एशियन जालान अस्पताल में इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि पारितोष का दाहिने पैर घायल है और खून के रिसाव को बंद कर लिया गया है। शरीर के कुछ हिस्सों में हल्की फुल्की चोटें आईं हैं। समाचार लिखे जाने तक श्रमिक के दाहिने पैर में प्लेट्स लगाने के लिए आपरेशन किया जा रहा था। बताते चलें कि बुधवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे यूरिया बैगिंग प्लांट में कन्वेयर बेल्ट में पैर फँसने से पारितोष बनर्जी घायल हो गए थे और उनके दाहिने पैर से लगातार खून का रिसाव हो रहा था। इसके कारण कार्यरत कर्मचारियों में भगदड़ मच गई थी। घायल श्रमिक पारितोष को हर्ल प्रबंधन ने आनन फानन में एशियन जालान अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया था। हर्ल सिन्दरी के सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने कहा कि घायल श्रमिक का बेहतर इलाज कराया जा रहा है।

## अवैध सुरंग को डोजरिंग करा बंद कराया

**बेरमो/फुसरो।** पेटरवार थाना क्षेत्र के अंगवाली के बंद खदान में हो रहे अवैध कोयला खनन को रोकने के लिए सीसीएल ढोरी द्वारा अंगवाली में बने अवैध सुरंगो को बंद कराया गयाण गुरुवार को पेटरवार पुलिस एवं सीआईएसएफ के साथ सीसीएल की सुरक्षा टीम ने



अंगवाली के बंद खदान एरिया में अवैध सुरंग के मुहाने को डोजरिंग कर बंद करायाण यहां सीसीएल ने जेसीबी मशीन लगाकर लगभग दर्जनो अवैध सुरंगो को बंद कियाण अभियान में शामिल सीसीएल के सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उइके ने कहा कि यहाँ प्रत्येक सुरंगो की गहराई एवं चौडाई 40 .50 मीटर की होगीण यहॉ अवैध रुप से कोयला खनन करने वाले लोग कई वर्षों से खनन कर रहे हैए जिससे सुरंगो की गहराई अधिक हो गयी हैण कहा कि समय समय पर यहाँ छापेमारी अभियान एवं सुरंगो को बंद करवाते आ रहे हैण इसके बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर कोयले की अवैध खनन करते रहते हैण उन्होंने कहा कि यह अभियान यहां आगे भी जारी रहेगाण इस दौरान अधिकारीयो ने टॉर्च व बत्ती लेकर अवैध सुरंगों के अंदर में जाकर मुआयना किया। मौके पर पेटरवार थाना के एएसआई विरेंद्र कुमार मंडलए सीआइएसएफ के एएसआई एमआर विरुआए कोशिक कुमारए मो मुख्तार आलमए एमएम मंडलए गौरव कुमारए वीआर रिंगाए सीआइएसएफ क्राइम के एसआई रवि कुमारए आरके सिंह मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### दो घरानों में ...

दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिन्हें रांची रिम्स भेजे जाने की तैयारी है। एक गुट के सूरज कुमार और रेखा देवी का कहना है कि दो दिन पहले ही उनलोगों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन था, जिसे लेकर कांग्रेस रामबाबू के लोगों ने मारपीट, बमबाजी और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया।

### 2024 तक योजना ...

14.12 लाख परिवारों को यह सुविधा दी : मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के गठन के पूर्व तक झारखंड में केवल 3.45 लाख (05%) घरों में नल से जल उपलब्ध हो पाया था। हमारी सरकार ने 3 वर्षों में 14.12 लाख परिवारों को हर घर नल से जल योजना से जोड़ा है। अब तक लगभग राज्य के 17.57 लाख (28.73%) ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया जा रहा है। राज्य के 630 गांव 105 ग्राम पंचायत तथा एक प्रखंड को शत-प्रतिशत हर घर नल से जल से जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग राज्य में जलवायु के अनुकूल जल के बुनियादी ढांचे को विकसित करने का प्रयास कर रही है इस संबंध में विभाग द्वारा कई योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

**अधिकारी कार्यशैली बदलें** : मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी वरीय अधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़े विभिन्न जिलों के उपायुक्तों को इस मिशन के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, अभी आप सभी ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री की बातें सुनी। उम्मीद करते हैं कि आप सभी इनके द्वारा प्वाइंट आउट किये गए मुद्दों पर हर हाल में सुधार लायेंगे। अपने काम में लापरवाही नहीं बरतें। इस परियोजना को हर हाल में पूरा करना है। केंद्र सरकार के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर मिशन मोड में कार्यों को पूरा करें। सीएम ने श्री शेखावत से सहयोग की अपेक्षा रखी।

**झारखंड को धन की कमी नहीं होने देंगे** : बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इन कार्यों के सुचारू संचालन के लिए झारखंड को धनराशि मिलती रहेगी। फंड की कोई कमी नही होने दी जायेगी। वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े विभिन्न जिलों के उपायुक्तों से कहा कि जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की कार्य योजनाओं में तेजी लायें। आपके प्रयास से दोनों कार्यक्रमों के मिशन को ससमय पूरा किया जा सकता है। शुद्ध जल एवं स्वच्छता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन से जुड़ा हुआ महत्वपूर्ण पहलू है। शुद्ध जल एवं स्वच्छता से लोग बीमारियों से बच रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक बचत भी हो रही है। सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करेंगे तो सफल होंगे। राज्य के वैसे गांव जहां जल स्रोत नहीं है या शुद्ध जल स्रोत पर्याप्त नहीं हैं, वहां इसका लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। जल जीवन सर्वेक्षण भी इस कार्य में मददगार साबित होगा। सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करायें। केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग राज्यों को प्रदान किया जा रहा है। ये दोनों योजनाएं आम जनता के लिए काफी फायदेमंद हैं।

### पलामू : टीएसपीसी से भिड़ंत ...

पुलिस ने सूचना पाते ही ध्वस्त कर दिया। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना थी कि यहां नक्सलियों का एक दस्ता ठहरा हुआ है। इसी सूचना पर सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस वहां रात में ही पहुंच गयी थी। गुरुवार के अहले सुबह में जब नक्सलियों ने छिप कर पुलिस पर कैंप से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने पहले आत्मसमर्पण करने को कहा। नक्सलियों की अंधाधुंध फायरिंग के बाद पुलिस को आत्मरक्षा जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। नक्सली अपना सामान छोड़कर भागने निकले। एसपी के अनुसार पुलिस ने एक ईयर गन,नक्सलियों द्वारा चलाए ने एके-47 राइफल का छह खोखा, एसएलआर का खोखा, मोबाइल, पावर बैंक, 12 कंबल, तिरपाल, खाना बनाने का बर्तन, डायरी समेत अन्य सामान बरामद की। अभियान में सीआरपीएफ अधिकारी दीपेंद्र कुमार, उप कमांडेंट कुमार अंशुमाली, सहायक कमांडेंट शशिकांत कुमार, मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ,एवं सीआरपीएफ के जवान तथा जिला बल के जवान शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## शर्लिन चोपड़ा मामले में गिरफ्तार हुईं राखी सावंत



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री राखी सावंत की मुश्किलें खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। अब राखी को एक और झटका लगा है। दरअसल 19 जनवरी को अंबोली पुलिस ने राखी सावंत को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा यह राखी के खिलाफ यह एक्शन अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा की शिकायत के बाद लिया गया है। दरअसल, राखी सावंत पर आरोप है कि उन्होंने कुछ समय पहले अभिनेत्री शर्लिन चोपड़ा का आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें वायरल कर दी थीं।

## आशीष की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट बताया कि उसने आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत याचिका का विरोध किया था। सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## मुंबई-गोवा राजमार्ग पर ट्रक-कार की टक्कर में नौ की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में मुंबई-गोवा राजमार्ग पर गुरुवार को ट्रक और कार की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना आज तड़के रायगढ़-रेपोली गांव के पास हुई। मरने वालों में पांच पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। दुर्घटना में एक चार वर्षीय बच्चा बच गया। पुलिस ने बताया कि दोनों वाहनों में आमने सामने की टक्कर हो गयी थी।

## एयर इंडिया मामले में आरोपी शंकर मिश्रा पर चार महीने का बैन

**नयी दिल्ली।** एअर इंडिया ने एक बुजुर्ग महिला सह-यात्री पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा पर चार महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एयरलाइन ने इस मामले पर एक आंतरिक रिपोर्ट भी दायर की है।

## सेंसेक्स 187 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार ने पिछले दो दिनों की बढ़त गंवा दी है। गुरुवार को सेंसेक्स 187.31 अंकों की गिरावट के साथ 60,858.43 अंकों पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 57.50 अंक टूटकर 18107 के लेवल पर बंद हुआ।

प्रधानमंत्री ने कर्नाटक को दी कई सौगात, बोले

# वोट बैंक की राजनीति नहीं विकास पर है हमारा ध्यान

एजेंसी

**यादगीर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र की अपनी सरकार की प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए गुरुवार को कहा कि उसका ध्यान केवल विकास पर है न कि वोट बैंक की राजनीति पर। मोदी ने यहां कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कहा, 'अगर देश का एक जिला भी विकास के मानकों पर पिछड़ जाता है, तो देश विकसित नहीं हो सकता।' उत्तर कर्नाटक में यादगीर का उदाहरण देते हुए पीएम ने विकास की राह में इस क्षेत्र के पिछड़ेपन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में क्षमता थी, लेकिन पिछली सरकारों ने यादगीर और ऐसे अन्य जिलों को पिछड़ा घोषित करके खुद को दोषमुक्त कर लिया था। उन्होंने उस समय को याद किया जब पुरानी सरकारें वोट बैंक की राजनीति में लिप्त थीं और बिजली, सड़क और पानी जैसे बुनियादी ढांचे पर ध्यान नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर सबसे पिछड़े क्षेत्रों पर ध्यान दिया और यादगीर सहित सौ आकांक्षी गांवों के अभियान की शुरूआत की। मोदी ने याद दिलाया कि आने वाले 25 साल देश के लिए और हर राज्य के लिए 'अमृत काल' हैं। उन्होंने कहा, 'हमें इस अमृत काल में विकसित भारत बनाना है।



### 71 हजार युवाओं को पीएम सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री मोदी 20 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले के अंतर्गत 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस मौके पर नौकरी पाने वाले युवाओं को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि रोजगार सृजन को मुख्य प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान के तहत 10 लाख युवाओं को केंद्र सरकार की तरफ से सरकारी नौकरी दी जायेगी।

### मुंबई : दुनिया को भारत के बड़े-बड़े संकल्पों पर भरोसा

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में लगभग 38,800 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई मेट्रो लाइन 2ए और 7 का उद्घाटन किया, इसमें अंधेरी से दहिसर तक फैला 35 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल है। पीएम मोदी ने कहा कि ये भी आजाद भारत के इतिहास में पहली बार हो रहा है जब दुनिया को भी भारत के बड़े-बड़े संकल्पों पर भरोसा है। भारत को लेकर दुनिया में इतनी सकारात्मकता इसलिए है क्योंकि आज सभी को लगता है कि भारत अपने सामर्थ्य का बहुत ही उत्तम तरीके से सदुपयोग कर रहा है। आज भारत अभूतपूर्व आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

## बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री को सरकार ने बताया दुष्प्रचार का हिस्सा

**नयी दिल्ली।** हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी द्वारा रिलीज डॉक्यूमेंट्री को लेकर विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है कि हमें लगता है कि यह एक प्रोपोगेंडा का हिस्सा है। इसकी कोई वस्तुनिष्ठता नहीं है। उन्होंने इसे पक्षपातपूर्ण बताते हुए कहा कि 'ध्यान दें कि इसे भारत में प्रदर्शित नहीं किया गया है।' पीएम नरेंद्र मोदी पर बीबीसी द्वारा रिलीज की गई डॉक्यूमेंट्री पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हमें लगता है कि यह एक प्रचार सामग्री है, जिसे एक विशेष बदनाम कहानी को आगे बढ़ाने के लिए बनाया गया है। इसमें पूर्वाग्रह, निष्पक्षता की कमी और औपनिवेशिक मानसिकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म या डॉक्यूमेंट्री उस एजेंसी और व्यक्तियों का एक प्रतिबिंब है जो इस कहानी को फिर से फैला रहे हैं। यह हमें इस कवायद के उद्देश्य और इसके पीछे के एजेंडे के बारे में सोचने पर मजबूर करता है। इस दौरान बागची ने भारत पर पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ की हालिया टिप्पणी पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हमने कहा है कि हम हमेशा पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी जैसा संबंध चाहते हैं।

# ब्रिटिश संसद में पीएम मोदी के समर्थन में उतरे सुनक, पाक मूल के सांसद को दिया जवाब



एजेंसी

**लंदन।** गुजरात दंगों पर आई बीबीसी की डॉक्युमेंट्री का विवाद अब ब्रिटिश संसद तक पहुंच गया है। पाकिस्तान मूल के सांसद इमरान हुसैन ने संसद में इसका मुद्दा उठाया, जिसके बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने समकक्ष नरेंद्र मोदी का बचाव किया। उन्होंने कहा कि वह अपने भारतीय समकक्ष के चरित्र चित्रण से सहमत नहीं हैं।

सुनक ने डॉक्यूमेंट्री पर हुसैन के सवाल का जवाब का करारा जबाव दिया। उन्होंने कहा कि इस पर यूके सरकार की स्थिति स्पष्ट और लंबे समय से चली आ रही है और बदली नहीं है। सुनक ने कहा, 'निश्चित रूप से हम उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करते हैं, चाहे यह कहीं भी हो, लेकिन मैं उस चरित्र-चित्रण से बिल्कुल सहमत नहीं हूं, जो नरेंद्र मोदी को लेकर सामने रखा गया है।'

### भड़के ब्रिटिश सांसद

ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड के सदस्य लॉर्ड रामी रेंजर ने अपने ट्वीट में बीबीसी को निशाने पर लिया। दरअसल, बीबीसी ने अपनी नयी सीरीज में मोदी पर हमला बोला है। जिसके बाद ब्रिटिश सांसद लॉर्ड रामी रेंजर ने बीबीसी पर पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग करने का आरोप लगाया और भारत के करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत करने के लिए बीबीसी की आलोचना भी की। लॉर्ड रामी रेंजर ने अपने ट्वीट में लिखा कि 'बीबीसी न्यूज, आपने भारत के करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत किया है और लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित भारत के प्रधानमंत्री, भारतीय पुलिस और भारतीय न्यायपालिका की भी बेइज्जती की है। हम दंगों और लोगों की मौत की निंदा करते हैं लेकिन हम आपकी पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग की भी निंदा करते हैं।'

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा क्या 29 सप्ताह का गर्भ गिराना सुरक्षित!

**नयी दिल्ली।** 20 वर्षीय अविवाहित बीटेक छात्रा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एम्स डॉक्टरों की टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा है कि क्या 29 सप्ताह बाद सुरक्षित तरह से गर्भ गिराया जा सकता है। कोर्ट ने एम्स निदेशक को 20 जनवरी को डॉक्टरों की टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं और महिला का चिकित्सकीय परीक्षण कर रिपोर्ट जमा करने को कहा है। बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल गर्भपात मामले में बड़ा फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि महिला चाहें विवाहित हो या अविवाहित सभी को गर्भपात का अधिकार है।

# अगले पांच दिनों तक उत्तर भारत में शीतलहर से राहत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में था। गनीमत है कि उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में गुरुवार को लोगों को शीतलहर से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी कि अगले पांच दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना नहीं है।

**उत्तर भारत में शीतलहर की कोई स्थिति नहीं :** विभाग के अनुसार गुरुवार को दक्षिण हरियाणा, पूर्वी राजस्थान, उत्तर मध्य प्रदेश और बिहार के कुछ इलाकों में शीतलहर का प्रकोप बना रहा। उत्तर मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों और हरियाणा और पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। आइएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर भारत में शीत लहर की कोई स्थिति नहीं है।

**पहाड़ी इलाकों पर हो सकती है बर्फबारी :** आइएमडी ने जानकारी दी कि एक और सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 20 जनवरी से 26 जनवरी की रात तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और 23 जनवरी से 25 जनवरी तक उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों को प्रभावित करेगी।

## दिल्ली: स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को कार से घसीटने की घटना सामने आई है। पुलिस ने बताया कि बुधवार देर रात उनको एक कार चालक ने 10-15 मीटर तक घसीटा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान हरीश चंद्र के रूप में हुई है। साथ आरोपी की कार भी सीज कर दी गई है। स्वाति ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि कल देर रात मैं दिल्ली में महिला सुरक्षा के हालात परख रही थी। एक गाड़ी वाले ने नशे की हालत में मुझसे छेड़छाड़ की और जब मैंने उसे पकड़ा तो गाड़ी के शीशे में मेरा हाथ बंद कर मुझे घसीटा। भगवान ने जान बचाई।

# पहलवान बोले, अध्यक्ष के इस्तीफे तक जारी रहेगा धरना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बुधवार को भारतीय कुश्ती में अचानक तूफान खड़ा हुआ। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया समेत करीब 30 पहलवान भारतीय कुश्ती संघ के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठ गए। संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कई कोच के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगे। इसके बाद दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर इस मामले को लेकर पहलवानों से मिलेंगे।

इस बीच पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा, 'अगर शुक्रवार तक फेडरेशन को बर्खास्त नहीं किया जाता है तो हम कुश्ती संघ के अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएंगे। साथ ही जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता है तब तक धरने पर बैठे रहेंगे।'



### जो उचित कार्रवाई होगी वो करेंगे : अनुराग ठाकुर

दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरना दे रहे भारतीय पहलवानों पर खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने खेलों में बहुत काम किया है। खेल के हित में सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने बृजभूषण सिंह पर लगे आरोपों पर कहा कि जो भी उचित कार्रवाई होगी, की जाएगी। खेल हित में और खिलाड़ियों के हित में फैसला लेंगे। मैं दिल्ली जा रहा हूं। खिलाड़ियों से बात करूंगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने कुश्ती संघ से जवाब मांगा है। ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के आरोप काफी गंभीर हैं।

# दीदी... आपने बंगाल की क्या हालत बना दी : नड्डा

एजेंसी

**कोलकाता।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह मनरेगा और पीएम आवास योजना के लिए निर्धारित रकम में हेराफेरी कर रही है। उन्होंने उन अरोपों को आधारहीन करार दिया जिनमें कहा गया है कि केंद्र सरकार ने बंगाल को अनुदान राशि देना बंद कर दिया है। बंगाल दौरे पर पहुंचे नड्डा ने तृणमूल प्रमुख को सुझाव दिया कि वह संविधान के नियमों के अनुरूप काम करें या फिर जनता के आक्रोश का सामना करें। कुछ निर्णयों के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायीलय में वकीलों के



आंदोलन का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा, यह शर्मनाक है कि टीएमसी न्यायपालिका का विरोध कर रही है क्योंकि कुछ निर्णय उसके पक्ष में नहीं हुए। मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में एक वित्त वर्ष में 100 दिनों के रोजगार का प्रावधान है लेकिन यहां पर भी हालात बदतर है। उन्होंने ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए कहा कि दीदी आपने बंगाल की क्या हालत बना दीं।

## गूगल को एक हफ्ते में जमा करना होगा जुर्माना

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के जुमार्ने के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी गूगल को बड़ा झटका मिला है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल के गूगल द्वारा 10 फीसदी जुमार्ना जमा करने के अंतरिम आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने गूगल की याचिका को ट्रिब्यूनल को वापस भेज दिया और 31 मार्च तक मामले का फैसला करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को गूगल की 1,337 करोड़ रुपये के जुमार्ने के खिलाफ दायर की गई याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीएलएटी के आदेश का पालन करने के लिए गूगल इंडिया को एक सप्ताह का समय दिया है।

# गिलगिट बाल्टिस्तान के भारत में विलय की उठी मांग



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** गिलगिट बाल्टिस्तान में उठी विद्रोह की आवाज पाकिस्तान के लिए चिंता का कारण बन गई है। प्रदर्शनकारी इस क्षेत्र का भारत के साथ एकीकरण (विलय) की मांग कर रहे हैं। जबकि पाकिस्तान की मुख्यधारा की न्यूज मीडिया ने गिलगिट बाल्टिस्तान में होने वाले इस तरह के प्रदर्शनों की उपेक्षा की है। प्रदर्शनकारियों ने इंटरनेट मीडिया पर कई वीडियो पोस्ट किए हैं, जिनमें पाकिस्तान सरकार और सेना के विरुद्ध लोगों को नारे लगाते जाते देखा जा सकता है। प्रदर्शनकारी अपने क्षेत्र को कारगिल के साथ जोड़ने की मांग कर रहे हैं, जो भारत के लद्दाख क्षेत्र में आता है।

# निया शर्मा ने उल्टे होकर किया नमस्कार

टीवी की दुनिया की ग्लैमरस क्वीन निया शर्मा हमेशा किसी ना किसी वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। कभी उनके फोटो, कभी वीडियो तो कभी उनका खास एक्ट इंटरनेट की सुर्खियां बन जाता है। अब एक बार फिर निया का एक अंदाज लोगों को भा गया है। निया का एक बैलेंसिंग वीडियो ना सिर्फ उनके फैंस को बल्कि कई सेलेब्स को भी इंस्पायर कर रहा है। निया शर्मा ने अपने सोशल अकाउंट पर यह वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वे उल्टे होकर बैलेंस करती दिख रही हैं। साथ ही पैरों से 'नमस्कार' की मुद्रा बनाती दिख रही हैं। सिर के बल हाथों पर इतनी देर तक बैलेंस बनाना आसान नहीं है। यही कारण है कि उनका यह वीडियो सभी के बीच टॉकिंग पॉइंट बन गया है। निया का यह बैलेंस देखकर टीवी की दुनिया के उनके फ्रेंड्स भी वाहवाही करते नहीं थक रहे हैं। निया ने सोमवार को यह वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था। इसके बाद से इस वीडियो को 24 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं। फैंस सरप्राइज और हार्ट इमोजी के साथ उनके इस एक्ट की तारीफ कर रहे हैं।



## स्पोर्ट्स

# भारत ने वेल्स को 4-2 से हराया, क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड से मैच

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** भारत ने अपने आखिरी लीग मैच में वेल्स को 4-2 से हरा दिया। टीम इंडिया इस जीत के साथ दूसरे स्थान पर रही। शीर्ष पर काबिज इंग्लैंड के बराबर उसके सात अंक हैं, लेकिन गोल अंतर में टीम इंडिया पीछे रह गई। इंग्लैंड ने भारत के मुकाबले ज्यादा गोल किए। टीम इंडिया सीधे क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंच पाई। वह अंतिम-8 में जगह बनाने के लिए क्रॉसओवर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 22 अगस्त को शाम 7:00 बजे से खेलेगी। भारतीय टीम के लिए मैच में शमशेर सिंह ने पहला गोल 21वें मिनट में किया।

उन्होंने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। शमशेर के बाद आकाशदीप ने लगातार दो गोल किए। आकाशदीप ने दोनों फील्ड गोल किए। उन्होंने 32वें और 45वें मिनट में गेंद को गोलपोस्ट में डाला। मैच के चौथे क्वार्टर में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल किया। इस विश्व कप में उनका पहला गोल है। आकाशदीप को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



### नीदरलैंड ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, चिली को 14-0 से हराया

हॉकी विश्व कप में गुरुवार को नीदरलैंड, इंग्लैंड और मलयेशिया ने अपने-अपने मैचों में जीत हासिल की। नीदरलैंड ने पूल सी में चिली को 14-0 से रौंद दिया। वहीं, इंग्लैंड ने पूल डी में स्पेन को 4-0 से परास्त किया। पूल सी में धमाकेदार जीत हासिल करने के बाद नीदरलैंड की टीम सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। नीदरलैंड ने चिली को 14-0 से हराकर विश्व कप इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल की। उसने ऑस्ट्रेलिया के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। कंगारू टीम ने 2010 में नई दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 12-0 से जीत हासिल की थी।

### रोमांचक मुकाबले में मलेशिया की जीत

मलेशिया ने फैजल सारी के निर्णायक गोल की बदौलत गुरुवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक पूल-सी मुकाबले में न्यूजीलैंड को 3-2 से मात दी। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में मलेशिया के लिये फैजल सारी (आठवां, 56वां मिनट) ने दो जबकि राजी रहीम (42वां मिनट) ने एक गोल किया।

## स्पोर्ट्स

### आस्ट्रेलियाई ओपन : जोकोविच तीसरे दौर में



**मेलबर्न।** दसवीं बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब अपने नाम करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट में उतरे सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने गुरूवार को फ्रांस के एंजो कॉकौड को दिलचस्प मुकाबले में 3-1 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। रॉड लेवर एरिना में तीन घंटे चार मिनट तक चले मुकाबले में जोकोविच ने बाएं पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट के बावजूद कॉकौड को 6-1, 6-7, 6-2, 6-0 से मात दी।

### साइना नेहवाल की हार के साथ इंडिया ओपन में खत्म हुआ भारत का सफर

नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट साईना नेहवाल को चीन की चेन यू फेई के हाथों मिली हार के साथ गुरुवार को इंडिया ओपन 2023 में मेजबान भारत का सफर समाप्त हो गया। इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव हॉल में सिर्फ 32 मिनट चले मुकाबले में चेन ने साईना को 21-9, 21-12 से मात दी। दूसरी ओर, भारत के स्टार शटलर और विश्व चैंपियनशिप मेडलिस्ट लक्ष्य सेन दूसरे दौर में डेनमार्क के रासमस गेमके से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!